धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

सुप्रभात

रांची, रविवार

12.01.2025

* * नगर संस्करण। पेज : 12

# खबर मन्त्र

khabarmantralive.com

रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 182



12 विकसित भारत यात्रा के साथ जुड़ें युवा : राजनाथ

## न्यूज डायरी

### अलकायदा आतंकी से स्पेशल सेल की पूछताछ

**रांची।** लोहरदगा से पकड़े गये अलकायदा मॉड्यूल के संदिग्ध आतंकी शाहबाज अंसारी से दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल पूछताछ कर रही है। शनिवार को तीन दिनों के ट्रांजिट रिमांड पर ले कर दिल्ली पुलिस शाहबाज को अपने ले गयी। इससे पहले कड़ी सुरक्षा के बीच उसे लोहरदगा कोर्ट में पेश किया गया। शुक्रवार को शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया था। वह रांची के चान्हो थाना क्षेत्र का रहने वाला है। लोहरदगा में अपने रिश्तेदार के यहां छिपा था।

### दिल्ली को आप-दा मुक्त करने का समय : शाह

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दिल्ली विस चुनाव को ले कर शनिवार को झुग्गी बस्ती प्रधान सम्मेलन को संबोधित किया। श्री शाह ने आम आदमी पार्टी (आप) पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने आमलोगों से कहा कि दिल्ली को आप-दा से मुक्त कराने का समय आ गया है।

### राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ की पूजा-अर्चना

**देवघर।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

## पिता शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बोले पुत्र सीएम हेमंत

# गुरुजी का ओहदा हर सम्मान से ऊपर

**आदिवासियों, गरीबों, पिछड़ों के वह असली रत्न हैं**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो पूर्व सीएम दिशोमगुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन मनाया गया। उनका जन्मदिन मनाने शनिवार सुबह से ही उनके मोरहाबादी स्थित सरकारी आवास पर आम और खास लोगों का तांता लगा रहा। इस मौके पर हेमंत सोरेन, कल्पना सोरेन, बसंत सोरेन समेत तमाम समर्थकों ने 81 पाउंड का केक काट कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। सभी ने गुरुजी का पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, रघुवर दास, बाबूलाल मरांडी. चंपई सोरेन समेत तमाम नेताओं ने बधाई दी और गुरुजी की लंबी उम्र की कामना की। लोगों को संबोधित करते हुए हेमंत सोरेन ने कहा, आज का दिन राज्य के लिए महत्वपूर्ण है। राज्य के आंदोलनकारी आदरणीय दिशोम गुरु शिबू सोरेन का आज जन्म दिवस है। आज वह 82 वर्ष के पड़ाव में कदम रख रहे हैं। वह किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। हम लोग उनके सिपाही हैं। उनका कद देश के हर सम्मान से कहीं उंचा है।



### सीएम की मौजूदगी में कटा केक

सीएम हेमंत सोरेन की मौजूदगी में शिबू सोरेन ने केट काटा। मौके पर विधायक बसंत सोरेन, विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री इरफान अंसारी, मंत्री हफीजुल हसन, कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य, विनोद पांडेय, मनोज पांडेय, मिथिलेश ठाकुर, सांसद महुआ माजी समेत बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।

### तमाम नेताओं ने दी शुभकामना

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि हमारे लिए आदरणीय शिबू सोरेन जी का नाम ही काफी है। गरीब, आदिवासी, दलित-पिछड़ों के लिए एक बहुत बड़े रत्न हैं। संघर्षशील लोगों को लेकर नीति निर्धारक क्या मानते हैं, नहीं मानते हैं या उनका विषय है। हमें पता है कि हमारे झारखंडवासी, आदिवासी-मूलवासी जो सम्मान उनके प्रति रखते हैं, वह किसी से छुपा हुआ नहीं है। इसलिए देश के जो पदक हैं उनसे कहीं ऊपर का ओहदा आदरणीय दिशोम गुरु रखते हैं। मीडियाकर्मियों ने सीएम से पूछा था कि, क्या दिशोम गुरु शिबू सोरेन को भारत रत्न नहीं मिलना चाहिए।



# बंटे रहेंगे तो हमें अंजाम भुगतना ही होगा

**प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर सीएम योगी ने रामलला की आरती उतारी, कहा**

**अयोध्या।** रामलला प्राण-प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ के अवसर पर वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह उत्सव 13 जनवरी तक चलेगा। रामलला का दरबार फूलों से सजाया गया है। प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के मौक पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने भगवान रामलला की उतारी आरती, चरणों में शीश नवाया। कहा, हम चाकर रघुवीर के... जय श्री राम। योगी ने कहा, किन कारणों से हमारे पूज्य आराध्य अपमानित हो रहे थे। अगर हम बंटे रहेंगे तो इस बहन-बेटियों व धर्मस्थलों को अपमानजनक स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। रामलला का दूध, दही, घी, शहद, शक्कर से अभिषेक किया। सोने और चांदी के तारों से बुने गये वस्त्र पहनाये गये।

**महान धरोहर : मोदी-** इस मौके पर पीएम मोदी ने समस्त देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, सदियों के त्याग, तपस्या और संघर्ष से बना यह मंदिर हमारी संस्कृति और अध्यात्म की महान धरोहर है। पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि यह दिव्य-भव्य राम मंदिर विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में एक बड़ी प्रेरणा बनेगा।

# अपराधी राहुल तुरी को पुलिस ने मार गिराया

**संतोष सिंह की हत्या का था आरोपी, एक साथी गिरफ्तार**

**कुजू में एनकाउंटर**

➲ कई जिलों में आतंक का पर्याय था राहुल तुरी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़/कुजू।** रामगढ़ और हजारीबाग जिले में आतंक का पर्याय बन चुके टीपीसी उग्रवादी संगठन के पूर्व सदस्य राहुल तूरी उर्फ आकाश को पुलिसने शनिवार दोपहर कुजू ओपी मुरपा मनरेगा पार्क के पास मुठभेड़ में मार गिराया। वहीं उसके एक साथी आकाश करमाली को पुलिस ने धर दबोचा। चरही थाना प्रभारी गौतम कुमार और मुकेश कुमार ने यह एनकाउंटर किया है। घटना के बाद रामगढ़ एसपी, हजारीबाग एसपी, हेडक्वॉर्टर डीएसपी, एसडीपीओ के साथ-साथ कई थानों के प्रभारी के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गये। एफएसएल की टीम भी मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल कर रही है। पिछले दिनों राहुल तुरी ने विस्थापित नेता संतोष सिंह की हत्या कर दी थी।

### रांची पुलिस का भी मोस्ट वांडेड था

राहुल तुरी रांची पुलिस का भी वांटेड था। उग्रवादी संगठन टीएसपीसी से अलग होकर राहुल ने आलोक गिरोह नाम का संगठन खड़ा कर लिया था। उसने रांची के बुढ़मू और खलारी इलाके में आगजनी और गोलीबारी की कई वारदातों को अंजाम दिया था।

### अपराधियों पर होगी कड़ी कार्रवाई : संजीव



हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस कि संयुक्त कार्रवाई के दौरान इनकाउंटर में शनिवार को कुजू ओपी के मुरपा में कुख्यात अपराधी राहुल तुरी मारा गया। उत्तरी छोटानागपुर पुलिस उप महानिरीक्षक संजीव कुमार ने कहा कि पुलिस अपराधियों पर नकेल कसने के लिए कड़ी कार्रवाई करेगी। पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा की अपराधी तत्वों की समाप्ति के लिए हम कृतसंकल्प है और पुलिस लगातार इस दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा की व्यवसायी बेहतर माहौल में कार्य कर सकें, ठेकेदारों को किसी प्रकार का भय हो हो, आम लोग बिना किसी भय के अपने दैनिक कार्य कर सकें हम ऐसा माहौल बनाने में जुटे हैं। आम लोगों को भयमुक्त माहौल उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य कर रहे है। इसलिए आपराधिक तत्वों की समाप्ति आवश्यक है।



झारखंड में पहली बार आयोजित राज्य स्तरीय दंत सम्मेलन में बोले मंत्री

# राज्य की जनता को जल्द मिलेगा रिम्स-2 का उपहार : स्वास्थ्य मंत्री

## मुख्यमंत्री का सपना होगा साकार, स्वास्थ्य व्यवस्था में होंगे ऐतिहासिक बदलाव




खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पहली बार झासा दंत संवर्ग की ओर से शनिवार को राज्य स्तरीय एक दिवसीय दंत सम्मेलन का आयोजन आईएमए हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल थे। वहीं, विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सीके शाही उपस्थित थे। सम्मेलन में राज्यभर के सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों से करीब 150 दंत चिकित्सा पदाधिकारी एवं 20 डेंटल हाइजेनिस्ट्स ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में आदिवासी लोकनृत्य और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ माननीय मंत्री का भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का सपना जल्द ही साकार होगा और राज्य की जनता को रिम्स-2 का उपहार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि फरवरी के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। डॉ. अंसारी ने कहा कि वे स्वयं एक डॉक्टर हैं और अब मंत्री के रूप में कार्य कर रहे हैं। इसलिए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए उन्हें डॉक्टरों का पूरा सहयोग और समर्थन चाहिए।

मंत्री ने कहा कि हम झारखंड के हर नागरिक तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दंत चिकित्सकों की भूमिका अहम है और उनकी सभी मांगों को प्राथमिकता दी जायेगी। सम्मेलन का समापन धन्यवाद ज्ञापन और भविष्य में विभागीय स्तर पर ऐसे आयोजनों के संकल्प के साथ हुआ। सभी प्रतिभागियों ने डॉ. अंसारी के नेतृत्व की सराहना की। इससे पूर्व झासा दंत संवर्ग ने 12 सूत्री मांग पत्र मंत्री एवं निदेशक प्रमुख को सौंपा। मंत्री ने सभी मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया।

### सम्मेलन की मुख्य घोषणाएं

**डेंटल सेवाओं का उन्नयन:** सभी सरकारी डेंटल सेटअप को आधुनिक उपकरणों और सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा।

**डॉक्टरों की सुरक्षा:** ड्यूटी पर डॉक्टरों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। मंत्री ने कहा कि डॉ. इरफान अंसारी डॉक्टरों की सुरक्षा पर खतरा कभी होने नहीं देगा।

**एनएचएम डेंटल सर्जनों का वेतन वृद्धि:** एनएचएम के तहत कार्यरत डेंटल सर्जनों का वेतन बढ़ाया जाएगा।

**आयुष्मान भारत योजना में डेंटल सेवाएं:** डेंटल प्रक्रियाओं को आयुष्मान भारत योजना में शामिल किया जाएगा।

**नई भर्तियां और कैडर सृजन:** डीएसीपी प्रावधान, एमडीएस विशेषज्ञ कैडर और डेंटल स्टाफ की नई भर्तियां की जाएंगी।

**1,000 नए पीएचसीएस की स्थापना:** इनमें डेंटल सेवाएं भी उपलब्ध होंगी।

# अफीम की खेती करने वालों पर एफआईआर दर्ज करें : डीजीपी

कार्रवाई का आदेश



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ बीते दिनों हुई समीक्षा बैठक में यह बात सामने आयी कि राज्य के कई जिलों में अफीम की खेती को नष्ट करने को लेकर चलाये जा रहे अभियान में पुलिस द्वारा अफीम की खेती को तो नष्ट कर दिया जा रहा है, इसके बावजूद खेती करने वालों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। पुलिस की इस तरह की कार्रवाई पर डीजीपी एवं गृह सचिव ने अधिकारियों को खेती करनेवालों पर मामला दर्ज करने और कार्रवाई करने का सख्त निर्देश दिया है। ज्ञात हो कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर राज्य के कई जिलों में अफीम की खेती को नष्ट करने का लगातार अभियान चलाया जा रहा है। सैकड़ों एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट भी किया जा चुका है, लेकिन व्यवसायिक स्तर पर अफीम की खेती करने वाले की गिरफ्तारी न के बराबर हो रही है। जिस वजह से अफीम की खेती करने वाले लोग दुबारा इस कार्य से जुड़ जाते हैं।

### खेती नष्ट करने के साथ-साथ गिरफ्तारी सुनिश्चत करने का निर्देश

डीजीपी ने संबंधित जिलों के एसपी को निर्देश दिया है कि खेती नष्ट करने के साथ-साथ एफआईआर दर्ज किया जाये। एफआईआर दर्ज करने के बाद व्यवसायिक स्तर पर खेती करने वाले की गिरफ्तारी हो, ताकि वह दोबारा खेती आरंभ नहीं कर सकें। यह भी कहा कि पूर्व में जिन इलाकों में अफीम की खेती हो चुकी है, वैसे इलाकों को चिह्नित कर इसका पूरा ब्योरा तैयार करें, ताकि एनसीबी के सहयोग से सेटेलाइट इमेज प्राप्त कर अफीम की खेती को पूरी तरह से नष्ट किया जा सके।

# विधायकों की अनुशंसा पर बनेंगे पुल, आदेश जारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में पुल निर्माण के लिए विधायकों की अनुशंसा ली जाएगी। ग्रामीण कार्य विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है। मुख्यमंत्री ग्राम सेतू योजना के तहत उन पुलों का निर्माण किया जायेगा, जहां पुल के अभाव में आवागमन बाधित होता है। मुख्यमंत्री ने विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि गरीबों को पुल या सड़क के अभाव में परेशानी न हो। ग्रामीण कार्य विभाग ने इंजीनियरों को कहा है कि वे वैसे स्थानों की सूची बनाएं जहां नदी, नाला के दोनों ओर सड़क बन गई है पर पुल नहीं बना है। इंजीनियरों को निर्देश दिया गया है कि वे विधायकों से अनुशंसा प्राप्त कर पुल निर्माण का प्रस्ताव भेजें, ताकि समय पर डीपीआर तैयार कर स्वीकृति दी जा सके।

# सीएम से मिलीं जामा विधायक लुईस मरांडी



**रांची।** जामा विधायक लुईस मरांडी ने शनिवार को सीएम हेमंत सोरेन से मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को नव वर्ष की बधाई दी। मुख्यमंत्री ने भी उन्हें नूतन वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# राज्यपाल ने बाबा वैद्यनाथ मंदिर में की पूजा, झारखंड के लिए मांगी खुशहाली



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शनिवार को देवघर स्थित बाबा वैद्यनाथ मंदिर में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की। उन्होंने बाबा भोलेनाथ से प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि, खुशहाली और शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया।

# झारखंड में खनन पट्टों की जल्द होगी समीक्षा, अवैध खनन पर होगी वसूली

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्यभर के खनन पट्टों की समीक्षा करने का निर्णय लिया है। यह देखा जाएगा कि खनन पट्टा के निबंधन पर मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क सही तरीके से लिया गया है या नहीं। अगर नहीं, तो संबंधित खनन पट्टा मालिकों से मुद्रांक शुल्क एवं निबंधन शुल्क वसूला जाएगा। राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव चंद्रशेखर ने सभी उपायुक्तों को पत्र लिखा है और नियमानुसार ऐसे खनन पट्टों की समीक्षा कर वसूली का निर्देश दिया है।

इधर आइजी रजिस्ट्रेशन ने भी सभी जिलों के डीसी और जिला निबंधक को पत्र लिखा है। इस मसले पर महाधिवक्ता ने भी मंतव्य दिया है कि खनन पट्टा के निबंधन के क्रम में भारतीय मुद्रांक अधिनियम की धारा 47-ए में विहित प्रकिया के अनुसार वसूली किया जाना चाहिए। महाधिवक्ता के राय के बाद विभाग ने सभी जिला अवर निबंधक, अवर निबंधक एवं जिला खनन पदाधिकारी को अवगत कराया है।

# डॉ जंग बहादुर पांडेय को हिंदी रत्न सम्मान

**रांची।** विश्व हिंदी दिवस पर देशभर के 20 हिंदी साहित्यकारों को उनकी हिंदी सेवा के लिए बिहार हिंदी साहित्य सम्मेलन पटना द्वारा 'हिंदी रत्न सम्मान' से सम्मानित किया गया। रांची विश्वविद्यालय के पूर्व हिंदी विभागाध्यक्ष प्रो जंग बहादुर पाण्डेय को हिंदी भाषा और साहित्य के विकास में अप्रतिम योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। डॉ पाण्डेय ने कहा कि यह भारत की भारती (हिंदी) का सम्मान है और अभी बहुत कुछ करना शेष है। कुलपति डा. तपन कुमार शांडिल्य डॉ. अजित कुमार सिन्हा, डॉ एसपी अग्रवाल, डॉ रामजी यादव, डॉ नागेश्वर सिंह,डा के एन राय कमलेश, डॉ जय प्रकाश राय, डॉ बासुदेव प्रसाद, डॉ. ओम प्रकाश डॉ प्रशांत गौरव तथा ने उन्हें बधाई दी है।

# किसानों के लिए सफल योजनाओं का बढ़ेगा बजट व असफल योजनाएं होंगी ड्रॉप : शिल्पी नेहा तिर्की

- वित्त वर्ष 2025-26 के बजट पर नेपाल हाउस में विभागीय परिचर्चा
- योजना के लिए आवंटित राशि का शत प्रतिशत करना है सदुपयोग
- लापुंग में बीज वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। नेपाल हाउस में बजट पर आयोजित परिचर्चा में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही योजनाओं पर विशेष फोकस करने को कहा है। विभाग किसानों के लिए हितकारी और कल्याणकारी योजना का बजट राशि बढ़ाने का काम करेगा, जबकि वैसी योजना जिसका किसानों को बहुत कम लाभ मिला पाया है या जो योजना किसानों के लिए हितकारी साबित नहीं हुई। वैसी सभी योजना का बजट कम करने या उसे ड्रॉप करने का निर्देश मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बजट परिचर्चा के दौरान विभागीय अधिकारियों को दिया है।

**कर्मचारी और अधिकारी योजना की सफलता के लिए गंभीर रहें :** मंत्री ने अधिकारियों को साफ शब्दों में कहा है कि योजना के लिए आवंटित बजट राशि का शत प्रतिशत सदुपयोग करना है। किसी भी हालात में बजट राशि योजना के धरातल पर नहीं उतरने की वजह से लंबित न हो। इसके लिए जरूरी है कि विभाग के फील्ड कर्मचारी और अधिकारी योजना की सफलता के लिए गंभीर रहें। लाभुकों को विभाग की ज्यादा से ज्यादा योजन का लाभ कैसे मिले ये हर हाल में सुनिश्चित किया जाये। वित्तीय वर्ष 2025 -26 में बीज की उपलब्धता से लेकर बीज वितरण पर विभाग का सबसे ज्यादा जोर रहेगा। विभाग ने 10 बीज ग्राम को स्थापित करने का निर्णय लिया है।

**बीज वितरण में गड़बड़ी की होगी जांच :** मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लापुंग में बीज वितरण में गड़बड़ी की जांच कराने की बात कही है। बताते चलें कि बीज वितरण को लेकर समीक्षा के दौरान जब लाभुक से इसकी जानकारी ली गयी, तो विभागीय दावों और जमीनी हकीकत में बड़ा फर्क था। कई लाभुक किसानों ने बीज नहीं मिलने की शिकायत भी विभाग से की है। कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग ने आगामी बजट को लेकर योजनावार राशि के निर्धारण के लिए लाभुकों की संख्या और योजना की सफलता की रिपोर्ट तैयार करनी शुरू कर दी है।

# इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 को सुनवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में 24 जनवरी को सुनवाई होगी। इरफान अंसारी ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। वर्ष 2018 में छेड़छाड़ की शिकार एक बच्ची की तस्वीर वायरल करने के मामले में इरफान अंसारी पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। निचली अदालत ने इस मामले में संज्ञान लिया है और एमपी-एमएलए कोर्ट में उनके खिलाफ ट्रायल चल रहा है। इरफान अंसारी ने मामला रद्द करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट ने सितंबर 2024 में इरफान अंसारी की याचिका खारिज कर दी थी। इसके खिलाफ वह सुप्रीम कोर्ट गए थे। इरफान पर आरोप है कि वर्ष 2018 में एक चार साल की बच्ची के साथ छेड़खानी की घटना हुई थी। बच्ची का समुचित इलाज को लेकर विधायक इरफान अंसारी बच्ची से मिलने अस्पताल पहुंचे थे। इसी दौरान पीड़ित बच्ची की एक फोटो खींची गई थी, वह फोटो वायरल हुई थी। संबंधित फोटो से बच्ची की पहचान उजागर हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट ने मामले में संज्ञान लिया था। आरोप है कि इरफान अंसारी के मोबाइल से बच्ची की फोटो वायरल हुई थी।

साक्षात्कार

झारखंड के वित्त मंत्री से बजट पर खबर मन्त्र लाइव की खास बातचीत

# विकासोन्मुखी होगा राज्य का बजट : वित्त मंत्री

**रांची।** आगामी 24 फरवरी से झारखण्ड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो रहा है जो 27 मार्च तक चलेगा। वित्तीय संकट कितना बड़ा है, गैर योजना मद में बढ़ता सरकार पर बोझ कितना परेशान करेगा और बजटीय प्रावधानों की श्रृंखला में कौन से नये समीकरण बनाये जायेंगे? उम्मीदों के बजट को धरातल पर उतारने के लिए सरकार की क्या योजना है? ऐसे ही वित्तीय लेखा-जोखा और वित्तीय प्रबंधन के साथ राजस्व संग्रहण के मुद्दे पर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर से बात की हमारे खबर मन्त्र लाइव के प्रधान संपादक राजेश सिंह ने। **प्रस्तुत है वित्त मंत्री से बातचीत के मुख्य अंश :**

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती से ही झारखंड की अर्थव्यवस्था होगी मजबूत
- पैसे की कोई कमी नहीं, मंईयां सम्मान के लिए भी है पर्याप्त राशि
- 15 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व का लक्ष्य, जनता पर नहीं पड़ेगा बोझ
- केंद्र से 1 लाख 36 हजार करोड़ भीख नहीं मांग रहे, यह झारखंड का हक
- ट्राइबल विवि, मेडिकल कॉलेज और कृषि विवि स्थापित करने की इच्छा
- अगर केंद्र लटकाने वाला दृष्टिकोण रखेगा, तो कानून का लेंगे सहारा



**सवाल:** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू होने जा रहा है। इसबार का बजट कैसा होगा?

**जवाब:** इसबार का बजट काफी प्रैक्टिल बजट होगा, व्यवहारिक होगा। सभी जाति और धर्म के आर्थिक और सामाजिक उत्थान का बजट होगा। 2025-26 का बजट ग्रामीण अर्थव्यवस्था का आर्थिक समृद्धि देने वाला बजट होगा।

**सवाल:** हेमंत सोरेन की पूर्व की सरकार का फोकस ग्रामीण विकास पर ज्यादा था, क्या इसबार भी ऐसा ही कुछ होने वाला है?

**जवाब:** बिल्कुल ऐसा ही होगा। झारखंड में 70-80 प्रतिशत आबादी ग्रामीण परिवेश में निवास करती है और कृषि पर निर्भर हैं। चाहे वह कृषक हों अथवा उसपर आधारित मजदूर। दूसरे शब्दों में कहें कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए जो कदम उठाये जायेंगे उससे पूरे झारखंड की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। हमारा फोकस रहेगा कि रूरल एरिया में इकोनोमी को हम कैसे स्ट्रांग करें।

**सवाल:** आर्थिक उन्नति के लिए सबसे ज्यादा पैसों की जरूरत होती है। वर्तमान में राज्य पैसों की कमी से जूझ रहा है। मंईयां योजना का दबाव भी है। छात्रवृत्ति योजना उसके बाद पेंशन जैसी योजनाओं पर अच्छी खासी रकम खर्च होनी है। इसको कैसे मैनेज करेंगे?

**जवाब:** देखिये, पैसे की कोई कमी नहीं है। अगर हम चालू वित्त वर्ष की बात करें और इसी को उदाहरण के रूप में सामने रखेंगे तो 2024-25 को जो हमारा बजट एक लाख 28 हजार करोड़ का है और इस बजट में स्कीम के शीर्ष पर लगभग 80 हजार करोड़ का बजट है। वहीं मंईयां सम्मान योजना पर जो पैसा खर्च होने वाला है, उसके व्यय के लिए शीर्ष 80 हजार करोड़ के बजट से ही उसका प्रावधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री की इच्छा है और इंडी गठबंधन सरकार चाहती है कि राज्य के हर चेहरे पर खुशहाली आये। जाहिर है कि हम कोई योजना निर्धारित करते हैं अथवा कोई भी सरकार काम करना चाहती है तो उसके लिए धनराशि की जरूरत पड़ती है। मैं इस बात को एक वित्त मंत्री होने के नाते यह स्वीकार करता हूं कि जो अगला बजट होगा उसके लिए हमें अतिरिक्त धनराशि की जरूरत पड़ेगी। सरकार के मन में एक संकल्प है कि हम अपने राजस्व को कैसे और ज्यादा बढ़ा सकें। और यह डगर मुश्किल जरूर है लेकिन नामुमकिन नहीं है। हमलोगों ने इसके लिए एक रोडमैप तैयार किया है। राजस्व वृद्धि कैसे की जायेगी इसे लेकर विभाग काम कर रहा है।

**सवाल:** जैसी जानकारी है उसके मुताबिक सरकार पर एक लाख करोड़ का कर्ज भी है वहीं दूसरी बात यह है कि केन्द्र पर राज्य सरकार एक लाख 36 हजार करोड़ बकाये का दावा कर रही है तो यह कर्ज कैसे चुकायेंगे और केन्द्र पर बकाये को लेकर क्या रणनीति तैयार की जा रही है?

**जवाब:** कर्ज तो है, लेकिन सिर्फ झारखंड ही नहीं देश के तमाम राज्य अपने आर्थिक विकास के लिए बाजार से ऋण लेते हैं। हमारे उपर जो कर्ज है वह एक लिमिट में है। इसके लिए चिंता की कोई बात नहीं है। ऋण चुकाने की जो प्रक्रिया है, उसे भी चुकायेंगे।

**सवाल:** एक लाख 36 हजार करोड़ का जो मामला है, उसपर क्या कहना है?

**जवाब:** एक लाख 36 हजार करोड़ वाला मामला है उसे इस रूप में आपके सामने पेश करना चाहते हैं कि हम केंद्र सरकार से कोई भीख नहीं मांग रहे हैं बल्कि यह बकाया राशि है केंद्र को राज्य का बकाया पैसा झारखंड को देना ही होगा। सरकार के पास उन तथ्यों के प्रमाण है। अब सीसीएल दे या बीसीसीएल दे। जो जमीनें हमसे ली है उसका जब असेसमेंट हुआ तो उनके अधिकारियों के हस्ताक्षर हैं और सहमति है कि इतनी जमीन दी गई है तो उसके मुआवजे के तो हकदार हम हैं ही। अब ये देखिये कि पॉलिटिकल एथिक्स क्या कहता है? स्टेट और केन्द्र सरकार के बीच का एक संबंध होता है। अगर यह देनदारी है, तो आपको देना चाहिये। इसका राजनीतिक कारण नहीं हो सकता है।

**सवाल:** आपके पास सब दस्तोवज है, जब हिसाब साफ है तो झारखंड को बकाया राशि दे देनी चाहिये?

**जवाब:** ये बात तो केन्द्र सरकार से पूछिये। जिस राजनीतिक सूचिता की बात हमने की है, वह तो यही कहती है कि आप सभी राज्यों को एक नजर से देखिये। अगर आपका दृष्टिकोण यह है कि जिस राज्य में आपकी सरकार नहीं है, उस राज्य को सहयोग नहीं करेंगे जिसकी जिम्मेवारी केन्द्र सरकार की है, तो पॉलिटिकल एथिक्स समाप्त हो जायेगा और लोकतंत्र कमजोर होगा। दूसरी बात यह है कि झारखंड को पता है कि पैसा कैसे निकाला जाता है। 2022 में तत्कालीन मुख्य सचिव ने केन्द्र को बकाये को लेकर पत्र लिखा और बताया कि पैसा बाकी है। अगर केन्द्र को आपत्ति थी तो केन्द्र पत्र का जवाब देकर बता सकती थी कि कोई भी बकाया नहीं है। केन्द्र सरकार चुप बैठी रही। 2023 में हमारे मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखा उस पत्र का भी भारत सरकार की ओर से कोई जवाब नहीं आया। हम तो यह मानकर चल रहे हैं कि भारत सरकार इस प्रश्न पर मौन है इसका मतलब साफ है कि वह स्वीकार कर रही है कि झारखंड की राशि बकाया है।

**सवाल:** इसके बाद भी अगर पैसा नहीं मिलता है, तो क्या विकल्प होगा आपके सामने?

**जवाब:** केन्द्र सरकार के प्रतिष्ठान और संस्थान हैं, उसका हिसाब तो हमने केन्द्र को दे दिया है और बता दिया है इस हेड में आपकी देनदारी बनती है। इसके अलावा ऐसे संस्थान जो चिन्हित नहीं हुए हैं, उन्हें भी चिन्हित कर उनपर बकाया राशि का क्लैम किया जायेगा।

**सवाल:** आपने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर बजट में फोकस रहेगा। शैक्षणिक संस्थान की स्थापना, नये मेडिकल कॉलेज आदि का बजट में क्या होगा?

**जवाब:** देखिये, हम बजट में प्रावधान कर दें और केन्द्रीय अनुदान की राशि हमें समय पर नहीं मिले, तो मुश्किल तो होगी ही। लेकिन हमारा बकाया अगर केन्द्र दे देता है तो उस राशि से बहुत सारी योजनाओं को लागू करने में आसानी होगी। हेमंत सोरेन की सरकार चाहती है कि ट्राइबल एरिया में हम एक मेडिकल कॉलेज खोलें। खूंटी से लेकर गुमला के बीच में मेडिकल कॉलेज स्थापित हो, ताकि आदिवासी सहित अन्य वर्गों को स्वास्थ्य सुविधायें दी जा सके। पलामू जहां हमेशा सुखाड़ की स्थिति रहती है और किसान बुरी तरह से प्रभावित होते रहे हैं। उस क्षेत्र में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना हो। हमारा राज्य जनजाति बहुल्य राज्य है इसलिये सरकार चाहती है कि यहां एक ट्राइबल यूनिवर्सिटी बने। इसी तरह से बहुत सी योजनाएं हैं जिससे राज्य को आगे की ओर ले जाया जा सकता है और यहां के रहने वाले लोगों की सामाजिक आर्थिक दशा को सुधार कर सकते हैं। इन सभी कार्यों में केन्द्र सरकार के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

**सवाल:** केन्द्रीय मंत्री ने कमेटी की बात की। इसका मतलब बकाया राशि मिलने में देरी हो सकती है अथवा मामला लटक सकता है। ऐसे में क्या विकल्प होगा आपके पास?

**जवाब:** देखिये, ये पार्लियामेंट्री डेमोक्रेसी सिस्टम हमारे देश में है। हम अगर गलत करते हैं तो तो वैसे राजनीतिक संगठनों का जनता ही हिसाब करती है। अगर केन्द्र सरकार का दृष्किोण लटकाने वाला रहा तो एक लीगल प्रोविजन भी है, जहां हम एप्रोच कर सकते हैं और वहां भी जायेंगे। लेकिन अन्ततः फैसला तो जनता ही करेगी।

**सवाल:** पिछली सरकारों ने कृषि उत्थान के प्रयास तो किये, लेकिन सफल नहीं हो पाये। उसकी क्या वजह रही है? इसबार के बजट में कृषि पर क्या कुछ नया हैं?

**जवाब:** देखिये, हमारी क्या योजना है, योजनाओं का क्या ब्लू प्रिंट है और रोडमैप क्या है? से पता चल जायेगा। किसानों को भी कहना चाहता हूं कि कृषि के दूसरे विकल्पों जैसे हॉर्टीकल्चर, मिल्क प्रोडक्शन को बढ़ाने की जरूरत है फिशरीज है, जो एलायड एग्रो सेक्टर है जैसे सेक्टरों को हमें स्ट्रांग बनाना पड़ेगा। बारिश के बिना हम खरीफ और रबी की पैदावार नहीं कर पाते हैं ऐसे में नई संभावनाओं को तलाशना होगा। लोगों का माइंडसेट भी बदलना होगा ताकि वह सिर्फ धान की खेती ही न करें बल्कि फलदायक वृक्ष लगायें साथ ही मल्टीक्रॉप का विकल्प तैयार करें।

स्पीड न्यूज

## शिक्षक-शिक्षिकाओं ने पहाड़भंगा की वादियों का उठाया लुत्फ

**जमशेदपुर।** सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला द्वारा आज शिक्षक और शिक्षके त्तर कर्मचारियों के लिए वनभोज कार्यक्रम किया गया। कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद के नेतृत्व मे विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों ने पोटका प्रखण्ड के शंकरदा पंचायत क्षेत्र का भ्रमण किया। शिक्षकों की टीम पहाड़भांगा गई और रंकिणी मंदिर मे माता रानी का दर्शन किया। इस मौके पर कुलसचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद ने चर्चा के दौरान कर्मचारियों को बताया कि विकास करना है तो गांव की ओर चले।

## झामुमो ने गुरुजी और शहीद सुनील महतो का जन्म दिन मनाया

**जमशेदपुर।** शनिवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के द्वारा पुराना कोर्ट स्थित जिला संपर्क कार्यालय में दिन के 11 शहीद सुनील महतो की जन्म जयंती उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर मनाई गई तथा दिन के 12 दिशुम गुरु शिबू सोरेन जी का 81वं जन्मदिन के मौके पर एमजीएम हॉस्पिटल में मरीज के बीच फल वितरण किया गया एवं शाम 4 बजे वृद्ध आश्रम में गुरु जी के जन्मदिन पर केक काटा गया। इस अवसर पर वृद्धाओं के बीच मिठाई बांटी गई। शाम 6 बजे गुरु जी के जन्मदिन पर जिला संपर्क कार्यालय में शिक्षा मंत्री सह झामुमो जिलाध्यक्ष रामदास सोरेन ने केक काटकर गुरु जी का जन्मदिन मनाया और जरूरतमंदों के बीच में कंबल का वितरण किया।

## सीएम के ननिहाल में केक काटकर मना गुरुजी का जन्मदिन

**चांडिल।** प्रखंड क्षेत्र के रुचाप स्थित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ननिहाल में शनिवार को राज्य सभा सांसद सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन व दिवंगत सांसद सुनील महतो का जन्मजयंती केक काटकर मनाया गया। साथ ही दिवंगत सांसद सुनील महतो के जंयती पर उनके तस्वीर मे माल्यार्पण कर नमन किया। इस दौरान विधायक सविता महतो भी शामिल हुए। इस दौरान विधायक नें गुरुजी के की लंबी उम्र की कामना कि। साथ ही उन्होंने कहा दिशोंम गुरु शिबू सोरेन संघर्ष और विचारधारा के प्रतिक है।

## शहीद सुनील महतो की जयंती पर पूर्व मंत्री पहुंचे समाधि स्थल

**गम्हरिया।** जमशेदपुर के दिवंगत सांसद सुनील महतो की जयंती पर विभिन्न दलों के नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। छोटा गम्हरिया स्थित समाधि स्थल पर सर्वप्रथम उनकी माता खांदो देवी ने अपने पुत्र को पुष्पांजलि अर्पित की। तत्पश्चात, आजसू केंद्रीय सचिव सुसेन महतो के नेतृत्व में पूर्व मंत्री रामचंद्र सहिस, सत्य नारायण महतो, प्रो0 रवि शंकर कुमार समेत कई नेताओं ने उनकी समाधि पर तथा छोटा गम्हरिया के दुगार्पूजा मैदान स्थित उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## गोइलकेरा में आज से क्रिकेट का महाकुंभ

**गोइलकेरा।** वीर शहीद देवेंद्र माझी मेमोरियल पांचवां गोइलकेरा क्रिकेट लीग जीसीएल का उद्घाटन 12 जनवरी रविवार को होगा। उवि मैदान में होने वाले क्रिकेट महाकुंभ का उद्घाटन सिंहभूम की सांसद जोबा माझी व विधायक जगत माझी की उपस्थिति में होगा। करीब 20 दिनों तक चलने वाली क्रिकेट लीग में 8 टीमें हिस्सा ले रही है।

## कोका कमार की 129वां शहादत दिवस मना

**जमशेदपुर।** बिरसा सेना और शहीद स्मारक समिति के संयुक्त तत्वाधान में वीर शहीद कोका कमार करमाली का 129वीं शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। यह आयोजन बारिडीह के कोंका कमार करमाली चौक में किया गया है। मौके पर उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि कोंका कमार उलगुला के अगुआ धरती आबा बिरसा मुंडा के प्रमुख सेनापति थे। उन्होंने सेनापति के साथ-साथ उलगुलान के दौरान हथियार बनाने का काम भी किया था।

# रुत्वी भट्टाचार्यी को चिन्मय गौरव अवार्ड, यश और श्रीया सर्वश्रेष्ठ छात्र-छात्रा

- हिमांशु और मान्या कांत को यंग एचिवर टाटा कमिंस अवार्ड से नवाजा गया
- विद्या भारती चिन्मय विद्यालय, टेल्को ने 10 वीं के छात्र-छात्राओं का दीक्षांत समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विद्या भारती चिन्मय विद्यालय के परिसर में शनिवार, 11 जनवरी को उत्कृष्टता की ओर विद्यार्थियों की सतत यात्रा की प्रशंसा व शुभेच्छा हेतु दसवीं कक्षा का दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। विद्यार्थियों में दृढ़निश्चय, धैर्य, एकाग्रता, श्रमशीलता, विश्वास व मनोबल का विकास हो, इस उद्देश्य से विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल विनय आहूजा, कमांडिंग ऑफिसर, 37 झारखंड बटालियन तथा सम्मानित अतिथि के रूप में श्री विष्णु चंद्र दीक्षित, सचिव, विद्यालय प्रबंध समिति उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञानदीप प्रज्ज्वलन तथा गणेश वंदना नृत्य के साथ हुआ। इसके उपरांत मुख्य अतिथि द्वारा मुख्य भाषण प्रस्तुत किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें बिना हिम्मत हारे सफलता के लिए सतत प्रयास करते रहने की सलाह व शुभकामनाएं दीं। तत्पश्चात योग्य विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।



दीक्षांत समारोह में पुरस्कृत छात्र-छात्राएं अतिथियों के साथ।

विषय टॉपर्स में मान्या कांत को अंग्रेजी एवं सामाजिक विज्ञान के लिए , स्वागता साहू को हिंदी, अनुष्का राय को विज्ञान तथा श्रीया मंडल को सामाजिक विज्ञान एवं अंकशास्त्र के लिए पुरस्कृत किया गया। रुत्वी भट्टाचार्जी को चिन्मय गौरव पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ छात्र यश सिंह एवं सर्वश्रेष्ठ छात्रा का पुरस्कार श्रीया मंडल को मिला। आरव राज और स्वागता साहू को विशिष्टता पुरस्कार । यश सिंह एवं श्रेयशी दत्ता को नेतृत्व पुरस्कार, अखिलेश कुमार त्रिपाठी, स्नेहा कुमारी एवं मधुश्री विश्वास को सर्वश्रेष्ठ गायक एवं श्रेयशी दत्ता एवं रुत्वी भट्टाचार्जी को सर्वश्रेष्ठ नृत्यांगना का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार राज छत्तर एवं तानिया को मिला। वहीं मोहित कुमार एवं संस्कृति सर्वश्रेष्ठ कलाकार के लिए पुरस्कृत किये गये। आयुषी दास को भागीरथी नारायण पुरस्कार , राष्ट्रीय स्तर के प्रतिभागी एवं उपलब्धिकर्ता के लिए राज छत्तर, आर्यन गौतम, दिव्या करमाकर और अंशिका विश्वकर्मा पुरस्कृत हुए।

हिमांशु सिंह और मान्या कांत को यंग अचीवर टाटा कमिंस अवार्ड प्रदान किया गया।

इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थी भी अपनी विशिष्टताओं के लिए पुरस्कृत हुए।

उप कप्तान यश सिंह ने विद्यार्थियों की ओर से आभार अभिव्यक्त किया; साथ ही अभिभावक वर्ग की ओर से कृतज्ञता अभिव्यक्ति की गई। इसके उपरांत दसवीं के छात्रों द्वारा शपथ ग्रहण किया गया।

विद्यालय प्राचार्या मीना विल्खू ने चिन्मय संस्कारों के बीच पली-बढ़ी योग्यताओं की सराहना करते हुए विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# विधिक सेवा शिविर से समाज सशक्त बनेगा: सुजीत नारायण

- 90 दिवसीय जागरूकता एवं आउटरीच अभियान का घाटशिला से शुभारंभ
- घाटशिला कोर्ट परिसर में नवनिर्मित हाजत,जमशेदपुर में वेटिंग रुम का उद्घाटन
- न्यायमूर्ति ने किया लाभुकों के बीच 3 करोड़ की परिसंपत्ति का किया गया वितरण

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**घाटशिला/जमशेदपुर।** झालसा के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर एवम जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम द्वारा राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन घाटशिला व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायधीश, झारखंड उच्च न्यायालय सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर अनिल कुमार मिश्रा नं-1, झालसा के सदस्य सचिव रंजना अस्थाना, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी व जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर घाटशिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित हाजत भवन का उद्घाटन किया गया।





घाटशिला में अभियान का उद्घाटन करते न्यायमूर्ति सुजीत नारायण। साथ में अन्य पदाधिकारी और वुलनरेबुल विटनेस वेटिग रुम का जमशेदपुर कोर्ट परिसर में उद्घाटन करते न्यायमूर्ति सुजीत और साथ में प्रधान जिला न्यायाधीश अनिल मिश्रा।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के दीप प्रज्वलित कर एवम प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश अनिल मिश्रा के स्वागत भाषण से हुई। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि विधिक सेवा शिविर का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे तभी समाज सशक्त होगा। आमजन अपने कानूनी अधिकार एवं सरकार की योजना के प्रति सजग हों तथा सरकार के लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें। नालसा का उद्देश्य है कोर्ट में लंबित मामलों को लोक अदालत एवम मेडिएशन के माध्यम से अधिक से अधिक केसों का निपटारा करना तथा कोर्ट में केस आने से पहले ही उसे समझौते द्वारा स्थानीय स्तर पर ही खत्म करना तथा सरकारी योजनाओं का लाभ वंचित लोगों तक पहुंचे ताकि गरीब से गरीब लोगों को न्याय मिल सके।

डीसी अनन्य मित्तल ने सरकार के जनहितकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए लोगों से अपील किया कि पात्र लाभुक योजनाओं का लाभ उठायें।

## प्रख्यात मार्शल आर्ट्स खिलाड़ी संजय बांसफोर ने सौंपा अवार्ड

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शनिवार को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास/कार्यालय में अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने उन्हें यह अवार्ड दिया। गौरतलब है कि यह अवार्ड हर साल बहुजन साहित्य अकादमी की तरफ से दिया जाता है। अनिल बांसफोर ने बताया कि बहुजन साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के आंध्र भवन में 15 दिसंबर 2024 को आयोजित हुआ था।



अवार्ड ग्रहण करते जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय।

इसमें वह भी शामिल हुए थे। श्री बांसफोर, अकादमी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने बताया कि श्री राय के झारखंड में योगदान के मद्देनजर, खास कर गरीबों, पिछड़ों, दलितों और शोषितों की जिस तरीके से उन्होंने मदद की, उसके आलोक में उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड दिया गया है। चूंकि श्री राय दिल्ली नहीं पहुंच पाये थे, इसलिए हम लोगों ने आज श्री राय के निवास पर उन्हें यह अवार्ड दिया।

## कांग्रेस ने बिष्टुपुर में पदयात्रा जुलूस निकाला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में विशाल पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन बिष्टूपुर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में आयोजित किया गया।

पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय से निकल कर बिष्टूपुर बाजार क्षेत्र में तीन किलोमीटर भ्रमण किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने नारा लगाते हुए कहा कि महात्मा गाँधी का ये बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान, जय



संविधान, जय भीम जय भीम, सरदार बल्लभ भाई पटेल अमर रहे, लालबहादुर शास्त्री अमर रहे, जय बापू, सुभाष चंद्र बोस, जवाहरलाल नेहरु अमर रहे, बिरसा मुण्डा अमर रहे, भारत के तमाम शहीद अमर रहे का गर्मजोशी के साथ जयकारा लगाया। वहीं सरकार पर तंज कसते हुए कांग्रेसजनों ने नारा लगाया कि संविधान की हत्या करना बंद करों, डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान करना बंद करो, मोदी सरकार हाय हाय का गगनभेदी नारा लगाया।

पदयात्रा को संबोधित कर कहा कि आज भारत वर्ष में संविधान के उपर जोरदार हमला हो रहे है, हमारे स्वतंत्रता सेनानी एवं महापुरूषों को लगातार अपमान किया जा रहा है, ये सब घटना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आखों के सामने घटित हो रहा है। यह भारत के लिए चिंता की बात है।

## राजेंद्र विद्यालय के खेलकूद प्रतियोगिता में रेड हाउस बना ओवरऑल चैंपियन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** आज दिनांक 11 जनवरी,2025 को राजेंद्र विद्यालय की 54 वीं वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गयी। इस प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि झारखंड स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदाससोरेन थे। इस अवसर पर बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष बीएन चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ एसके सिंह, महासचिव सीपीएन सिंह, ज्वाइंट सेक्रेटरी बिहार एसोसिएशन



समारोह को संबोधित करते शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन।

तथा विद्यालय शिक्षा सेक्रेटरी अमरेश सिन्हाने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर रेड हाउस को ओवर ऑल चैम्पियनशिप का खिताब मिला जबकि ब्लू हाउस को मार्च पास्ट विजेता घोषित किया गया। मुख्य अतिथि ने बड़े गर्मजोशी के साथ अपने विचार रखे तथा विद्यालय का ध्वज लहराकर खेलकूदप्रतियोगिता की शुरूआत की घोषणा की। विद्यालय के छात्र संघ के स्पोर्ट्स सेक्रेटरी प्रत्यूष राठौर ने मसाल कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही बच्चों ने सुचारु रूप से खेल प्रतियोगिता सम्पन्न कराने की शपथ ली। विद्यालय के चारों हाउसों द्वारा मार्च पास्ट किया गया।

## एकदिनी रोजगार मेला में 215 उम्मीदवारों का हुआ प्लेसमेंट

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल के निर्देश पर अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी, जमशेदपुर के कार्यालय परिसर में एक दिवसीय मेगा रोजगार मेला लगा। मुख्य अतिथि धालभूम एसडीओ शताब्दी मजूमदार थे। उन्होंने अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन कर बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दी। मेला में 35 नियोजकों से प्राप्त कुल 3241 रिक्तियों के विरूद्ध अभ्यर्थियों को चुना गया। रामकृष्ण फोर्जिंग लिमिटेड, ओमनी ऑटो लिमिटेड, सुदिशा फाउंड्री, एस ग्रुप, ड्रीम स्टीम डिजिटल, कोनेट कारपोरेशन,ब्रेक इंडिया लि, बीके स्टील लिमिटेड, जमुना ऑटो लिमिटेड इत्यादि के द्वारा कुल 3241 विभिन्न पदों पर जिसके लिए न्यूनतम योग्तया 8 वीं पास थी।

## बागबेड़ा ग्रामीण जलापूर्ति व बागबेड़ा-परसूडीह नप गठन करने की मांग पर धरना

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** शनिवार को बागबेडा ग्रामीण जला पूर्ति योजना को धरातल पर उतरने, एवं बागबेड़ा,किताड़ीह,हर गुड्डु एवं परसुडीह क्षेत्र को मिलकर नगर परिषद बनाने, या जुगसलाई नगर पालिका में शामिल करने एवं विभिन्न मांगों को लेकर एकदिवसीय धरना प्रदर्शन सुबोध झा अध्यक्ष बागबेड़ा महानगर विकास समिति के नेतृत्व में बागबेड़ा के रामनगर हनुमान मंदिर चौक पर किया गया। अध्यक्ष सुबोध झा ने कहा बागबेड़ा महानगर



धरना पर बैठे सुबोध झा व साथ में भाजपा महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा व अन्य।

विकास समिति 2005 से क्रमबद्ध 599 बार विभिन्न प्रकार के आंदोलन करते हुए आज 600 बार का कार्यक्रम पूरा हुआ, और सरकर के द्वारा किसी भी प्रकार का संज्ञान जनता के लिए नहीं लिया। बागबेड़ा की जनता बूंदबंध पानी के लिए तरस रही है, फंड का दुरुपयोग होता जा रहा है। बार-बार झूठ समय आंदोलनकारी को लिखित में देकर एवं न्यायालय में भी लिखित देकर गुमराह किया जा रहा है। और बागबेड़ा महानगर विकास समिति की ओर से न्यायालय में किए गए जनहित याचिका आधार पर भी न्यायालय में तारीख पर तारीख दी जा रही है। झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री से लेकर मंत्री तक पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी से लेकर अभियंता प्रमुख तक झूठ समय देकर जनता को गुमराह कर रहे हैं। ग्राम वासियों एवं समिति ने धरना स्थल पर अंत में निर्णय लिया कि पहले चरण का कार्यक्रम हर गांव में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन जन जागरण के लिए किया जाए। फिर विधानसभा और लोकसभा का घेराव की तिथि घोषित की जाए। बड़े पैमाने पर पुनः एक बार आंदोलन करना पड़ेगा, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता न्यायालय में 26 जुलाई 20 24 को पानी देने का रिटेन में झूठा वादा किया।

## एक नजर में

### मजदूर विरोधी बयान पर चेयरमैन का पुतला दहन



**जमशेदपुर।** शनिवार की शाम को साकची गोलचक्कर पर यूथ इंटक के राष्ट्रीय महामंत्री नितेश राज के नेतृत्व में एलएनटी के अध्यक्ष एसएन सुब्रमण्यम के मजदूरों को 90 घंटे साप्ताहिक यानी 15 घंटे प्रतिदिन काम करने के बयान के विरोध में पुतला दहन किया गया। कार्यक्रम के दौरान ह्यएलएनटी हाय हायह्य के नारों से माहौल गूंज उठा। नितेश राज ने कहा कि यह बयान मजदूर विरोधी है और इसे किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने एलएनटी अध्यक्ष से माफी की मांग की और चेतावनी दी कि यदि माफी नहीं मांगी गई तो विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। इसमें यूथ इंटक के राष्ट्रीय सचिव राकेश साहू, जिलाध्यक्ष अभिनंदन सिंह, कोषाध्यक्ष सीएसपी सिंह, सागर साहू, संतोष सिंह, सुमित साहू, सुरेश कुमार, विकास कुमार, गौतम साहू और अन्य मजदूर साथी उपस्थित थे।

### सारजमदा के सिकंदर ने किया 26वीं बार रक्तदान



**जमशेदपुर।** सारजमदा जाकता मैदान निवासी सिकंदर मुर्मू ने कल जमशेदपुर ब्लड सेंटर आकर स्वेच्छा से अपने जीवन का कुल 26वीं बार रक्तदान कर साहसिक कार्य किया है एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एक मिशाल बने हुए हैं। रक्तदान के बाद जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी ने उन्हें अंग वस्त्र के साथ साथ ब्लड सेंटर का सुंदर सा मोमेटों देकर सम्मानित किया। श्री सिकंदर मुर्मू टाटा मोटर्स में कार्यरत हैं और नियमित अंतराल पर रक्तदान भी करते रहते हैं। सामाजिक संस्था नई जिंदगी परिवार, जमशेदपुर के सचिव राजेश मार्डी ने बताया कि 25 से अधिक बार रक्तदान करने पर जमशेदपुर ब्लड सेंटर यह सम्मान देती हैं और यह नई जिंदगी परिवार के 14वें सदस्य हैं जिन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम किया है। इससे पहले लखन टुडू, राजेश मार्डी, मनमोहन हांसदा, रामेश्वर हांसदा, माईकल हो, सुखलाल सोरेन, सीताराम हेम्ब्रम, संजय मुर्मू, धीरेन मार्डी, रवि मुर्मू, काजल जगाती, प्रेम पिंगुआ और बिमल कुमार किस्कू यह उपलब्धि अपने नाम कर चुके हैं। मौके पर संस्था के सभी साथियों के साथ वीवीडीए और जमशेदपुर ब्लड सेंटर के जीएम संजय चौधरी ने सिकंदर मुर्मू को बधाई दी है।

### सहजकर्ता दल के 2 बैच का तीन दिवसीय प्रशिक्षण



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के प्रखंड पटमदा अंतर्गत 15 पंचायतों के बैच 1 और 2 बैच के ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल प्रतिभागियों को पटमदा प्रखंड सभागार में तीन दिवसीय प्रशिक्षण 9 जनवरी से 11 जनवरी को दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों को अगले वित्तीय वर्ष 2025-26 के ग्राम पंचायत विकास योजना का कार्य योजना बनाने का प्रशिक्षण दिया। सभी प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि जन योजना अभियान के तहत ग्राम पंचायत के सभी ग्रामीणों की सहभागिता से बाल सभा, महिला सभा, वीपीआरपी, जीपीसीसी, स्थायी समिति, कार्यकारिणी, ग्राम सभा, 9 थीम आदि के विषयों में बताया गया। प्रशिक्षण में मुखिया सह मास्टर ट्रेनर कान्हु मुर्मू, सुनील किस्कू, संतोष कुमार के सह मास्टर ट्रेनर और प्रखण्ड समन्वयक सोनी हेंब्रम एवं सहजकर्ता दल के प्रतिभागी वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव,सेविका, जल सहिया, मनेरगा मेट, वीपीआरपी दीदी की उपस्थिति में प्रशिक्षण का समापन किया गया।

### मीरा मुंडा के नेतृत्व में हाता में लगा सदस्यता शिविर



**पोटका।** भाजपा अनुसूचित जन जाति मोर्चा ने शनिवार को हाता में हनुमान मंदिर के समक्ष सदस्यता कैंप लगा। भाजपा के वरिष्ठ नेत्री डॉ मीरा मुंडा ने सदस्यता अभियान का नेतृत्व की। कुल 320 लोगों को मोबाइल के जरिए सदस्य बनाया गया। जिसमें पुरुष तथा महिलाएं शामिल है। श्री मति मुंडा ने मौके पर कहा कि कार्यकर्ता संगठन का रीढ़ होता है। इसलिए भाजपा को मजबूत करने के लिए उसका प्राथमिक सदस्य बनना आवश्यक होता है। उन्होंने आम लोगों से भी अपील किया कि मिस्ड कॉल के माध्यम से भाजपा का प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करे। इस अवसर पर जिप सदस्य सूरज मंडल, मुखिया देवी कुमारी भूमिज, उपेंद्र नाथ सरदार, गणेश सरदार, काजू सैंडिल, डॉ राजीव कुमार, रमेश बॉसके, मनोज राम, मनोज कुमार सरदार, संजय सिंह सरदार, सुदीप दे, छबीला चक्रवर्ती, खेलाराम बेसरा आदि उपस्थित थे।


### 650 जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण



**पोटका।** अत्यधिक ठंड को देखते हुए जमशेदुर के सांसद विधुत महतो द्वारा प्रदत्त जरूरतमंद, बुजुर्ग सह गरीब लोगों के लिए तूरी में आज लगभग साढ़े छह सौ लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल पाकर बुजुर्ग महिला तथा पुरुष काफी खुश हुए। मौके पर सांसद के निजी सचिव जसवंत महतो, मुखिया अमृत मांझी, भाजपा नेता उपेंद्र नाथ सरदार, गणेश सरदार, पसंस चरण सिंह, पूर्व मुखिया कमलिनी सिंह, रमेश महतो, राम सिंह, पिंटू भंज आदि उपस्थित थे। मौके पर सांसद प्रतिनिधि उपेंद्र नाथ सरदार ने कहा कि विशेष ठंड को देखते हुए संसद महोदय के द्वारा मकर से पूर्व कंबल का वितरण किया जा रहा है। कवाली, तूरी के अलावा भी कालिकापुर, आसनबानी आदि क्षेत्रों में भी कंबल वितरण किया जायेगा। सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि झारखंड सरकार अभी मईया योजना पर ध्यान लगाये हुए हैं।

स्पीड न्यूज

## दो को मेगा ब्लड डोनेशन कैंप : अजीत



मेदिनीनगर। जन कल्याण ट्रस्ट के केंद्रीय अध्यक्ष अजीत दुबे ने शनिवार को मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज सदर अस्पताल में ब्लड बैंक प्रभारी अनवर आलम से शिष्टाचार मुलाकात कर ब्लड डोनेशन कैंप को लेकर चर्चा की। श्री दुबे ने कहा कि दो फरवरी को अस्पताल परिसर में मेगा ब्लड डोनेट कैंप लगेगा। संस्था की वर्षगांठ पर यह कार्यक्रम होगा। इसकी तैयारी पूरी है। जानकारी संगठन के सदस्य पवन बैठा ने दी।

## कीटनाशक दवा खाने से युवती की मौत

सतबरवा पलामू। प्रखंड क्षेत्र के नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में बिश्रामपुर दर्जी मोहल्ला की जुबेदा खातून (18) की मौत कीटनाशक खाने से इलाज के क्रम में हो गयी। थाना प्रभारी विश्वनाथ राणा ने बताया कि कीटनाशक खाने के बाद शुक्रवार की रात इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। पुलिस कई एंगल से जांच में जुटी है। सतबरवा पुलिस के एएसआई अमित उपाध्याय तथा एएसआई बंदिनी लकड़ा ने युवती का राजा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल से पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

## चंदन ने गुरुजी को दी जन्मदिन की बधाई



मेदिनीनगर। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर उनसे मिलकर बुके देकर बधाई दी। साथ ही ईश्वर से गुरुजी की लंबी उम्र की कामना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री सिन्हा ने कहा कि गुरुजी झारखंड के धरोहर हैं और तमाम आंदोलनकारियों के लिए हमेशा से अनुकरणीय और मार्गदर्शन रहे हैं। इन्हीं के बलिदान की देन है कि झारखंड के विगत विधानसभा चुनाव में लाख तिकड़म के बावजूद भाजपा औंधे मुंह गिर गयी और महागठबंधन को प्रचंड बहुमत मिला।

## छह मुहान के पास चला जांच अभियान



मेदिनीनगर। ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने शहर के छह मुहान के पास सघन जांच अभियान चलाया। इस दौरान चार पहिया एवं दोपहिया वाहन की जांच की गयी, जिसमें कुछ बाइक चालक बगैर हेलमेट बिना लाइसेंस के थे। जिसमें से 15 बाइक, एक ब्लैक शीशा कार को जब्त किया गया। शनिवार को बाइक से 19450, चार ई रिक्शा से 6600, एक टेंपो से 10 हजार रुपये आया।

## सहायिका का प्रमाणपत्र निकला फर्जी

पाटन पलामू। बीडीओ सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अमित झा ने कहा कि किशुनपुर पंचायत भवन में हुए सहायिका पद के चुनाव के लिए औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवार मंजू देवी के शैक्षणिक प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन में पुष्टि हुई है कि मंजू देवी के दोनों प्रमाण पत्र फर्जी हैं। उसमें अंक तालिका को एडिट किया गया है। मैट्रिक और इंटर में थर्ड डिवीजन से पास होने के बाद दोनों में अंक बढ़ाकर फर्स्ट दिखाया गया था। यह फर्जीवाड़ा है। उनपर प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जायेगी।

## मकर संक्रांति पर पूर्वडीहा में लगेगा भोजपुरी के स्टार गायकों का जमावड़ा

■ व्यास भरत शर्मा (टू), राकेश मिश्रा, शिवानी सिंह व अक्षरा गुप्ता करेंगे कार्यक्रम



मेदिनीनगर। जिले के पूर्वडीहा में इस बार भी मकर संक्रांति पर 14 जनवरी को मेले पर भोजपुरी के सुपर स्टार गायकों का जमावड़ा लगेगा। इसके लिए कमेटी के अध्यक्ष पपलू दुबे की अगुआई में विशेष तैयारियां चल रही है। उन्होंने बताया कि मेले के सफल आयोजन को एक कमेटी बनी है जिसमें सचिव ब्रजेश दुबे, कोषाध्यक्ष रविंद्र दुबे और निकेत दुबे बनाये गये। इसमें राकेश मिश्रा, भरत शर्मा (2), शिवानी सिंह और अक्षरा गुप्ता हैं।

## सतबरवा में मना बाबूलाल का जन्मदिवस



सतबरवा पलामू। सामाजिक कार्यकर्ता आशीष सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार को सर्वोदय +2 उवि के खेल मैदान में एक समारोह पूर्वक झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का 67वां जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान जिप सदस्य सुधा कुमारी, धावाडीह मुखिया रिंकी यादव, आशीष सिन्हा ने केक काटकर बाबूलाल को स्वस्थ एवं दीर्घायु होने की शुभकामना दी। मौके पर अजय उरांव, अशोक यादव, ज्योति सिंह उर्फ पप्पु, अनुज चंद्रवंशी, रामनाथ पाठक, सिकंदर भुइयां, शबीर, शंकर पासवान थे।

## धांधली को लेकर सीएम को लिखा पत्र



चैनपुर पलामू। प्रखंड के बीस सूत्री अध्यक्ष रंजन दुबे ने सीएम और मुख्य सचिव को पत्र लिखकर चैनपुर प्रखंड के मनरेगा के कार्यों में हो रही अनियमितता से अवगत कराया है। उन्होंने पत्र में लिखा कि चैनपुर प्रखंड अंतर्गत मनरेगा द्वारा संचालित सभी योजनाओं में घोर अनियमितता बरती जा रही है। मनरेगा के कार्यों में सिर्फ खानापूर्ति कर भारी-भरकम पैसे की प्रखंड से पंचायत स्तर तक लूट मची हुई है। योजनाओं में कुल लगभग लाभुकों से पच्चास प्रतिशत कमीशन लिया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव से जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

## नगर पंचायत कार्यालय में संवेदक और सिटी मैनेजर आपस में भिड़े

हुसैनाबाद पलामू। गत दिनों हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय में नगर प्रबंधक राकेश सिंह व संवेदक रोहन सिंह आपस मे भिड़ गये। जिसके बाद झगड़ा तूल पकड़ता देख अन्य कर्मियों की चोट आने का मामला आया है। संवेदक ने भी जबरन निविदा वापस लेने के दबाव एवं ऑफिस में बुलाकर धमकी तथा मारपीट का आरोप लगाया है। इधर, दोनों पक्षों ने थाना में आवेदन देकर एक दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी ने दोनों पक्षों का आवेदन प्राप्त कर जांच शुरू कर दी है।

# सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ें : सांसद बीडी राम

■ संगठन महापर्व सदस्यता अभियान मेदिनीनगर ग्रामीण क्षेत्र के रजवाडीह जमुने पोखराहा में संपन्न

■ भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर महिलाएं देशहित में योगदान दें : प्रथम महापौर अरुणा शंकर



**खास बातें :** कार्यक्रम के सह प्रभारी प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने कहा कि देश की आधी आबादी महिलाओं की भी अधिक संख्या में भाजपा की सदस्यता ग्रहण करनी चाहिए। पार्टी में मान सम्मान के साथ समाज के हर क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिलता है। इसी का परिणाम है कि आज मैं शहर की प्रथम महापौर बन पायी इसलिए सभी माता बहनों को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर अपना बहुमूल्य योगदान देश हित में देना चाहिए। जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में भाजपा है और पीएम मोदी जीत के नेतृत्व में संगठन भी समाज के उत्थान एवं प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकसित राष्ट्र बनने की ओर लगातार बढ़ रहा है। मौके पर रविंद्र तिवारी, उदय शुक्ला, शिवकुमार मिश्रा, विजय ओझा, ईश्वरी पांडेय, किशोर पांडेय, सुशील तिवारी, संटू सिंह, भोला पांडेय, अरुण मिश्रा, अलख दुबे मौजूद थे।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के अध्यक्ष अजय सिंह की अध्यक्षता में ग्रामीण क्षेत्र के रजवाडीह पंचायत मुख्य मैदान में सदस्यता संगठन महापर्व अभियान कार्यक्रम हुआ। संचालन राजा गुप्ता ने किया। कार्यक्रम प्रभारी सह मुख्य अतिथि पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भाजपा संगठन का निर्माण एवं विस्तार ही राष्ट्र निर्माण के लिए हुआ है। पार्टी के सभी कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को पार्टी से जोड़ने के साथ-साथ विचारधारा से भी जोड़ें ताकि वे समाज और राष्ट्र के जो निर्माण में अपनी भागीदारी निभा सकें। आज इसी उद्देश्य को लेकर केंद्र की मोदी सरकार भी विकसित भारत बनाने की और अग्रसर है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं उन्हें की बदौलत संगठन एवं देश हर मुकाम हासिल कर सकता है।

# आज गांधी उद्यान में लगेगा महिला हुनर हाट 2025 : प्रियंका सिंघानिया

■ वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर और सांसद बीडी राम करेंगे उद्घाटन



**खास बातें :** श्रीमती सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में जहां विभिन्न प्रकार लजीज खाने के स्टॉल महिलाएं लगा रही हैं। वहीं मेले को रंगारंग बनाने के लिए बेबी रैंप शो, डांस कंपटीशन, डॉग शो, बॉडीबिल्डिंग शो, मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनी नगर के अलावे महिलाओं के लिए मेहंदी, चूड़ी के भी स्टाल लग रहे हैं। बच्चों के लिए कई गेम्स की व्यवस्था है। इस मेले में 6 वर्ष से कम के बच्चे निःशुल्क आमंत्रित हैं। प्रवेश लक्की कूपन से होगा, जिसकी राशि 50 रुपये है। जिसमें बंपर प्राइज टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन, इसके अलावा कई उपहार हर दो-दो घंटे में लक्की ड्रा निकाले जायेंगे। साथ ही हाउजी खेलने वाले लोगों की अलग व्यवस्था की गयी है। शिखा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले का मुख्य आकर्षण कालबेलिया डांस है जो राजस्थान के कलाकार प्रस्तुत करेंगे। श्रीमती संध्या जायसवाल एवं टीना आनंद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर, सांसद बी डी राम एवं मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी। मेला सुबह 10 से संध्या 6 बजे तक रहेगा।

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग ने प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में लगने वाली महिला हुनर हाट 2025 मेले की तैयारी की जानकारी देते हुए महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल, टीना आनंद ने बताया कि महिला हुनर हाट 2025 की तैयारी पूरी कर ली गयी है। यह मेला पलामू में महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए लगने वाली यह पहला प्रयास है जहां महिला उद्यमी या कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओं को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं उन्हें अपने सामग्री बेचने के लिए बाजार मेले के माध्यम से उपलब्ध होगा।

# नगर पंचायत के विभिन्न मुद्दों को लेकर बसपा का धरना प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता



धरना-प्रदर्शन में शामिल लोग।

हरिहरगंज पलामू। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा नागरिकों को आवश्यक सेवा सुचारू किए बगैर होल्डिंग टैक्स वसूली में अनावश्यक दबाव बनाने के विरुद्ध शनिवार को बहुजन समाज पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इसका नेतृत्व पार्टी के वरिष्ठ नेता प्रमोद कुमार रवि ने किया।

धरना के दौरान उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के सभी वार्डों में अभी भी नागरिकों को सफाई, नाली, सड़क, जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं है। इसके बावजूद होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए लोगों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है। हरिहरगंज नगर पंचायत का बहुत बड़ी आबादी न्यूनतम आय की है। परंतु जन्म मृत्यु निबंधन प्रमाण पत्र के लिए भी होल्डिंग टैक्स कटवाने का दबाव बनाया जा रहा है।

इतना ही नहीं होल्डिंग टैक्स वसूली के लिए बैंक खाता फ्रिज करने जैसे दमनकारी कार्रवाई की जा रही है। जबकि नगर पंचायत के लिए सफाई कार्य करने वाले दर्जनों महिलाओं का मानदेय भुगतान नहीं किया जा रहा है। बाद में होल्डिंग टैक्स वसूली में राहत देने सहित 15 सूत्री मांग का ज्ञापन कार्यपालक पदाधिकारी को सौंपा गया।

मौके पर पूर्व जिप सदस्य आशा कुमारी, बसपा प्रखंड अध्यक्ष सूरजमल राम, सोनू जायसवाल, गोविंद राम, बिरजू मेहता, अशोक मेहता, धनंजय मेहता, कृत राम, जगन सिंह, ज्योति कुमारी, अजय राम, बिट्टू कुमार, अजीत राम, रमन राम व सैकड़ों महिला पुरुष भी थे।

# हत्या मामले में आरोपी पति और उसकी बहन गिरफ्तार, गये जेल

■ तीन माह पूर्व की गयी हत्या को लेकर हुसैनाबाद पुलिस ने की कड़ी कानूनी कार्रवाई

खबर मन्त्र संवाददाता



गिरफ्तार हत्या के आरोपी।

हुसैनाबाद, पलामू। हुसैनाबाद पुलिस ने रीता देवी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी पति गोरख भुइयां व इसकी बहन ममता देवी को शनिवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

हुसैनाबाद थाना प्रभारी सोनू कुमार चौधरी ने बताया कि आरोपी गोरख भुइयां रीता कुमारी के साथ प्रेम विवाह कर हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के नसो जमालपुर के फटहा टोला में अपनी बहन के घर रहता था। शादी होने के कुछ दिनों के बाद दोनों के बीच हमेशा झगड़ा होता रहता था। इसी बीच गोरख भुइयां ने अपनी पत्नी रीता देवी की हत्या कर साक्ष्य को छुपाने के लिए उसे बघमनवा नदी के किनारे एक पेड़ के समीप में दफना दिया था।

जब इस बात की जानकारी मृतक रीता के परिजनों को मिला तो उन्होंने हुसैनाबाद थाना पहुंच कर इसकी जानकारी पुलिस को दी थी। बताया जाता है कि गोरख भुइंया पलामू के पड़वा थाना क्षेत्र के सिका गड़ेरियाडीह गांव का निवासी है। पुलिस ने गोरख भुइयां को उसके घर से गिरफ्तार किया है। जबकि ममता देवी को केशो जमालपुर से पकड़ा गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि वह तीन माह से फरार चल रहा था।

# राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर क्षेत्र में कई कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

■ विश्रामपुर में निकली शोभा यात्रा, देवालयों में हुई महाआरती, कई जगह भंडारा आयोजित



विश्रामपुर (पलामू)। अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर बिश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में कई धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के देवालयों को सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना हुयी। सभी मंदिरों में भगवान श्रीराम की महाआरती भी की गई। इसके अलावा कई मंदिर प्रांगण में महाभंडारा का भी आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मुख्य कार्यक्रम बिश्रामपुर नप मुख्यालय में हुआ जहां ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाला गया। शोभा यात्रा में रथ पर सजा राम दरबार की झांकी व बांदरी सेना आकर्षण का केंद्र रहा। शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचा जहां शाम को महाआरती और भंडारा का आयोजन किया गया था।

# चतरा सांसद ने बंटवाया कंबल

खबर मन्त्र संवाददाता



सतबरवा। चतरा संसदीय क्षेत्र के सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा कड़ाके की ठंड तथा लगातार गिरते तापमान को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण करवाया जा रहा है जिससे जरूरतमंद इस कड़ाके की ठंड में राहत महसूस कर रहे हैं। रबदा पंचायत के पूर्व पंसस धीरज कुमार ने बताया कि माननीय सांसद कालीचरण सिंह के द्वारा सतबरवा प्रखंड क्षेत्र के छः पंचायत क्रमशः बोहिता, रेवारातु, धावाडीह, घुटुआ, बकोरिया तथा रबदा जरूरतमंद तथा गरीबों के बीच कंबल वितरण करवाया जा रहा है। बताया कि भाजपा के बूथ अध्यक्षों तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा जरूरतमंदों घर तक कंबल पहुंचा जा रहा है। धीरज कुमार ने ताया कि शनिवार को अजा तथा अजजा बहुल ठेमा,ठेमी रबदा तथा आदिम जनजाति परहिया समुदाय के फुलवरिया, सलैया गांव में कंबल वितरण किया गया। मौके पर मुकेश कुमार, अनिल सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

## पूर्व सरपंच के निधन पर कई लोगों ने जताया शोक



विश्रामपुर (पलामू)। केतात पंचायत के पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला के निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह, प्रवीण सिंह, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी, निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी, समाजसेवी नवीन चौबे, संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, पूर्व उप मुखिया ओमकार सिंह, मुखिया रोहित तिवारी आदि का नाम प्रमुख है। यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला का निधन नौ जनवरी को हो गया था। स्व शुक्ला 1972 से 1978 तक एकीकृत केतात पंचायत के सरपंच रहे थे। उनके पुत्र गुड्डू शुक्ला ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे।

## बुढ़ीबीर जंगल से पोस्ता की खेती को किया नष्ट



पाटन पलामू। नावा जयपुर थाना प्रभारी कमल किशोर पांडेय ने अपने दल बल के साथ गुप्त सूचना पर बुढ़ी जंगल में एक एकड़ में लगी पोस्ता की खेती को नष्ट किया। पुलिस क्षेत्र में गश्ती के लिए निकली थी। उसी दौरान गुप्त सूचना पर पोस्ता की फसल को नष्ट किया गया। श्री पांडेय ने बताया कि अवैध नशीले पदार्थ के विरुद्ध पुलिस लगातार छापामारी कर रही है। आवश्यक कार्रवाई पुलिस कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रहे इसके लिए नावा जयपुर पुलिस हमेशा तत्पर है।

# ओंकारनाथ जायसवाल ने शुरू करायी नवडीहा प्रीमियर लीग

खबर मन्त्र संवाददाता



पांकी पलामू। नवडीहा बहेरा के खेल मैदान नवडीहा प्रीमियर लीग मैच का आयोजन किया गया। जेएलकेएम पांकी विस के पूर्व प्रत्याशी ओंकार नाथ जायसवाल ने खेल का शुभारंभ किया। कहा कि हर क्षेत्र में खेल का आयोजन होना चाहिए, खेल के आयोजन से युवा के चेहरे पर खुशी का माहोल रहता है, लेकिन जब क्षेत्र का जनप्रतिनिधि युवा पर ध्यान नही देता है तो युवा मे उदासिनता रहता है, आज हमारे बिधानसभा के सभी क्षेत्रों के पंचायत में खेल के स्टेडियम का निर्माण किया गया, लेकिन मनरेगा से निर्माण चयन मे गडबडी के कारण पैसे का बंदरबांट किया गया। वही पर पुर्व सांसद प्रतिनिधि सह जे एल के एम नेता बिनोद प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जनता को क्षेत्र के बिकास होने के बाद ही वोट देना चाहिए।

## पुलिस ने थाना भवन के समीप और दुबियाखांड़ में की वाहनों की चेकिंग

सतबरवा पलामू। सतबरवा पुलिस ने थाना भवन के समीप तथा दुबियाखांड़ में दो दिनों तक लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इससे चालकों में हड़कंप है। पुलिस ने जन जागरूकता अभियान चलाकर चालकों को कई निर्देश भी दिये। शुक्रवार को दुबियाखांड़ में एएसआई अमित उपाध्याय के नेतृत्व में चले अभियान में हेलमेट तथा जरूरी कागजात के अभाव में वाहन जब्त किये। शनिवार को सतबरवा थाना के पास चलाए गए अभियान में वाहन जब्त किये गये।


# राधास्वामी संगठन ने पंचायत समन्वयकों की बैठक करायी

खबर मन्त्र संवाददाता



रामगढ़ पलामू। राधास्वामी संगठन के तरफ से चैनपुर और रामगढ़ प्रखंड के सभी पंचायत समन्यवक का पनेरीबांध में एक बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता चैनपुर प्रखंड के प्रखंड समन्यवयक, अनिता मिश्रा ने की। संचालन प्रखंड समन्यवक उदय यादव ने किया। संगठन के जिला समन्यवक शिवशंकर प्रसाद ने चैनपुर और रामगढ़ के सभी पंचायत समन्यवक को नियुक्ति पत्र दिया। कहा कि संगठन कुछ महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही है, जिसमें कन्यादान, वाहन-आवास योजना है। सभी का लाभी सभी लोगों तक पहुंचना ही संगठन का लक्ष्य है। सूर्यनाथ पांडेय ने वाहन योजना पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर पंचायत समन्वयक, रेखा द्विवेदी, विजय बैठा, सविता देवी, सलोनी टोप्पनो, अहिल्या देवी, सीमा यादव, सोनी वर्मा भी थे।

## पलामू जिले के सभी मंदिरों में धूमधाम से मनाया गया श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ



मेदिनीनगर। श्रीराम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वषगांठ पलामू जिला के प्रखंडों, पंचायत व गांवों में धूमधाम से मनायी गयी। जिलेवासी इसे एक उत्सव के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाये। साथ ही अपने घरों में विशेष पूजा पाठ कर दीप जलाये। जिले के सभी मंदिरों को आकर्षित रूप से सजाकर सुंदर कांड, रामरक्षास्तोत्र, हनुमान चालीसा एवं रामायण पाठ कर प्रभु श्रीराम की आरती उतार भव्य भंडारा व प्रसाद बांटा गया। मौके पर रेड़मा काली मंदिर, ठाकुरबाड़ी मंदिर, जनकपुरी मंदिर, राम जानकी मंदिर, विष्णु मंदिर, महावीर मंदिर, छह मुहान स्थित महामंगला काली मंदिर, बजरंगबली मंदिर, स्टेशन रोड शिव मंदिर, शिवाला घाट मंदिर में कार्यक्रम हुआ।

# राष्ट्रीय युवा दिवस सह विवेकानंद जयंती पर शिशु मंदिर, जपला में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारी व संबोधित करता छात्र।

हुसैनाबाद पलामू। शहर के नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में राष्ट्रीय युवा दिवस सह विवेकानंद जयंती समारोह पर पूर्व छात्र सम्मेलन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथि विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के उपाध्यक्ष डॉ सत्येंद्र चंदेल, प्राचार्य कुशजी पांडेय, प्रभारी प्राचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, पूर्व छात्र विशाल कुमार, राहुल सिंह ने मां सरस्वती, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया। वहीं भैया-बहनों ने पूर्व छात्रों का अभिनंदन स्वागत गीत से किया। प्राचार्य ने पूर्व छात्रों से कहा कि आज सरस्वती शिशु मंदिर के कई पूर्व छात्र सरकारी, प्राइवेट क्षेत्रों में अपनी एक पहचान बनाए हुए हैं। शिशु मंदिर से मिले संस्कारों और नैतिक शिक्षा का प्रसार कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य आपको विद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक प्रसार और समरसता के कार्यों में जोड़ना है। आप अपने जीवन पथ पर अग्रसर है, जहां आपको नित नई चुनौतियों का सामना करना होगा। उनका सामना किस प्रकार करना है, वो मार्गदर्शन के लिए भी आज आप आमंत्रित हैं। मौजूदा चुनौतियों का सामना में इस विद्यालय की शिक्षा कितना उपयोगी साबित साबित हुआ आप सबके जीवन में।

**खास बातें :** वहीं पूर्व छात्र परिषद के प्रमुख आचार्य शशि कुमार ने युग पुरुष विवेकानंद के बारे में विस्तृत जानकारी दी। स्वामी जी के जीवन से जुड़ी कई रोचक घटनाओं को प्रस्तुत कर कहा कि हम सभी को उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। नयी ऊर्जा और फुर्ती के साथ समस्याओं का समाधान ढूंढ़ना चाहिए। भैया-बहनों ने विवेकानंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। पूर्व छात्र सम्मेलन में सांस्कृतिक कार्यक्रम किये गये। संचालन हर्षदा उपाध्याय ने किया। इसमें 50 पूर्व छात्र-छात्राएं मौजूद थे। पूर्व छात्रों ने कहा कि विद्यालय में संस्कार, आचरण व शीलता जैसे आवश्यक मानवीय गुणों का विकास होता है। मौके पर विद्यालय के पूर्व छात्र मनीष गुप्ता, सौरभ सिंह, अभिषेक पाठक, धर्मेंद्र मेहता, अनुप चतुर्वेदी, सचिन आनंद, संदीप सोनी, पंकज गुप्ता सहित अन्य पूर्व छात्र उपस्थित थे।

# चतरा सांसद कालीकरण सिंह की पत्नी ने गरीबों के बीच किया कंबल वितरण

■ राहत का कंबल पाकर ग्रामीणों के चेहरे पर खुशी झलके

शिवशंकर पासवान



जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण करते अतिथि व उपस्थित अन्य।

पांकी पलामू। चतरा सांसद कालीचरण सिंह के पहल पर पांकी प्रखंड के ताल पंचायत में चतरा सांसद की धर्मपत्नी जयमंती देवी ने वृद्ध एवं असहायों के बीच कंबल का वितरण किया। उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। इस ठंड में असहाय वृद्ध महिला पुरुष के बीच लगातार कंबल वितरित किया जा रहा है पंचायत-ताल के बारा, मतुली, छापर, सोरठ, कमल, औकाखजुरी, तेतरियाडीह ग्रामीण के बीच करीब सैकड़ों कंबल वितरण किया गया। मौके पर भाजपा ओबीसी मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष शंकर प्रसाद गुप्ता, पांकी मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पांडेय, महामंत्री श्यामनंदन ओझा, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष कुंदन सिंह, मंत्री रीमा शर्मा, लोहारसी मंडल पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण सिंह ,मुखिया अनीता लोहार, जोगिंदर यादव, बिंदेश्वरी यादव, धर्मेंद्र यादव, मधु सिंह, छोटू मंटू शर्मा, साधु मांझी, अरविंद सिंह, नवनीत सिंह, चंद्रशेखर सिंह उर्फ लाल सिंह कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 20 तक

**गढ़वा।** भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा है कि भाजपा संगठन महापर्व सदस्यता अभियान सत्र 2024-30 की शुरुआत 22 दिसंबर से हुई है, जो 20 जनवरी तक जिले के सभी बूथ स्तर पर चलाया जा रहा है। जिसमें प्राथमिक एवं सक्रिय सदस्य बन रहे हैं। जो कार्यकर्ता कम से कम 50 सदस्य बनाएंगे वही सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। जो सक्रिय सदस्य बनेंगे वही बुथ से लेकर जिला प्रदेश के दायित्व में रह सकते हैं। श्री महतो ने कहा कि सदस्यता महाभियान के दौरान जिले में निवास करने वाले प्रदेश पदाकिारी जिला पदाकिारी मंडल सहित सभी मोर्चों के पदाकिारी प्रकोष्ठों के कार्यकर्ता के लिए सक्रिय सदस्य बनना अनिवार्य है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे ने कहा कि गढ़वा जिले में बुथ स्तर पर कार्यकर्ता दिन-रात मेहनत कर रहे हैं।

### शांति निवास और बीएनटी संत मैरी बालिका वर्ग के फाइनल में

**गढ़वा।** 23वी गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को तीन विकेट से जबकि बीएनटी संत मैरी ने रोमांचक मुकाबले में आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा को चार रनों से हराकर प्रतियोगिता के फाइनल में पहली बार प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में पहले सेमीफाइनल मैच में शांति निवास की रिमझिम की गेंदबाजी के सामने ज्ञान निकेतन की पूरी टीम 48 रन पर ही सिमट गई।

### जागरूकता शिविर का आयोजन

**गढ़वा।** उच्च न्यायालय झालसा रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में शहर के उमंग वाटिका हॉल में कानूनी जागरूकता षिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान अनुमंडल के पांच ब्लक की सेविकाओं के बीच पीएलवी ष्णा नन्द दुबे, मुरली श्याम तिवारी, अरविन्द तिवारी ने गर्भवती धात्री महिलाओं के अधिकार, घरेलू हिंसा, छोटे-छोटे पारिवारिक विवाद, मध्यस्थता, स्थाई लोक अदालत, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, डायन प्रथा प्रतिषेद्य अधिनियम, वृद्ध माता पिता की देखभाल आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी।

### भवनाथपुर में मना शिबू सोरेन का जन्मदिन

**भवनाथपुर।** झामुमो प्रखण्ड कार्यालय में शिबू सोरेन का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। झामुमो द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव ने केक काटकर कार्यकर्ताओं को खिलाई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने शिबू सोरेन के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए नारेबाजी की। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन संघर्षों भरा रहा है। उनके संघर्षों के कारण ही आज झारखंड अलग राज्य बन पाया है।

### मोटरसाइकिल एवं कार की टक्कर में युवक घायल, रेफर

**मझिआंव।** थाना क्षेत्र के मझिआंव-सुंडीपुर रोड स्थित चंद्रवंशी पेट्रोल पंप के समीप अंधा मोड़ पर कार एवं मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक बुरी तरह घायल हो गया। घायल की पहचान रमना थाना क्षेत्र के बहियार गांव के सपही टोला निवासी इमाम अंसारी के पुत्र सद्दाम अंसारी के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही रेफरल अस्पताल प्रभारी के निर्देश पर तत्काल एंबुलेंस को घटनास्थल पर भेज कर घायल युवक को रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया गया।

### मुखिया के ससुर का निधन

**भवनाथपुर।** पंडरिया पंचायत के मुखिया गायत्री देवी के ससुर भाजपा नेता अनिल चौबे के 85 वर्षीय पिता युगल किशोर चौबे का शनिवार को निधन हो गया। मृतक के घर पर पहुंच कर स्थानीय लोग और कार्यकर्ता शोक व्यक्त करने पहुंचे और परिजनों को ढांढस बंधाया। इस दुःखद घड़ी में क्षेत्रवासियों ने परिवार के साथ संवेदना व्यक्त किया। मुखिया गायत्री देवी के ससुर के निान से परिवार में गहरा शोक व्याप्त है। गांव के पानी श्मशान घाट पर पुत्र सुनील चौबे नें मुखाग्नि दी। शोक व्यक्त करने वालों में चपरी पंचायत मुखिया शैलेश चौबे, भानु गुप्ता, दुदून चौबे, उपेंद्र चौबे, महेंद्र पासवान, अरुण चौबे, राजेंद्र यादव, जसमुद्दीन अंसारी, अफजल अंसारी, असदुद्दीन अंसारी, सच्चिता सिंह, विनोद दुबे, छोटन दुबे सहित कई लोग थे।

### मुखिया ने किया 200 कंबल का वितरण

**मझिआंव।** क्षेत्र में बढ़ती ठंड एवं शीतलहरी को देखते हुए प्रखंड क्षेत्र के मोरबे पंचायत की मुखिया निर्मला देवी ने अपने पंचायत में 200 गरीब असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। इसके पूर्व उन्होंने अपने पंचायत के सभी 14 वार्डों के वार्ड सदस्यों को अपने-अपने क्षेत्र में गरीब,लाचार एवं असहायो की सूची तैयार करने का निर्देश दिया था। वार्ड सदस्यों के द्वारा तैयार सूची के आाार पर सभी लाभूकों के बीच कंबल का वितरण किया गया।

### एसडीओ ने किया ब्लड बैंक का निरीक्षण, दिया सुधार के निर्देश

**गढ़वा।** एसडीओ संजय कुमार ने शनिवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक की व्यवस्थाओं और कार्यप्रणाली का गहन निरीक्षण किया। एसडीओ ने ब्लड बैंक में उपलब रक्त समूहों की जानकारी फ्लेक्स बोर्ड पर प्रदर्शित करने का निर्देश दिया, ताकि जरूरतमंदों को आसानी हो। इस दौरान एसडीओ ने बताया कि पिछले काफी विद एसडीएम कार्यक्रम में थैलीसीमिया मरीजों के परिजनों ने ब्लड बैंक के कुछ कर्मियों के दुर्व्यवहार की शिकायत की थी। इन शिकायतों को ध्यान में रखते हुए स्वयं ब्लड बैंक की बारीकी से जांच की।

### कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र का वितरण

**मंझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत पुरानी हस्पिटल के नजदीक न्यूटन कंप्यूटर क्लासेज में सत्र 2023-24 के कंप्यूटर एडीसीए कोर्स में उत्तीर्ण छात्रों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस सर्टिफिकेट वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मंझिआंव के अंचलााकिारी प्रमोद कुमार तथा स्थानीय थाना के आकिारी संजय कुमार मुंडा को न्यूटन कम्प्यूटर क्लासेज के निदेशक अमित कुमार मेहता ने बुके देकर समारोह में शामिल मुख्य अतिथि तथा छात्रों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार जताया। वहीं अंचल पदाकिारी प्रमोद कुमार ने छात्रों को प्रमाण पत्र, शील्ड तथा मेडल का वितरण करते हुए संस्थान से मिले कंप्यूटर तकनिकी शिक्षा का अपने जीवन में उपयोग कर उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। मंझिआंव थाना के एसआई संजय कुमार मुंडा ने छात्रों को कंप्यूटर शिक्षा के महत्व को समझाया तथा छात्रों को भविष्य के प्रशानिक सेवा, तथा प्रतियोगि परिक्षाओं के क्षेत्र में इसके महत्व को बताये। निदेशक अमित कुमार मेहता ने कहा की यह संस्थान 2018 से इस क्षेत्र में कंप्यूटर तकनिकी शिक्षा प्रशिक्षण देते आ रहा है। सरकारी तथा गैर सरकारी नौकरी के क्षेत्र में कैसे सफलता पाए इसका भी मार्गदर्शन किया। मौके पर सत्यम कुमार जायसवाल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

#### 14 से 16 जनवरी तक सतबहिनी झरना तीर्थ में लगेगा

# मकर संक्रांति का चौथा विराट मेला

### मानस महायज्ञ की रजत जयंती को लेकर बैठक भी 14 जनवरी को

खबर मन्त्र संवाददाता



मकर संक्रांति में सतबहिनी झरना मेला का (फाइल फोटो)

**कांडी।** प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सतबहिनी झरना तीर्थ में मकर संक्रांति के विराट मेले की तैयारी शुरू हो गई है। इस मेला में स्थानीय 100 गांवों के साथ कई शहरो व झारखंड के कई जिलों एवं देश के कई राज्यों के लोग भाग लेते हैं। देश के उत्ष्ट पर्यटन स्थलों में शुमार सतबहिनी झरना तीर्थ में लगने वाले पांच मेलों में से वर्ष का चौथा मेला सूर्य के उत्तरायण होने की खुशी में 14 जनवरी से शुरू होकर 16 जनवरी तक चलेगा। इस विराट मेले को लेकर हजारों की संख्या में सजने वाली दुकानों के लिए स्थानीय एवं बाहरी दुकानदारों के द्वारा स्थान सुरक्षित कराया जा रहा है। सतबहिनी झरना तीर्थ के इस मेले की काफी दूर-दूर तक ख्याति है। इस कारण इस मेले में लाखों की संख्या में पर्यटकों की भीड़ उमड़ती है। सतबहिनी झरना को शून्य से शिखर तक पहुंचाकर इसे सतबहिनी झरना तीर्थ बनाने वाली संस्था मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति मेले की सफल व्यवस्था के लिए हफ्तों से जुटी हुई है। ज्ञात हो कि यह मेला झरना घाटी से पश्चिम की ओर सुविस्तृत मेला मैदान में लगा करता है। भारी भीड़ होने पर इस मेला से बाहर के मैदान तक दुकानें सजती हैं। जिसमें लाखों की संख्या में लोगों को खरीदारी करते देखा जाता है। इार सूर्य के उत्तरायण होने को हिंदू धर्म में बहुत बड़े त्यौहार की मान्यता दी गई है।

### मुख्यमंत्री ने दरभंगा को दी 1,500 करोड़ रुपये की सौगात

**पटना।** प्रगति यात्रा के क्रम में आज दरभंगा पहुंचे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जिले को 1,500 करोड़ रुपये की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने 186 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके तहत 935.28 करोड़ रुपये की लागत से 89 योजनाओं का उद्घाटन एवं 561.75 करोड़ रुपये की लागत से 97 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। प्रगति यात्रा के क्रम में मुख्यमंत्री ने दरभंगा जिला अंतर्गत मुख्यमंत्री बाल आश्रय विकास योजना के तहत दरभंगा जिले के मौजा मनिहास में 200 आवासन के नवनिर्मित वृहद् आश्रय गृह भवन का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने सिंहवाड़ा प्रखण्ड स्थित सिमरी में चंद्रसार तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि यह काफी बड़ा तालाब है, जो 52 बीघा में स्थित है।

### रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ पर भंडारा का आयोजन



वितरण करते लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप शनिवार को रामलला मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भव्य भंडार का आयोजन किया गया। इस आयोजन की अगुवाई युवा समाजसेवी दौलत सोनी और संया सोनी ने की। ज्ञात हो कि प्राण प्रतिष्ठा हिंदू ार्म का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान है, जिसमें भगवान की मूर्ति में प्राणों की स्थापना की जाती है, जिससे वह पूजनीय बनती है। यह आयोजन समाज को जोड़ने और सामूहिक आस्था को मजबूत करने का प्रतीक बन गया। पिछले वर्ष रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल द्वादशी तिथि पर संपन्न हुई थी।

## झामुमो ने मनाया दिशोम गुरू का 81वां जन्मदिन



जन्मदिन मनाते झामुमो नेता

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरू शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के कल्याणपुर स्थित आवास पर ामाम से मनाया गया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा कि दिशोम गुरू शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को वर्त्तमान रामगढ़ जिले के नेमरा ग्राम में हुआ था। इन्होंने प्रारंभिक पढ़ाई ग्राम नेमरा के ही सरकारी विद्यालय से की थी। इनके पिता स्व. सोबरन सोरेन शिक्षक थे। वें अन्याय के खिलाफ आवाज उठाते थे। साथ ही महाजनों के अनैतिक त्यों का विरोा करते थे। महाजनों द्वारा 27 नवंबर 1957 को इनके पिता की हत्या करा दी गई। अपने पिता की हत्या के पश्चात इन्होंने अपनी पढ़ाई छोड़ दी और महाजनों के खिलाफ संघर्ष करने का फैसला किया। इस क्रम में गोला के आस-पास महाजनों के खिलाफ युवाओं को एकजूट कर संघर्ष करना प्रारंभ कर दिए। इनके द्वारा संथाल के उत्थान के लिए संथाली युवाओं को एकजूट कर सोनोत संथाल समाज का गठन किया गया। झारखण्ड मुक्ति मोर्चा ने अलग झारखण्ड राज्य के लिए इनके नेतृत्व में लंबा आंदोलन चलाया। फलतः 15 नवंबर 2000 को झारखण्ड राज्य का गठन किया गया और इनका सपना साकार हुआ। मौके पर झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर खान, सचिव मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, कंचन साहू, अनिता दत्त आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### कोर्ट नोटिस

न्यायालय,
श्रीमति रशीम चन्डेल, सिविल जज
डालटनगंज, पलामू।
ओरिजन सूट वाद सं. - 224/2020-21
ब्रह्मदेव यादव ------- वादी।
बनाम
फुनी यादव वगैरह ---- प्रतिवादीगण।
नोटिस बनाम

उदित राम, कुलदीप राम, प्रदीप राम सङ्गी पिता स्व. विनय राम , आलोक तिवारी पिता स्व.बुटन तिवारी, कृष्णा तिवारी, प्रेमोद तिवारी दोनों पिता स्व. जयराम तिवारी, सुरेश यादव पिता खुशी यादव, प्रह्लाद यादव पिता बंधु यादव, जयलद गिरि वो बाल गिरि पिता स्व जोकु गिरि, दिनेश तिवारी पिता स्व बलङ्गाद्र तिवारी, सच्चिदा तिवारी वो मनोज तिवारी, वो लव तिवारी, वो सुनील तिवारी सङ्गी पिता स्व. मुरारी तिवारी सङ्गी ग्राम पचमो पो.+थाना-लेस्लीगंज (नीलांबर पीतांबरपुर) जिला- पलामू राज्य झारखंड।

वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने आप लोगों के विरुद्ध यह हक वाद मेरे न्यायालय में दायर किये हैं जिसमें आपलोगों को निबंधित डाक एवं नजारत के माध्यम से नोटिस की गई परंतु आपलोग उपस्थित नहीं हुये हैं। मुकदमा की अगली तारीख दिनांक 11/02/2025 को निर्धारित है।

अतः आपको आगाह किया जाता है कि नियत तिथि को सुबह 10:30 बजे न्यायालय में आपलोग खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते हैं अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में वादी की सुनवाई एक पक्षीय होगी। इसे सख्त ताकिद जानें।

आज दिनांक 20-12-2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मोहर से जारी किया गया।

हस्ताक्षर सिविल जज
डालटनगंज।

### कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–22, वर्ष 2024–25)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– 20.01.2025 से 21.01.2025 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– 22.01.2025 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराह्न तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 22.01.2025 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराह्न में
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद_ :– Prayatan

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Kunda | Kunda | Kunda | Construction of Bench (Seating chair at mahadev math) | 430700 | 750 | 9000 | 03 months |
| 2 | Kunda | Kunda | Kunda | Construction of guardwall at Pooja sthal | 706900 | 1250 | 14500 | 03 months |

निविदा की शर्ते –
1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद्, चतरा।

PR.NO.344065 District(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

mail-rdsdgumla123@gmail.com

अति अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/GUMLA/26/2024-25

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गुमला जिला अंतर्गत सिसई प्रखण्ड के ग्राम– चेंगरी, पंचायत– भुरसो, में सुनील साहु के घर से मुनेश्वर साहु के घर तक (1750 फीट) एवं चामू साहु के घर से चरवा उरॉव के घर(1380 फीट) तक पी०सी०सी० पथ निर्माण कार्य। | 58,96,900.00 | 1,18,000.00 | 10,000.00 | 06 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि –20.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 20.01.2025 से दिनांक 27.01.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, गुमला।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 29.01.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06524223013 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

PR 344096 Rural Development (24-25)_D

### कार्यालय नगर पंचायत, डोमचॉच (कोडरमा)

अति अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–07 / 2024–25 दिनांक–11.01.2025

| क्र0 सं0 | वार्ड सं0 | कार्य का नाम | निविदा की राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | Const. of pcc road and drain with cover from maheshpur bajrangbali to pond near doman sundi house via kedar sundi house. | 3664264.00 | 73500.00 | 5000.00 | 03 Months |
| A | Date of Publication of Tender on website. | | | | 15.01.2025 | |
| B | Last Date/Time for receipt bid on online | | | | 21.01.2025 | |
| C | Date of Opening Tender | | | | 22.01.2025 | |
| D | Name & Address of office inviting tender | | | | Executive Officer Nagar Panchayat Domchanch | |
| E | Helpline No. | | | | 6202577681 | |

प्रशासक
नगर पंचायत, डोमचॉंच।

PR.NO.344110 Urban Development(24-25):D

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा

ई-अतिअल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना

ई–निविदा संख्या– 01/RI/2024-25/RWD/CHATRA दिनांक– 10.01.2025

कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा द्वारा जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT) मद अन्तर्गत् निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पुनर्निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | आईडेन्टिफिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अंक में | प्राक्कलित राशि (रूपये में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | कॉल सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/ CHATRA/02/ 2024-25 | मयुरहण्ड | हुसिया | महुअरी | आर.ई.ओ. रोड पावर ग्रिड से प्रा. विद्यालय महुअरी तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 54,42,000.00 | चौअन लाख बेआलीस हजार मात्र | 06 माह | द्वितीय |
| 2 | RWD/ CHATRA/11/ 2024-25 | हण्टरगंज | पाण्डेय पुरा | करमा | राजेन्द्र सिंह के घर से बाला भुईया के घर तक पी.सी.सी. पथ निर्माण | 55,86,200.00 | पचपन लाख छियासी हजार दो सौ मात्र | 06 माह | द्वितीय |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 16.01.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :– 24.01.2025 अपराह्न 5.00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.01.2025 अपराह्न 3.30 बजे।
5. ई–निविदा आमंत्रित करनेवाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा, द्वितीय तल, विकास भवन, चतरा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या :– 06541-296208

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमण्डल, चतरा

PR 344126 Rural Work Department (24-25)_D

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004 / 99

### भारत का राजपत्र
### The Gazette of India

सी.जी.–डी.एल.अ–06012025–259935
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 43] नई दिल्ली, शुक्रवार, जनवरी 3, 2025 / पौष 13, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 3 जनवरी, 2025

**का.आ. 45 (अ).** – केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का.आ. 4050 तारीख 19.09.2024, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) तक के राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण (चौडाकरने / चार लेन का बनाने, आदि), अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख "04.10.2024" को "टाइम्स ऑफ इंडिया" और "खबर मंत्र" दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार को अपनी रिपोर्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के गुमला जिले में NH43 के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 32.400 (उपायुक्त कार्यालय, गुमला) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।**

[फा.स. NHAI/PIU/GUM/CG-JH Border/LA/3D]
अभय जैन, निदेशक

जिला: गुमला
प्रकाशन तिथि: 3 जनवरी, 2025
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए / पीआईयू / पीएमयू / आरओ / ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## समय संवाद

सदियों से इस त्यौहार में क्षेत्रीय रीति रिवाज को शामिल करते हुए इसके नामों में बदलाव किए गए । पंजाब में मकर संक्रांति लोहड़ी का रूप है,जिसमें अलाव जलाए जाते है। पारंपरिक नृत्य किए जाते है । तमिलनाडु में यह चार दिवसीय फसल उत्सव पोंगल के रूप में मनाया जाता है। मध्य कालीन मुगल काल के दौरान शुरू की गई पतंग उड़ानें की परम्परा, स्वतंत्रता और खुशी का प्रतीक बनकर उत्सव का अभिन्न अंग बन गई है। पौष मास की सर्दी के कारण हमारा शरीर कई तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाता है।

# मकर संक्रांति का त्यौहार एक सांस्कृतिक, धार्मिक और कृषि उत्सव



**विमला कुमारी**

**मकर संक्रांति और योग**

भारत त्यौहारों का देश है । प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को मकर संक्रांति मनाए जाते है । मकर संक्रांति का त्यौहार एक सांस्कृतिक ताने बाने के साथ साथ धार्मिक भक्ति , कृषि उत्सव और सामुदायिक भावनाओं एक दूसरे से जोड़कर जीवंत बन ाता है ।मकर संक्रांति के दिन ग्रहों के राजा सूर्य देव मकर राशि में प्रवेश करते है ।सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करने को संक्रांति कहते है । सर्दियों का अंत और लंबे दिनों की शुरूआत होती है ,क्योंकि सूर्य दक्षिण से उत्तर की ओर जाते है इसलिए यह पर्व सूर्य देव को समर्पित है ।एक खगोलीय पिंड होने के अलावा सूर्य ऊर्जा , प्रकाश और जीवन के ब्रह्मांडीय स्रोत का प्रतीक है। पौराणिक कथाओं एवं धार्मिक मान्यताओं के अनुसार मकर संक्रांति के दिन ही गंगा भागीरथी के पीछे पीछे चलकर कपिल मुनि के आश्रम से होती हुई सागर में जा मिली थी । यह त्यौहार बुराई अच्छाई और पाप पुण्य की जीत का भी प्रतीक है । इसी दिन भगवान विष्णु ने असुरों का अंत किया था ।आध्यामिक दृष्टिकोण से मकर संक्रांति के दिन लोग पवित्र नदियों में डुबकी लगाते है। ऐसी मान्यता है कि इससे सारे पाप धूल जाते है और आत्मा का शुद्धिकरण हो जाता है। गंगा नदी के तट पर आने के पीछे भक्ति , एकता की गहरी भावना उभर कर आती है। हिंदू धर्म में माह को दो पक्षों में बांटा गया है । कृष्ण पक्ष और शुक्लपक्ष। उसी तरह वर्ष को दो आयनों में बांटा गया उत्तरायण ओर दक्षिणायन दोनों के मिलने से एक वर्ष होता है । महाभारत में भीष्म पितामह ने सूर्य के उत्तरायण होने पर स्वेच्छा से शरीर का परित्याग किया था । इसका कारण यह था कि उत्तरायण में देह छोड़ने वाली आत्माएं या तो कुछ काल के लिए देवलोक में जाती है या पुनर्जन्म के चक्र का बंधन छूट जाता है । स्वयं भगवान श्री कृष्ण ने उत्तरायण का महत्व बताते हुए कहा कि उत्तरायण के छह मास के शुभ काल में जब सूर्य देव उत्तरायण में होते है तो पृथ्वी प्रकाशमय रहती है। इस प्रकाश में शरीर का परित्याग करने से व्यक्ति पुनर्जन्म के चक्कर में नहीं बंधता ।योग और ध्यान साधना के लिए वसंत और शरद ऋतु उपयुक्त माना गया है। दक्षिणायन का मध्य शरद , उत्तरायण का मध्य वसंत में योग करने वाले साधक को निश्चित रूप से सिद्धि प्राप्त होती है और वह रोग मुक्त भी रहता है । कृषि के लिहाज से मकर संक्रांति फसल कटाई के मौसम के दलहीज पर रहता है जो किसनों को फलदाई एवं समृद्ध उपज की ओर प्रेरित करता है । सूर्य जब उत्तरायण होता है तब इसकी किरणे हमारे शरीर के लिए औषधि का काम करती है। योग साधना से हम स्वस्थ शरीर का निर्माण करते हैं। पौष्टिक आहार जैसे तिल गुड जिसकी तासीर गर्म होती है उसको मकर संक्रांति से जोड़ दिया गया है। तिल गुड का सेवन करने से अन्त शुद्धि होती है। इम्युनिटी बूस्ट होती है । तिल के बीज से विटामिन बी 6 और विटामिन ई, कैल्शियम भरपूर मात्रा में मिलता है। माघ मेले का उल्लेख हिंदू महाकाव्य महाभारत मे भी मिलता है । हर 12 साल में मकर संक्रांति कुम्भ मेले के साथ मनाया जाती है । यह दुनिया के सबसे बड़े सामूहिक तीर्थ यात्राओं में से एक है जिसमें अनुमानित 60 करोड़ लोग इस आयोजन में शामिल होते हैं। वे सूर्य की आराधना करते हैं तुलसीदास जी ने रामचरितमानस में लिखा है कि **माघ मकरगति रवि जब होई, तीरथ पतिहि आव सब कोई**

**देव दानुज किन्नर नर श्रेणी। सदर मजहि सकल त्रिवेणी।।**



अर्थात सूर्य देव के मकर राशि में जाने पर सब लोग तीर्थ राज प्रयाग में जाते हैं। देव ,दानव किन्नर और मानवों के समूह सब सादर त्रिवेणी में स्नान करते हैं। स्नान ही नहीं दान भी संक्रांति का महत्वपूर्ण है । संक्रांति में जरूरत मंद लोगों को सामर्थ्य अनुसार गुड तिल कपड़े , खिचड़ी आदि दान भी दिया जाता है ऐसी मान्यता है कि दान देने से खुशी के साथ साथ पुण्य की भी प्राप्ति होती है । मकर संक्रांति का सार प्रतीकात्मक अर्थ में निहित है जो प्रकृति की ओर चलने और जीवन समृद्धि के नवीकरण और आनंद की ओर ले जाता है । **(योग प्रशिक्षक)**

# अपनी खुशी है अपने हाथ

**प्रशांत झा**



**आज** युवा दिवस है। युवाओं पर ही देश का भविष्य टिका है। दुनिया का सबसे युवा देश आखिर कार आज भी सकरात्मक भाव से उपर क्यों नहीं उठ पा रहा है।

जीवन में हमने महसूस किया है कि एक पक्ष कुछ देता है और दूसरा पक्ष उसे स्वीकार करता है। ऐसा होने पर ही लेनदेन की प्रक्रिया पूरी होती है। यदि एक पक्ष कुछ दे और दूसरा पक्ष लेने से मना कर दे तो फिर लेनदेन की प्रक्रिया अधूरी रह जाती है। हम जो कुछ भी दूसरों से प्राप्त कर रहे हैं, उसमें हमारी भी सहमति होती है।

महात्मा बुद्ध एक बार एक ऐसे गांव से जा रहे थे जहां के लोग अपने धर्मगुरु के प्रभाव में रहने के कारण उन्हें पसंद नहीं करते थे। उस गांव से जब वह गुजर रहे थे तो अनेक लोगों ने उनकी निंदा की, उन्हें अपशब्द कहे और गालियां दी। महात्मा बुद्ध खामोशी से अपना सफर तय करते रहे। उस गांव के लोगों के कटु व्यवहार का उन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। सबसे अंत में वह धर्मगुरु मिले जिनके प्रभाव में आकर गांव वाले महात्मा बुद्ध के साथ गलत व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने पूछा कि गांव वालों ने आपकी इतनी निंदा की, आपको इतनी गालियां दी। फिर भी आप क्रोधित नहीं हुए? क्या कारण है? महात्मा बुद्ध मुस्कुराए और बोले- कुछ समय पूर्व मैं एक दूसरे गांव से गुजरा था। वहां के लोगों ने मेरे लिए छप्पन किस्म के पकवान जिसमें अनेक तरह की मिठाइयां भी शामिल थी, का प्रबंध किया था। उन्होंने सब कुछ मुझे देना चाहा। मेरा पेट भरा था। मैंने कुछ नहीं लिया। तो वह पकवान और मिठाइयां कहां रह गईं? उन्हीं के पास ना जो मुझे देने की कोशिश कर रहे थे। इस गांव में मुझे निंदा और तिरस्कार देने का प्रयास किया गया। मैंने उन्हें ग्रहण नहीं किया है। वे सब यहीं रह गए हैं और मैं अपने सफर पर आगे निकल गया हूं। इन बातों से उस धर्मगुरु की आंखें खुल गई और उन्होंने महात्मा बुद्ध से माफी मांगी।

हमारे जीवन में भी ऐसा ही होता है। यदि किसी दूसरे के व्यवहार से हमें क्रोध आता है। यदि किसी और के व्यवहार से हमें घृणा होती है। यदि किसी और की बात सुन हम झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं तो फिर उसके लिए किसी और को दोषी ठहराना उचित नहीं। क्रोध, घृणा और झगड़ा करने की भावना जब हमारे मन में होती है तभी हम किसी के उकसाने या गलती पर क्रोध, घृणा या झगड़ा करते हैं। यदि आपके साथ भी ऐसा हो रहा हो तो आत्ममंथन आवश्यक है। संभव है कि क्रोध की उत्पत्ति के लिए कोई वाजिब कारण मौजूद हो, लेकिन उसे स्वीकार तो हमने ही किया। भले ही किसी और के घटिया कृत्य से हमारे मन में घृणा के भाव ने जन्म लिया, पर हमारा योगदान तो उसमें रहा ही। स्मरण रहे कि ताली कभी भी एक हाथ से नहीं बजती। दूसरा हाथ का योगदान चाहे कितना ही कम हो, दोनों हाथों के मिलन से ही आवाज निकलती है। किसी का देना तभी पूर्ण होता है जब हम उसे लेते हैं। लोभ, क्रोध, घृणा, कामुकता और मोह जैसी भावनाएं यदि हम लेने से इनकार कर दें, तो दूसरे लोग चाह कर भी हमें दे नहीं पाएंगे।

गांधी जी को ब्रिटिश राज का दुश्मन मानता था। उस अंग्रेज ने कागज के कई पन्नों पर तरह-तरह की गालियां लिख कर महात्मा गांधी के पास भिजवा दी । महात्मा गांधी ने बड़े ही सहज भाव से कागज के पन्नों में लगे पिन को निकाल कर रख लिया और फिर कागज के सभी पन्नों को उस अंग्रेज के पास वापस भिजवा दिया। पहले पन्ने पर लिख भी दिया- मुझे इन सब चीजों की जरूरत नहीं। इन्हें आप अपने पास ही रख लीजिए। उस अंग्रेज व्यक्ति की घृणा उसके पास रह गई और गांधी जी के मन की शांति और प्रसन्नता उनके साथ रह गई।

# हनुमान चालीसा की रचना

बात 1600 ईस्वी की है यह काल अकबर और तुलसीदास जी के समय का काल था। एक बार तुलसीदास जी मथुरा जा रहे थे, रात होने से पहले उन्होंने अपना पड़ाव आगरा में डाला, लोगों को पता लगा कि तुलसीदास जी आगरा में पधारे हैं। बीरबल ने अकबर को बताया, इन्होंने ही रामचरितमानस की रचना की है, यह रामभक्त तुलसीदास जी है, मैं भी इनके दर्शन करके आया हूं। अकबर ने भी उनके दर्शन की इच्छा व्यक्त की और कहा मैं भी उनके दर्शन करना चाहता हूँ।

बादशाह अकबर ने अपने सिपाहियों की एक टुकड़ी को तुलसीदास जी के पास भेजा और तुलसीदास जी को बादशाह का पैगाम सुनाया कि आप लालकिले में हाजिर हों। यह पैगाम सुन कर तुलसीदास जी ने कहा कि मैं भगवान श्रीराम का भक्त हूँ, मुझे बादशाह और लालकिले से मुझे क्या लेना-देना और लालकिले जाने के लिए साफ मना कर दिया। जब यह बात बादशाह अकबर तक पहुँची तो बहुत बुरी लगी और बादशाह अकबर गुस्से में लालताल हो गया, और उन्होंने तुलसीदास जी को जंजीरों से जकड़बा कर लाल किला लाने का आदेश दिया। जब तुलसीदास जी जंजीरों से जकड़े लाल किला पहुंचे तो अकबर ने कहा की आप कोई करिश्माई व्यक्ति लगते हो, कोई करिश्मा करके दिखाओ। तुलसी दास ने कहा मैं तो सिर्फ भगवान श्रीराम जी का भक्त हूँ कोई जादूगर नही हूँ जो आपको कोई करिश्मा दिखा सकूँ। अकबर गुस्सा कर उन्हें कारावास में डाल दिया। दूसरे दिन इसी आगरा के लालकिले पर लाखों बंदरों ने एक साथ हमला बोल दिया, पूरा किला तहस नहस कर डाला। लालकिले में त्राहि-त्राहि मच गई, तब अकबर ने बीरबल को बुला कर पूछा कि बीरबल यह क्या हो रहा है, तब बीरबल ने कहा हुजूर आप करिश्मा देखना चाहते थे तो देखिये। अकबर ने तुरंत तुलसीदास जी को कल कोठरी से निकलवाया। और जंजीरे खोल दी गई। तुलसीदास रोते-रोते कुछ लिख रहे थे। यह 40 चौपाई, हनुमान जी की प्रेरणा से लिखी गई हैं। अकबर बहुत लज्जित हुए और तुलसीदास जी से माफी मांगी और पूरी इज्जत और पूरी हिफाजत, लाव-लश्कर से मथुरा भिजवाया।आज हनुमान चालीसा का पाठ सभी लोग कर रहे हैं। और हनुमान जी की कृपा उन सभी पर हो रही है। और सभी के संकट दूर हो रहे हैं। हनुमान जी को इसीलिए संकट मोचन भी कहा जाता है।

# इन दिनों माया नगरी में धूम मचा रहा कोडरमा का आदित्य

**मनोज कुमार पांडेय**



**झारखंड** के कोडरमा में पुलिस विभाग में कार्यरत आदित्य राकेश इन दोनों मुंबई माया नगरी में धूम मचा रहा है। बता दे कि हाल ही में जी म्यूज़िक कंपनी से रिलीज एक गाना सोशल मीडिया पर काफी धूम मचा रहा है, जिसका नाम है ₹मेरे सनम ₹ इस गाने को गाया है आदित्य राकेश ने, इसको लिखा भी आदित्य राकेश ने ही है और म्यूज़िक दिया है मनोज शर्मा ने जो ए आर रहमान के असिस्टेंट रह चुके हैं। गाने के निमार्ता और निर्देशक मोहित कपूर हैं, जो मशहूर फैशन निर्देशक हैं। इसमें बतौर एक्टर जानेमाने मॉडल मनीष राणा टेलीविजन की जानीमानी एक्ट्रेस रश्मि गुप्ता ने काम किया है। इस गाने की खासियत ये है कि इसकी शूटिंग अल्माती, कजाकिस्तान में की गई है। ये गाना बेहतरीन गायकी के साथ बेहतरीन वीडियोग्राफी और डायरेक्शन का एक शानदार नमूना है, जिसे काफी सराहा जा रहा है। गौरतलब है कि आदित्य राकेश इसके पहले भी कई बार सुर्खियों में आ चुके हैं। उन्होंने झारखंड पुलिस के लिए एंथम बनाया था जो कि काफी वायरल हुआ था। इसके लिए उन्हें तत्कालीन राज्यपाल द्रौपदी मुर्मू द्वारा झारखंड आईकॉन अवार्ड भी मिल चुका है। इसके अलावा उन्होंने इलेक्शन एंथम और कई गाने बनाए हैं।

आदित्य राकेश पुलिस में भी हैं और कोडरमा में पोस्टेड हैं। आदित्य बताते हैं कि अपने सपने को पूरा करने के लिए काफी लगन से मेहनत कर रहे हैं, और बाधाओं और मुश्किलों का डटकर सामना कर रहे हैं। आदित्य अपने शहर, राज्य एवम अपने पुलिस महकमे का नाम रोशन करना चाहते हैं। आने वाले दिनों में बहुत सारे म्यूजिक वीडियोज के अलावा दो बॉलीवुड फिल्मों में भी उनका गाने आनेवावाले हैं।

## स्वामी विवेकानंद के जन्म दिन युवा दिवस पर उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची में खबर मन्त्र का कार्यक्रम

# न नशा करेंगे और न ही समाज में नशा को प्रोत्साहित करने वालों को स्वीकार करेंगे

उर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची में युवा दिवस पर स्वामी विवेकानंद के विचार और जीवन में चरित्र का महत्व विषय पर एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि स्वामी के विचार उठो जागो और तब तक मत रूको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो हर छात्र के जीवन में अंगीकार करने योग्य है। आज जीवन में नैतिक मूल्यों की जिस प्रकार गिरावट आ रही है उसमें स्वामी के विचार सर्वाधिक महत्वपूर्ण और अनुकरणीय है। उन्होंने कहा कि हमारे स्कूल में अनुशासन और चरित्र पर सबसे अधिक बल दिया जाता है। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि आज जिस प्रकार हमारे युवा पूरी दुनिया से जुड़ रहें हैं उसमें उनके ज्ञान और नैतिक मूल्यों का महत्व बढ़ता जा रहा है।

इस अवसर पर खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश गुलाम था तब स्वामी जी ने राष्ट्र स्वाभिमान की पुर्नस्थापना की जिससे पूरे दुनिया में देश का सांस्कृतिक महत्व स्थापित हुआ।

स्वामी विवेकानंद का जीवन और उनके विचार से हम अपने जीवन को परिवर्तित कर सकते हैं। देश के युवाओं के लिए स्वामी जी के विचार और चिंतन उच्च कोटि के है।

कार्यक्रम सुबह 11 बजे से 3 बजे तक चला। छात्राओं ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

**युवा दिवस 12 जनवरी 2025 युवा दिवस के अवसर पर शनिवार 11 जनवरी को रांची के उर्सूलाइन इंटर कॉलेज की 11 वीं के कामर्स, आर्ट और सांइस की छात्राओं ने शपथ ली कि हम नशा मुक्त नैतिकता से युक्त समाज बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं। हम न नशा करेंगे और न ही हम समाज में नशा करने वालो को स्वीकार करेंगे। हम परिवार और समाज को नशा मुक्त करने की दिशा में हर सार्थक प्रयास करेंगे।**

युवा दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में 11 वी छात्राओं ने कॉलेज के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में यह शपथ ली। इस अवसर पर नरेन्द्र से स्वामी विवेकानंद बनने की बात उन्हें रोचक तरीके से बतायी गयी। उठो, जागों और जब तक मत रुकों तब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हों।



















आप भगवान में जब तक विश्वास नहीं कर सकते जब तक कि आप खुद में विश्वास नहीं करते। जब एक विचार यदि मन में आये तो ये वास्तविक शारीरिक या मानसिक स्थिति में तब्दील हो जाता है। युवाओं के बीच काम करना सबसे अच्छा हैं जिनमें तुम्हारी आशाएँ रहती हैं झ धैर्य, व्यवस्थित रुप से और बिना शोर के।

उन्नति की जरुरत है। पृथ्वी का आनंद नायकों द्वारा लिया जाता हैं ये अमोघ सत्य हैं। एक नायक बनो और सदैव कहो मुझे कोई डर नहीं है। महसूस करो कि तुम महान हो और तुम महान बन जाओगें। मेरी भविष्य की आशाएँ युवाओं के चरित्र, बुद्धिमत्ता, दूसरों की सेवा के लिए सभी का त्याग और आज्ञाकारिता खुद को और बड़े पैमाने पर देश के लिए अच्छा करने वालों पर निर्भर है।

उच्चतम आदर्श को चुनो और उस तक अपना जीवन जीयो। सागर की तरफ देखों न कि लहरों की तरफ।- कुछ सच्चे, ईमानदार और ऊर्जावान पुरुष और महिलाएं एक वर्ष में एक सदी की भीड़ से अधिक कार्य कर सकते हैं। जो गरीबों में, कमजोरों में और बिमारियों में शिव को देखता हैं, वो सच में शिव की पूजा करता हैं। प्रत्येक आत्मा संभावित परमात्मा है।

दिन में एकबार खुद से बात अवश्य करों......नहीं तो आप संसार के सर्वश्रेष्ठ व्यक्ति से मिलने से चूक जाओंगे। मेरा विश्वास युवा पीढी में है, आधुनिक पीढी से मेरे कार्यकर्ता आ जायेगें। काम, काम, काम बस यही आपके जीवन का उद्देश्य होना चाहिये। हमारे देश को नायकों की जरुरत हैं, नायक बनों, तुम्हारा कर्तव्य हैं काम करते जाओ और फिर सभी तुम्हारा खुद अनुसरण करेंगे।

(स्वामी विवेकानंद के विचार)

## स्पीड न्यूज

### रामगढ़ में गणतंत्र दिवस पुरस्कार के लिए 20 तक दे सकते है आवेदन

रामगढ़। गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के 2024 के अवसर पर एक नई पहल करते हुए जिला प्रशासन द्वारा रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार योजनाए का शुभारंभ किया गया था। इस वर्ष दूसरी बार गणतंत्र दिवस के अवसर पर रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार दिया जाना है। रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार संस्था या व्यक्तिगत द्वारा निम्न क्षेत्रों यथा-प्रशासनिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क दुर्घटना में किसी व्यक्ति की मदद करना, किसी व्यक्तियों या संस्था द्वारा रक्तदान में महत्वपूर्ण योगदान या किसी भी क्षेत्र में समाज के हित में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रदान किया जायगा। कार्य क्षेत्र से ऊपर उठकर विकास / समाज के लिए कार्य करने वाले लोग / संस्थायें रामगढ़ गणतंत्र दिवस पुरस्कार से होंगे सम्मानित 120 जनवरी तक कोई भी व्यक्ति / संस्था अपने द्वारा अथवा किसी का अनुशंसा / रिकॉमेंडेशन के साथ किये गये विकास कार्यों से संबंधित जानकारी जिला स्तरीय समिति को उपलब्ध करा सकते हैं।

### बैडमिंटन टूर्नामेंट का उद्घाटन



रामगढ़। रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024- 25 का उद्घाटन छावनी परिषद रामगढ़ के दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल में किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ मार्कस हेमरोम, छावनी परिषद के अभियंता पिंटू कुमार ,अधीक्षक प्रभारी एस एन राव ,रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव अरुण कुमार राय एवं रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक रोहित कुमार , रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के प्रशिक आकाश कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर व बैडमिंटन खेलकर किया। इससे पूर्व अतिथियों के आगमन पर उनका बुके देकर स्वागत किया गया। बैडमिंटन एसोसिएशन की तरफ से आयोजित अंडर-17 बॉयज सिंगल एवं डबल अंडर-19 बॉयज, सिंगल एवं डबल अंडर-19 गर्ल्स सिंगल एवं डबल, बॉयज के सिंगल एवं डबल का पार्टिसिपेशन होगा। जिसका फाइनल सोमवार को संध्या खेला जाएगा। उसी दिन प्राइज वितरण का कार्यक्रम होगा। विजेताओं को प्रमाणपत्र भी दिया जाएगा। समापन के शुभ अवसर पर रामगढ़ जिला बैडमिंटन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। मौके पर भोला कुमार, ऋषि कपूर, अनमोल आनंद व खेलप्रेमी मौजूद थे।

### डॉ. अजय पांडेय ने किया पीएचडी



भुरकुंडा (रामगढ़)। विजय फाउंडेशन के अध्यक्ष और सामाजिक कार्यकर्ता, एक समर्पित विद्वान और शोधकर्ता डॉ. अजय पांडेय ने आधिकारिक तौर पर ओपी जिंदल विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग (पावर सिस्टम प्रोटेक्शन) के क्षेत्र में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएचडी) पूरी कर ली है। यह उपलब्धि उनके शैक्षणिक करियर और पावर सिस्टम प्रोटेक्शन के चल रहे विकास दोनों में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। 5 वर्षों के दौरान अजय पांडेय ने अपने डॉक्टरेट अनुसंधान को पावर सिस्टम सुरक्षा में उन्नति पर केंद्रित किया। उनका काम जिसका शीर्षक है ह्यूपीएफसी पावर नेटवर्क के लिए उन्नत दोष पहचान और सुरक्षा रणनीतियां, नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ एकीकृत मौजूदा ट्रांसमिशन सिस्टम की पावर सिस्टम सुरक्षा की खोज करता है, जो पावर सिस्टम के क्षेत्र के लिए प्रभाव और अत्यधिक फायदेमंद होने की क्षमता रखता है। इस परियोजना के पूरा होने से पावर सिस्टम में मूल्यवान अंतर्दृष्टि जुड़ती है।

### बिरसा मुंडा सेवा समिति ने बांटा कंबल



भुरकुंडा (रामगढ़)। कड़ाके की ठंढ को देखते हुए भगवान बिरसा मुंडा सेवा समिति ने रीवर साईड स्थित भगवान बिरसा मुंडा स्थल के समीप असहाय गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण करते हुए समिति के अध्यक्ष रामलखन मुंडा ने कहा कि समिति का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा करना है। उन्होंने कहा कि हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जायेगी। कंबल वितरण से पूर्व समिति ने केन्द्रीय सुरहुत पूजा समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष स्व. उमेश मुंडा के याद में दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धांजलि दी गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के उपाध्यक्ष अनिल एक्का, राजन करमाली, बुटन मुंडा, बीरबल मांझी, शशि करमाली, खेरोफेना एक्का, विक्की करमाली, संरक्षक पात्रिक मिंज, माइकेट खलखो, गीता मुंडा, चरकी करमाली, जोसबीन डिक्रूज, उषा गोड, मनीषा मुंडा, प्रदीप करमाली, पाहन देवलाल मुंडा, जुगेश्वर गंझू, अरविन्द करमाली, गुलाब करमाली, राजकुमार कुंजाम सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले : पोद्दार

रामगढ़। इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ की ओर से होटल शिवम इन में इनर व्हील डे मनाया गया। क्लब अध्यक्षा पिंकी पोद्दार ने कहा कि इनरव्हील क्लब का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यों से जोड़ना है। बेटियों की शिक्षा सबकी प्राथमिकता बने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले, यह क्लब की प्राथमिकता है। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर,प्रियंका जैन, नम्रता श्रॉफ,जसमीत सोनी, जेनेश वडेरा,पिंकी गांधी,अनुराधा श्रॉफ,रेनू मेवाड़,पिंकी गांधी,ममता अग्रवाल ,अल्पना तिवारी, जेनेश वडेरा,मीणा वडेरा,दीपा वडेरा,जसमीत कौर व अन्य उपस्थित थीं।

# रामगढ़ जिले का कुजू बना अपराधियों का शरणस्थली

## राहुल और आकाश जंगलों में छिपने की फिराक में थे, पुलिस ने किया तुरी को किया ढेर

### 2019 में मारा गया था बाजीराम महतो

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। रामगढ़ जिले का कुजू अपराधियों का बड़ा शरणस्थली बना हुआ है। अपराधी यहां से रंगदारी भी वसूलते हैं और यहां के जंगलों में छुपकर राज भी करते हैं। जब भी पुलिस अपराधियों का पीछा करती है, वह भाग कर जंगलों और झाड़ियों में छुप जाते हैं। अंधेरे का लाभ उठाकर वह यहां से बोकारो और हजारीबाग जिला में प्रवेश कर जाते हैं। राहुल तुरी उर्फ आलोक और आकाश करमाली ने भी ऐसा ही करने की योजना बना रखी थी। लेकिन इस बार हजारीबाग और रामगढ़ पुलिस पहले से ही अलर्ट थी। पुलिस नहीं चाहती थी कि अपराधी भाग कर किसी दूसरे जिले में जाकर छुप जाएं। उन्होंने अपराधियों का लगातार पीछा किया। अपराधी पुलिस को पीछे हटाने के लिए गोलियां चला रहे थे, लेकिन पुलिस टस से मस नहीं हुई। कुजू ओपी क्षेत्र में राहुल तुरी से पहले झारखंड का कुख्यात अपराधी बाजीराम महतो भी एनकाउंटर में मारा गया था। 27 फरवरी 2019 को रामगढ़ के तत्कालीन एसपी निधि द्विवेदी के नेतृत्व में अभियान चलाया गया था। उस दौरान बाजीराम महतो को सुगिया के जंगलों में ही घेरा गया। जब उसने भी पुलिस पर फायरिंग शुरू की तब पुलिस ने जवाबी कार्रवाई की थी। रामगढ़ जिले में एनकाउंटर की वह पहली घटना थी। जिसके बाद अपराधियों में दहशत का माहौल कायम हो गया था। बाजीराम महतो ने कई वारदातों को अंजाम दिया था। वह भी ठेकेदारों से रंगदारी वसूलने का काम करता था। यहां तक कि उसने तत्कालीन मंत्री रहे चंद्र प्रकाश चौधरी के एक रिश्तेदार जलेश्वर महतो को भी अगवा कर लिया था। उसने पुलिस के नाक में दम कर रखा था। लेकिन तत्कालीन एसपी निधि द्विवेदी ने उस अपराधी को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया था। पुलिस से बचने के लिए वह सुगिया के जंगल में छुप गया था। जब पुलिस ने उसका पीछा नहीं छोड़ा, तो उसने भी पुलिस पर गोलियां चलाई। नतीजा यह हुआ कि एनकाउंटर में उसकी मौत हो गई।



एनकाउंटर के दौरा रामगढ़ के एसपी और हजारीबाग के एसपी।

### अपराधी छोड़ दें अपना रास्ता, आकाश जैसा होगा नतीजा : एसपी

रामगढ़। राहुल तुरी का एनकाउंटर करने के बाद रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने अपराधियों को सीधा फरमान जारी किया है। उन्होंने कहा है कि अपराधी अपना रास्ता छोड़ दें या फिर वे झारखंड छोड़कर कहीं और चले जाएं। अगर यहां की धरती पर वे अपराध करेंगे, तो उनका नतीजा भी राहुल तुरी की तरह ही होगा। उन्होंने शनिवार को कहा कि उनके कार्यकाल में लगातार संगठित अपराध के खिलाफ कार्रवाई हुई है। पांडे गिरोह , श्रीवास्तव गैंग, अमन साहू गैंग और अन्य आपराधिक संगठनों को उन्होंने तोड़ कर रख दिया है। जिस भाषा में अपराधी बात समझाना चाह रहे हैं, उसी भाषा में अब उन्हें समझाया जा रहा है। अगर वह गोलियां चलाना जानते हैं, पुलिस भी इस मामले में कम नहीं है। ठेकेदारों, कंपनियों के मालिकों और आम व्यवसायियों से रंगदारी मांगने के लिए फोन पर धमकी दी जा रही है। अपराधियों को यह रास्ता अब बंद कर देना होगा। अगर वह अभी भी अपना रास्ता छोड़कर सरेंडर नहीं करते हैं, तो उन्हें अपना जगह बदलना ही पड़ेगा। एनकाउंटर हुआ है, अपराधियों के लिए यह एक बड़ा सबक है। इससे पहले भी पलामू में भारत पांडे की हत्या मामले में पांडे गिरोह के निशी पांडे और उनके भाई निशांत सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उस गिरफ्तारी में भी रामगढ़ पुलिस की बड़ी भूमिका रही है।

# रघुवर दास ने छिन्नमस्तिके मंदिर में की पूजा-अर्चना

बोले- सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करेगी, सड़क से सदन तक आंदोलन करेंगे



रजरप्पा। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास शनिवार को मां छिन्नमस्तिके की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। उसके बाद नारियल बलि देकर पंडित शुभाशीष पंडा, छोटू, गुड्डू एवं राकेश पंडा द्वारा रक्षा सूत्र भी बंधवाया। मां से सभी भक्तों के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना करते हुए राज्य की सुख और समृद्धि की कामना की। पूजन के दौरान गिरिडीह लोकसभा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी भी साथ रहे। रघुवर दास ने खुद को महज एक कार्यकर्ता बताते हुए फिट एंड फाइटिंग भाजपा को अपना मिशन बताया। उन्होंने कहा कि अगर राज्य सरकार जनादेश का सम्मान नहीं करती है तो वह सड़क से सदन तक आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि मैं एक आम कार्यकर्ता हूँ और पार्टी के हित में कार्य करता रहूंगा। उन्होंने घुसपैठ और धर्मांतरण का मुद्दा उठाते हुए इसे राज्यहित के लिए खतरनाक बताया। कहा कि पार्टी इसकी समीक्षा और मूल्यांकन कर चुकी है और अब 2024 से सबक लेकर 2025 में नयी ऊर्जा से काम करना है। इस दौरान पार्टी के तमाम नेता और कार्यकर्ताओं ने उनका पार्टी में जोरदार स्वागत किया। इससे पूर्व गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक रोशनलाल चौधरी द्वारा बुके भेंट कर उनका स्वागत किया गया। इधर, रघुवर दास ने मंदिर प्रक्षेत्र में मौजूद गरीब और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता, आजसू के केंद्रीय सचिव अमृतलाल मुंडा, आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, रामगढ़ पार्षद धनेश्वर महतो उर्फ.डीएम, सांसद प्रतिनिधि मुकेश सिन्हा, जिला कोषाध्यक्ष किशुनराम मुंडा, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, यूनियन के रविंद्र वर्मा, अधिवक्ता राजू कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, राजू चतुर्वेदी, विजय जायसवाल, युगेश महतो, गणेश स्वर्णकार, पीएन सिंह, रमेश वर्मा, धनंजय कुमार पुटूस, बबलू साव, मनोज महतो, देवकी महतो, निरंजन कुमार, मुकेश यादव, जयंत पोद्दार, अजय जायसवाल, खेदन स्वर्णकार, अंकित सिंह, प्रीतम झा, विनीत यादव, राहुल पासवान आदि भाजपा एवं आजसू कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

### रामगढ़ में अवैध बालू लदा सात ट्रैक्टर जब्त

रामगढ़। रामगढ़ जिले में अवैध खनन, खनिजों के परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने के उद्देश्य से डीसी चंदन कुमार जरिये अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार की रात सिरका क्षेत्र में दामोदर नदी घाट से अवैध बालू के उठाव के मामले में एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने कार्रवाई की। जांच अभियान के दौरान सिरका दामोदर नदी घाट से सात ट्रैक्टर वाहनों को अवैध रूप से बालू का उठाव करने का दोषी पाया गया। किसी भी ट्रैक्टर पर रजिस्ट्रेशन नंबर नहीं था। इसलिए उनके इंजन नंबर के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। वाहन मालिक, चालक एवं अन्य संलिप्त लोगों के विरूद्ध सरकारी सम्पत्ति की चोरी, खनन राजस्व की क्षति के आरोप में आरोपित करते हुए खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम- 1957 की धारा- 4/21, झारखंड लघु खनिज समनुदान नियमावली- 2004 के नियम- 4/54, द झारखण्ड मिनिरल रूल्स-2017 के नियम-9/13 एवं बीएनएस के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करायी गयी। बालू की अवैध तस्करी के मामले में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक ने भी कार्रवाई की है। बस्ती दामोदर नदी घाट के समीप अभियान चलाया।

### पेट्रोल पंप पर लगेगा नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड : डीटीओ

रामगढ़। सड़क सुरक्षा माह के तहत जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वश ने एक अनोखी पहल शुरू की है। शनिवार को उन्होंने पेट्रोल पंप के मालिकों के साथ बैठक की और कहा कि नो हेलमेट, नो फ्यूल का बोर्ड अवश्य लगाएं। इससे ग्राहकों में जागरुकता आएगी और वे बिना हेलमेट के सड़क पर नहीं चलेंगे। बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल ना देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने अथवा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया।



पेट्रोल पंप मालिकों के साथ बैठक करतीं डीटीओ।

# रघुवर दास से मिले मृतक अनीता देवी के परिजन

खबर मन्त्र संवाददाता

हजारीबाग। भाजपा के वरिष्ठ नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का शनिवार को हजारीबाग के भारत माता चौक पर भव्य स्वागत किया गया। दास, भद्रकाली मंदिर की यात्रा पर थे और इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक उनका अभिनंदन किया। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा उनके लिए परिवार के समान है, और वह पार्टी तथा जनता की सेवा के लिए हमेशा समर्पित रहेंगे। उन्होंने संगठन की शक्ति को कार्यकर्ताओं की एकता और मेहनत में निहित बताया। साथ ही, झारखंड के विकास और गरीबों के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस दौरान रघुवर दास से हजारीबाग निवासी राजू गुप्ता ने भी मुलाकात की।

#### लगायी न्याय की गुहार

राजू गुप्ता ने पूर्व एसडीओ अशोक कुमार और उनके परिवार पर अपनी बहन अनीता देवी की हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए न्याय की मांग की। उनका कहना है कि अशोक कुमार, जो अनीता देवी के पति हैं, पर हत्या का आरोप होने के बावजूद वे खुलेआम घूम रहे हैं। इस संदर्भ में राजू गुप्ता ने अपनी शिकायतें पूर्व मुख्यमंत्री को बताई और उचित कार्रवाई की मांग की। राजू गुप्ता ने जानकारी दी कि इस मामले को लेकर सोमवार, को हजारीबाग में एक महाधरना का आयोजन किया जाएगा। इस धरने के जरिए, वे अपनी बहन के लिए न्याय की गुहार लगाएंगे।



## एक नजर में

### पदमा : मां विंध्यवासिनी शिक्षक प्रशिक्षण कॉलेज में विवेकानंद की जयंती पर गोष्ठी



बरही/पदमा। पदमा प्रखंड स्थित मां विंध्यवासिनी कॉलेज आफ एजुकेशन में विवेकानंद जयंती शनिवार को 'राष्ट्रीय युवा दिवस एवं स्वामी विवेकानंद जयंती तथा स्वावलंबी भारत अभियान विषय पर संगोष्ठी हुआ, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर परअजय कुमार क्षेत्रीय संगठन, स्वदेशी जागरण मंच, उत्तर पूर्व क्षेत्र, श्री सीताराम प्रसाद, जिला संयोजक, स्वावलंबी भारत मंच एवं प्रियांशु कुमार पूर्णकालिक सदस्य 'स्वावलंबी भारत अभियान', संस्था के संयुक्त सचिव श्री अजीत कुमार तथा निदेशक श्री रवि प्रकाश उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ तदुपरांत प्राचार्य डॉ चेतलाल प्रसाद के स्वागत भाषण के बाद प्रशिक्षु ने विवेकानंद जी के जीवन के विभिन्न पक्षों से संबंधित अपने विचार व्यक्त किया। मुख्य वक्ता श्री अजय कुमार ने कहा कि आज का युवा भारत को विवेकानंद के विचारों जीवन में अपना कर स्वावलंबी एवं विकसित भारत बन सकता है। भाग लेने वाले प्रशिक्षुओं में गुनगुन कुमारी एवं प्रिया वर्मा प्रमुख रहे। कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर वीरेंद्र चौरसिया तथा सारिका मेहता ने किया जबकि मंच संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षु सूरज कुमार ने किया।

### झरपो के आंगनबाड़ी केंद्रों में गोष्ठी आयोजित



टाटीझरिया। प्रखंड के झरपो पैक्स भवन के समीप आंगनबाड़ी केंद्र में शनिवार को स्थानीय मुखिया सह कांग्रेस 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया स्थानीय मुखिया श्री सोनी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में डीएमएफटी विभाग के ओर से बाउंड्री वाल रंग रोगन सुंदरी करण क्षति ग्रस्त बिजली तार की मरम्मती , शौचालय में टंकी समुचित व्यवस्था,बच्चों की माप तौल करने की इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ,बच्चों की पेयजल हेतु बोरिंग कर चापानल लगवाने समेत अन्य व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जो कि उपरोक्त कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को ग्रामीणों की मौजूदगी में हस्ताक्षर कर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओ को सौंपा गया। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार तो आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे उपस्थित छात्र छात्राओं के हित योजनाओं के तहत जरूरत की सामग्रियों को देती है , लेकिन कई आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में फर्जी तरीके से छात्र छात्राओं की उपस्थिति भी दर्ज कर पौष्टिक आहार एमडीएम मध्याह्न भोजन की खाद्य सामग्रियों में भी कटौती कर फेर बदल कर दिया जाता रहा है। विभाग द्वारा विकास कार्य योजनाओं में भी स्वीकृति कर दी जाती है लेकिन संवेदकों द्वारा इसे भी लीपापोती कर डकार दिया जाता है। जिसके कई उदाहरण क्षेत्र में भ्रमण कर देखा जा सकता है । बैठक के दौरान मनीषा ,रिंकी,नीतू,प्रियंका,प्रीति,किरण, चमेली,विकास, मामता,किरण कुमारी, बासुदेव प्रसाद उपस्थित थे।

११ हे पी २: संगोष्ठी का आयोजन

### सीआइएसएफ ने गरीबों के बीच बांटा कंबल



बड़कागांव सीआईएस एफ के जवानों ने अति सुदुरवर्ती क्षेत्र पन्नावाटांड़ के गरीब असहायों के बीच कंबल का वितरण एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के इकाई प्रभारी उप कमांडेंट सुरेश गोगुलोथु एवं इकाई संरक्षण अध्यक्ष निहारिका के द्वारा 100 कंबल का वितरण किया गया इस अवसर पर दोनों पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से कहा कि कड़ाके की ठंड के कारण व गर्म कपड़े के अभाव में लोग ठिठुर रहे थे। जिसको देखते हुए गरीब एवं जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण किया गरीबों की सहायता करना मानव का सबसे बड़ा धर्म और कर्तव्य है।

### संजय सिंह ने शिबू सोरेन के जन्मदिन पर बांटा

बड़कागांव। सेहदा में झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झामुमो केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जरूरतमंदों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। ज्ञात हो की संजय सिंह प्रतिवर्ष शिबू सोरेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं। पिछले 5 वर्षों में लगभग 7000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं। मौके पर संजय सिंह ने लोगों को सुझाव दिया कि ठंड का मौसम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है,कंबल को अच्छा तरह से प्रयोग कीजिएगा मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष चूरामन गंझू, सचिव राजेश हंसदा, मो कोमली,संजय सोरेन,कलावती देवी, महेन्द्र सोरेन,कुलदीप गंझू,संगीता देवी सहित सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

### जल सहिया को पीएचईडी से मिला साड़ी

कटकमसांडी। शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में जल सहिया की बैठक में पीएचईडी से ड्रेस कोड के तहत साड़ियों का वितरण किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी ने किया। बैठक मे मुख्य रूप से उपस्थित जिला समन्वयक रंजीत कुमार ने बताया कि क्षेत्र में कार्यरत सभी जल सहियाओं के खाते में बतौर प्रोत्साहन राशि 12 हजार रूपए दी गई है। बैठक में उपस्थित सभी जल सहिया को निर्देश दिया गया कि अपने अपने पंचायत क्षेत्र में सर्वे कर शौचालय निर्माण की प्रगति की रिपोर्ट विभाग को दें और जिनके घरों मे शौचालय का निर्माण किसी कारण अब तक नहीं हो सका है, उनके घरों में शौचालय निर्माण कराया जाए। बताया कि विभाग से प्रति शौचालय निर्माण के लिए 12 हजार की राशि उपलब्ध है। बैठक में जल सहिया संघ के प्रखंड अध्यक्ष सरिता देवी, सचिव कोरैशा खातुन, शोभा देवी, यशोदा देवी, रेशमी, रिंकू देवी, गौरी देवी, मिन्कू देवी, कौशल्या देवी, बसंती देवी, किरण देवी, विनीता देवी, सुनीता, उर्मिला देवी, कपूर देवी, आशा कुमारी, अंजनी कुमारी, रुबी खातुन, ममता देवी, विद्या देवी, बबीता देवी, शांति लिंडा, अनिता देवी सहित दर्जनों जल सहिया उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## शिक्षकों को दी गई आपार आईडी की जानकारी

**गिद्धौर।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय गांगपुर सियारसी में शनिवार को 11 विद्यालयों के शिक्षकों को आपार आईडी से जुड़ी जानकारी दी गई। बीआरसी के एमआईएस तुलसी कुमार ने शिक्षकों को पोशाक, स्टूडेंट इंपोर्ट और अन्य जरूरी बिंदुओं पर जानकारी साझा की। कार्यक्रम में सीआरपी प्रेमचंद कुमार साव ने शिक्षकों को छूटे हुए छात्र-छात्राओं की सूची में सुधार कर जल्द जमा करने के निर्देश दिए, ताकि उनके और उनके माता-पिता के खातों में पोशाक का पैसा भेजा जा सके। इस मौके पर शिक्षक पंकज कुमार, गंदेश्वर उरांव, हेमन यादव, मोहन कुमार समेत कई अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

## फसल बीमा को लेकर बैठक आयोजित

**गिद्धौर।** प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीडीओ राहुल देव की अध्यक्षता में फसल बीमा को लेकर बैठक हुई। बैठक में सीओ अनंत सयनम विश्वकर्मा, बीसीओ सुरेश सहदेव और बीटीएम प्रभात कुमार सिंह समेत अन्य अधिकारी मौजूद थे। बैठक में खरीफ फसल बीमा के लिए जमा किए गए आवेदनों पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया कि कई आवेदनों में एक ही परिवार के कई सदस्यों जैसे पिता, मां, पति, पत्नी और बेटे के नाम से आवेदन किया गया है। इन आवेदनों का सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने प्रक्रिया को जल्द पूरा करने पर जोर दिया।

## मूकबधिर ऑटो चालक के साथ की मारपीट थाना में दिया आवेदन

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महतो आहरा में ऑटो चालकों की हड़ताल के दौरान कुछ लोगों ने एक मूकबधिर ऑटो चालक के साथ मारपीट कर उससे लूटपाट की। वहीं पीड़ित की पहचान चंदवारा निवासी मो. वसीम पिता शहादत मियां के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित की पत्नी मुस्तरी प्रवीण ने बताया कि उनके पति चंदवारा से कुछ सवारियों को लेकर झुमरीतिलैया आ रहे थे। इसी दौरान महतो आहरा के पास जहां ऑटो चालक संघ का धरना प्रदर्शन चल रहा था, वहां संघ के सदस्य चंदन, संतोष और कुछ अन्य लोगों ने उनके पति को रोका। हड़ताल के दौरान ऑटो चलाने का विरोध करते हुए आरोपियों ने न केवल उनके पति के साथ मारपीट की, बल्कि उनका जैकेट भी फाड़ दिया।

## बीडीओ की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर बैठक की गई। तत्पश्चात मनरेगा, अबुआ आवास, 15वें वित्त आयोग मद से संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। वहीं मनरेगा में कूप सहित अन्य योजनाओं को अधिक से अधिक संख्या में जल्द पूर्ण करने, क्षेत्रीय कर्मियों को मनरेगा के तहत बागवानी योजनाओं का निरंतर निरीक्षण कर आवश्यक सुधार के लिए लाभुकों को लगातार प्रोत्साहित करने, अबुआ आवास के तहत जल्द से जल्द सभी आवासों को पूर्ण कराने, पंचायती राज विभाग के तहत 15वें वित्त आयोग मद की राशि से जनोपयोगी योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए राशि खर्च करने, मंईयां सम्मान एवं पेंशन के शत् प्रतिशत लाभुकों का सत्यापन करने का निदेश दिया गया।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा वर्षगांठ पर भंडारे

**कोडरमा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एक वर्ष पूर्ण होने पर दूधीमाटी में भंडारा का आयोजन किया गया। जहां पंकज अग्रवाल, विकास अग्रवाल, रंजन सिन्हा सुनील सिंहा, आयुष पांडेय, अशोक बर्णवाल, हिमांशु मोदी, सुजीत कुमार, झलक अग्रवाल, दृष्टि अग्रवाल, आर्यन अग्रवाल द्वारा भंडारा का आयोजन कर आने जाने वाले लोगों को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं सभी सदस्यों ने कहा कि राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष पूर्ण होने पर यह आयोजन किया जा रहा है और आगे भी हर वर्ष इससे भी बढ़कर आयोजन किया जाएगा।

## सेंट मेरी स्कूल में चोरी

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मारियमपुर स्थित सेंट मेरी स्कूल में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इसे लेकर स्कूल की प्रिंसिपल आशा देवी ने थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। आवेदन में आशा देवी ने कहा है कि 10 जनवरी 2025 की रात मेरे विद्यालय से फोटो कॉपी मशीन, कलर प्रिंटर, दो पीस ब्लूटूथ स्पीकर, लगभग 6 हजार कैश, कुछ सजाने की सामग्री, कुछ खाने की सामग्री समेत कई वस्तुओं की चोरी हो गई। वहीं दूसरी ओर सूचना पाकर कोडरमा थाना पुलिस चोरी की घटना को सीसीटीवी फुटेज और अन्य माध्यमों से छान-बीन में जुट गई है।

## जेवर दुकान में चोरी का प्रयास

**सिमरिया।** प्रखंड के बगरा चौक स्थित विवेक ज्वेलर्स नामक जेवर दुकान में शुक्रवार रात चोरी का प्रयास किया गया। चोरों ने दुकान के लोहे के शटर को काटने की कोशिश की, लेकिन वे चोरी में सफल नहीं हो सके। शनिवार सुबह जब दुकान के संचालक ने दुकान खोली, तो शटर को कटा हुआ पाया। दुकान के संचालक ने इस घटना की शिकायत पुलिस से की है।

### उतरी छोटानागपुर प्रमंडल आयुक्त पहुंचे कोडरमा, अधिकारियों के साथ की बैठक, कहा

# लंबित दाखिल खारिज मामले का करें निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** उतरी छोटानागपुर प्रमंडल के आयुक्त पवन कुमार शनिवार को कोडरमा पहुंचे और समाहरणालय स्थित सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके पूर्व उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने आयुक्त को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। बैठक के दौरान वन विभाग, खनन, मत्स्य, नगर पर्षद, उत्पाद, परिवहन समेत अन्य विभागों द्वारा प्राप्त राजस्व और लक्ष्य की समीक्षा करते हुए आयुक्त ने विभागीय अधिकारियों को राजस्व वसूली में तेजी लाते हुए हरहाल में लक्ष्य की प्राप्ति करने का निर्देश दिया। बैठक में खनिज पदार्थों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध अब तक हुए कार्रवाई की समीक्षा किया और अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा नियमों को अक्षरशः पालन करें, नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करें, अवैध रूप से बालू का उठाव करने वालों को चिन्हित कर कार्रवाई करें।

आयुक्त ने जिला खनन टास्क फोर्स को नियमित रूप से छापामारी अभियान चलाकर, पत्थरों के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने आदि का निर्देश दिया, बैठक में दाखिल खारिज के मामलों की समीक्षा अंचलवार करते हुए आयुक्त ने सभी सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि दाखिल खारिज के लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करें, ई कोर्ट से सम्बंधित मामलों के निष्पादन में तेजी लाएं, उन्होंने सीओ को निर्देशित करते हुए कहा कि 30 दिन से लेकर 90 दिनों के अंदर के दाखिल खारिज के लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करें, बिना कोई ठोस वजह के मामलों को लटकाए नही रखें। मौके पर डीएफओ सौमित्र शुक्ल, डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, डीएसओ अविनाश पूर्णेन्दु, अधीक्षक उत्पाद अजय कुमार गौड़, अंचलों के सीओ आदि मौजूद थे।

### सेवा के अधिकार नियमों का पालन सुनिश्चित हो : आयुक्त

बैठक के उपरांत पत्रकारों से बातचीत के दौरान आयुक्त ने कहा कि बैठक प्रमुख रूप से तीन बिन्दुओं पर हुआ और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। वहीं उन्होंने कहा कि सभी अंचलों के सीओ को निर्देशित किया गया है कि दाखिल खारिज के मामलों में सेवा के अधिकार अधिनियम का कड़ाई से अनुपालन हो, अधिनियम के तहत दाखिल खारिज के मामलों में कार्रवाई के दौरान आपत्ति प्राप्त होने पर 90 दिनों के अंदर मामले को निष्पादित किया जाय, इसके लिए उपायुक्त को भी निर्देश दिया गया है। सेवा के अधिकार अधिनियम का उल्लंघन करने पर सम्बंधित सीओ पर आर्थिक दंड लगाने का निर्देश दिया गया है, उन्होंने कहा कि छोटी मोटी गलतियों में नामांतरण वाद को अस्वीकृत नही करने बल्कि प्रभावित पक्ष को सूचना देकर उनका पक्ष लेने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि दाखिल खारिज के लम्बित मामलों को जल्द से जल्द निष्पादित करने, आंतरिक राजस्व वसूली में वृद्धि लाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि राजस्व से सम्बंधित सभी विभागों को लक्ष्य के अनुरूप राजस्व वसूली करने, जनता के कार्यों को तेजी से करने, लोग बेवजह कार्यालयों का चक्कर नही लगाएं, इस पर ध्यान रखने आदि का निर्देश दिया गया।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर निकाली गई मोटरसाइकिल रैली




खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम के तहत शनिवार को मोटरसाइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को हजारीबाग प्रमंडल आयुक्त पवन कुमार और उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। उपायुक्त ने बताया की जिले में सड़क सुरक्षा माह कार्यक्रम अंतगर्त विभिन्न माध्यमों और कार्यक्रमों के जरिये आमजनों को सड़क सुरक्षा, यातायात के नियमों आदि को लेकर जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा की रैली का मुख्य उद्देश्य बाइक चालकों को हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। सड़क दुर्घटनाओं को देखा जाय तो अधिकतर दुर्घटनाओं में बाइक सवार लोग शामिल होते हैं। उन्होंने आमजनों से बाइक चलाने के दौरान हेलमेट का उपयोग करने, यातायात के नियमों को कड़ाई से पालन करने आदि की अपील किया।

मौके पर डीडीसी ऋतुराज, एसी पूनम कुजूर, एसडीओ रिया सिंह, डीटीओ विजय कुमार सोनी, हिमांशु रंजन आदि मौजूद थे।

## मडर्न पब्लिक स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। वहीं रामकृष्ण मिशन आश्रम, मोराबादी, रांची और मॉडर्न पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वाधान में अंतर विद्यालय वाचन एवं क्विज प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात विद्यालय के प्राचार्य शैलेन्द्र कुमार एवं निदेशिका संगीता शर्मा के द्वारा स्वामी विवेकानंद के तस्वीर पर माल्यार्पण कर की गई। वहीं कार्यक्रम में प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचार न केवल युवाओं के व्यक्तित्व विकास के लिए बल्कि राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए भी मार्गदर्शक हैं। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे विवेकानंद के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और आत्मनिर्भर एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लें। वहीं निदेशिका संगीता शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद के विचारों में वह शक्ति है जो किसी भी व्यक्ति को सफलता के मार्ग पर ले जा सकती है, चरित्र निर्माण और नैतिक मूल्यों को आत्मसात कर ही हम समाज और राष्ट्र को सशक्त बना सकते हैं। वहीं मॉडर्न किड्स पैराडाइस के छात्रों के लिए ऑनलाइन फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे विद्यालय के छात्र स्वामी विदेकानंद के परिवेश में उपस्तिथ हुए और अपनी प्रस्तुति दी। यह प्रतियोगिता छात्रों के लिए अत्यंत प्रेरणादायक रही और उन्होंने स्वामी विवेकानंद के विचारों से जुड़कर अपने व्यक्तित्व विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। कार्यक्रम का मंच संचालन शिक्षक कृष्णाकांत मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में पुरे विद्यालय परिवार की भूमिकासराहनीयरही।

## पूर्व की भांति सर्टिफिकेट बनाना सरल किया जाए: ममता

### जिप अध्यक्षा ममता कुमारी ने एसडीओ को लिखा पत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा। जिला** परिषद अध्यक्षा ममता कुमारी ने एक बार फिर क्षेत्र की ज्वलंत समस्या और लोगों की पेशानियों को लेकर चतरा एसडीओ सह एसडीएम जहूर आलम को पत्र लिख कर समस्या के निदान को लेकर अग्रतर करवाई करते हुए निष्पादन कर सूचित करने को कहा है। उन्होंने पत्र के माध्यम से कहा है कि हंटरगंज क्षेत्र से लगातार अभिभावकों और छात्र छात्राओं से शिकायत मिल रही है कि बगैर खतियान का जाति आय आवासीय सर्टिफिकेट नहीं बनाया जा रहा है।जबकि स्थानीय पंचायत चुनाव के बाद ग्राम सभा के द्वारा सत्यापित कॉपी लगा देने के बाद बनता आ रहा था।अचानक इस तरह की समस्याओं से पठन पठान करने वाले छात्रों के बीच समस्या उत्पन्न हो गई है। अध्ययनरत छात्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना छात्रवृति से वंचित हो जाएंगे और पढ़ाई ड्रॉप कर सकते हैं।ऐसे में जन हित,समाज हित और देश हित में बच्चों के भविष्य को लेकर जाति आय आवासीय सर्टिफिकेट बनाने में पूर्व की भांति सरल बनाने को कहा गया है। विगत वर्षों से स्थानीय निकाय चुनाव के उपरांत ग्राम सभा के द्वारा सत्यापित किए जाने के उपरांत बनता आ रहा था। इस बार इस तरह का प्रावधान लागू करने से अभिभावकों और छात्र छात्राओं में काफी बेचैनी और परेशानी देखी जा रही है।जबकि इस तरह का नियम परिनियम का कहीं भी उल्लेख नहीं है।ग्राम सभा सर्वोपरि होता है जिसे नकारा नहीं जा सकता है। पत्र के माध्यम से कहा गया है कि गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए मार्ग प्रशस्त कर समस्या का समाधान अतिशीघ्रह निकला जाए। ताकि जनहित और देश हित में सरकारी लाभ उठाकर देश की उन्नति में इस क्षेत्र के बच्चे भी अग्रिम भूमिका निभा सकें।

## ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में राष्ट्रीय युवा दिवस की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद जी के शैक्षिक एवं सामाजिक दर्शन का वर्तमान परिप्रेक्ष्य में युवाओं पर प्रभाव प्रकरण पर भाषण प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मृदुला भगत, सभी सहायक प्राध्यापकों एवं प्रशिक्षुओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी के छाया चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। तत्पश्चात् महाविद्यालय प्राचार्य डॉ.मृदुला भगत ने कहा कि स्वामी विवेकानंद जी आधुनिक युग के युवाओं के पथप्रदर्शक है। हमें उनके आध्यात्मिक एवं शैक्षिक दर्शन को आत्मसात् कर अपने जीवन को उत्कृष्ट बना सकते हैं। वहीं समन्वयक डॉ. मनीष कुमार पासवान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रशिक्षुओं को बधाई देते हुए उनके प्रयासों को सराहना किए साथ ही सफल एवं खुशहाल जीवन के लिए स्वामी विवेकानंद जी द्वारा दिए गए विविध उपदेशों पर बल दिया। मौके पर बुशरा अशरफ, ट्विंकल कुमारी, द्रोपती कुमारी, स्मिता रंजन, प्रिया रॉय, नंदनी कुमारी समेत सभी शिक्षेकेतर कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस को लेकर बैठक संपन्न

**सिमरिया।** प्रखंड कार्यालय के सभागार कक्ष में शनिवार को अनुमंडल पदाधिकारी सनी राज के अध्यक्षता में गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर बैठक की गई। तथा समय सारणी निर्धारित की गई। बैठक में प्रमुख रोहन साव उपप्रमुख दामोदर गोप प्रखंड विकाश पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद मुख्य रूप से उपस्थित हुए। बैठक में निर्णय लिया गया कि 8:30 बजे नेताजी सुभाष चंद्र बोस के प्रतिमा माल्यार्पण,8:45 बजे अनुमंडल स्थित स्मारक पर पुष्पांजलि 9:00 बजे अनुमंडल कार्यालय में झंडोतोलन 9:15 बजे प्रखंड कार्यालय में 9:30 बजे पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:45 बजे थाना परिसर सिमरिया 10:00 में 10:15 अस्पताल परिसर और 10: 30 बजे शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालय परिसर में सामूहिक झंडातोलन किया जाएगा। वहीं 23 जनवरी को 10:00 बजे सुभाष जयंती के अवसर पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। वहीं सिमरिया चौक पर 15 जनवरी के बाद सुभाष चौक पर सफाई अभियान चलाया जाएगा और अतिक्रमण मुक्त किया जाएगा। साथ हीं एक कमेटी की गठन की जाएगी।

## दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मोत्सव मना

**टंडवा।** झारखंड कोलयरी मजदूर यूनियन के मासीलौंग कार्यालय में शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता यूनियन के मगध क्षेत्र के अध्यक्ष सरबजीत गंझु ने की और संचालन सचिव बिरजु उरांव ने किया। इस अवसर पर यूनियन के जोनल संगठन सचिव गुरुदयाल साव, राहम पंचायत के मुखिया विश्वजीत उरांव, उपमुखिया मोहन उरांव, और आम्रपाली यूनियन के अध्यक्ष उमेश गंझु समेत सैकड़ों यूनियन और रैयत विस्थापित मोर्चा के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

## सांसद खेल महोत्सव का आयोजन फाइनल मैच 17 ढाब एवं थाम के बीच

**कोडरमा।** सांसद खेल महोत्सव 2025 के पहले दिन बालिका फुटबॉल मैच खेला गया। लीग मैच के अलावा पहला सेमीफाइनल मैच लहरियाटांड एवं थाम के बीच खेला गया, जिसमें थाम 2-0 जीती। वहीं थाम की ओर से फस्ट हाफ 15वें मिनट में पूजा कुमारी एवं सकेंड हाफ 11वें मिनट में रीता कुमारी ने गोल किया। वहीं दूसरा सेमीफाइनल मैच ढाब एवं नावाडीह के बीच खेला गया, जिसमें ढाब 1-0 से जीती। वहीं ढाब की ओर से सकेंड हाफ में पिंकी ने गोल किया। फाइनल मैच ढाब एवं थाम के बीच 17 जनवरी 2025 को हाईस्कूल में खेला जाएगा। मौके पर प्रमेश्वर यादव, राजेन्द्र यादव, दिलीप राम, संजय पासवान, मंयक, विजय राय, रवि यादव, जागी, संजय यादव, दयानंद यादव, रोहित यादव, मिथलेश यादव, हरिश, पिन्टू राणा, अमन मौजूद रहे।

### राज्य सम्मेलन में संजय राज्य सचिव मंडल व असीम राज्य कमिटी सदस्य चुने गए

# कोयला व डीवीसी का निजीकरण के खिलाफ लिया संघर्ष का प्रस्ताव

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** रांची नामकुम में पार्टी संगठन को मजबूत करने और जनमुद्दो पर तीखा संघर्ष करने के संकल्प के साथ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी का तीन दिवसीय राज्य सम्मेलन संपन्न हो गया। वहीं 35 सदस्यीय नई राज्य कमिटी में प्रकाश विप्लव दुबारा राज्य सचिव बने, जबकि सीटू नेता संजय पासवान राज्य सचिवमंडल सदस्य और जिला सचिव असीम सरकार राज्य कमिटी सदस्य चुने गए। वहीं सचिवमंडल में मो. इकबाल, सुरजीत सिन्हा, प्रफुल्ल लिंडा, सुफल महतो, सिवानी पाल, सुखनाथ लोहरा, समीर दास, एहतेशाम अहमद, संतोष कुमार घोष के अलावा विश्वजीत देव और सुरेश मुंडा सचिवमंडल में स्थायी आमंत्रित सदस्य बने। सम्मेलन में तीनों दिन दिशा निर्देश के लिए झारखंड प्रभारी और पोलिट ब्यूरो सदस्य कॉमरेड बृन्दा करात और डॉक्टर रामचंद्र डोम मौजूद थे। वहीं राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पासवान ने कहा कि सम्मेलन में कई प्रस्ताव पारित किये गये हैं, जिसमें कोयला का निजीकरण और कोयला बेचने का अधिकार निजी कंपनियों को देने के खिलाफ और डीवीसी को तीन भागों में बांटकर निजी कंपनियों को देने और लाखों लोगों की जीविका छिनने के केन्द्र सरकार की जनविरोधी फैसले के विरोध में राज्यव्यापी संघर्ष का आह्वान किया, साथ ही धार्मिक उन्माद और घुसपैठियों के मुद्दे को लेकर मुस्लिम अल्पसंख्यकों को टारगेट करने जैसे आरएसएस भाजपा की नफरती मुहिम के खिलाफ संघर्ष करने, कोडरमा एवं गिरिडीह में माईका उद्योग को जीवित करने, झारखंड में महिलाओं पर बढ़ते अत्याचार, हिंसा और बलात्कार के खिलाफ, आंविश्वास के खिलाफ जन-जागरण अभियान चलाने, राज्य के भूमिहीन आदिवासी दलितों को जाति व आवासीय प्रमाण पत्र जारि करने, सीएनटी एसपीटी एक्ट के अंतर्गत आने वाले उद्यमियों को बैंक लोन की गारंटी करने, लैंड बैंक को समाप्त करने, गैर मजरूआ जमीन की रसीद निर्गत करने और अविलंब विस्थापन आयोग गठन करने का प्रस्ताव लिया गया। सम्मेलन में कोडरमा जिला से असीम सरकार, रमेश प्रजापति, भीखारी तुरी, ग्यासुद्दीन अंसारी, मुकेश यादव, भुना भूइयां, राजेन्द्र कुमार, शुभ्रो ज्योति ने भाग लिया।

## एक नजर में

### चतरा पहुंचे रघुवर दास, मां भद्रकाली से मांगा झारखंड की गरीबी दूर करने का आशीर्वाद



**चतरा।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा नेता रघुवर दास शनिवार को चतरा दौरे पर पहुंचे। उड़ीसा के राज्यपाल पद से इस्तीफा देने के बाद सक्रिय राजनीति में लौटे रघुवर दास का इटखोरी में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना की और झारखंड की गरीबी दूर करने के लिए आशीर्वाद मांगा। रघुवर दास ने कहा कि बिना मां के आशीर्वाद और शक्ति के कोई भी कार्य संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि वह उड़ीसा में भगवान जगन्नाथ की धरती पर सेवा देने के बाद अब झारखंड की जनता की सेवा के लिए लौटे हैं। झामुमो द्वारा लगाए गए ₹रिटायर नेता₹ के आरोपों पर उन्होंने कहा कि राजनीति में कोई रिटायर्ड नहीं होता। वह पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में संगठन और जनता की सेवा करेंगे। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी, उसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। इस मौके पर चतरा सांसद कालीचरण सिंह, सिमरिया विधायक उज्ज्वल दास, और लोजपा (रा) के विधायक जनार्दन पासवान समेत कई नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### गुरूजी का मनाया 81वां जन्मदिन



**सिमरिया।** प्रखंड मुख्यालय के डाकबंगला परिसर में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन को झामुमो में कार्यकताओं ने केक काट कर मनाया। मौके पर कार्यकताओं ने एक दूसरे को केक खिलाकर बधाई दिया। जन्मदिन के अवसर पर गरीब असहाय वृद्धों के बीच कंबल का वितरण किया गया। अतिथियों ने इश्वर से गुरुजी की दीघार्यु होने की कामना की। मौके पर झामुमो के पूर्व जिला अध्यक्ष पवन कुमार, प्रखंड सचिव उपेंद्र कुमार, रमन कुमार साहू, आलोक रंजन, सलीम अख्तर, गोपाल राम, प्रदीप राम, बुधन राम, श्याम सुंदर साहू, सुनील साहू, रोहन साहू, जगदीश साहू, मोहम्मद मासूम, मोहम्मद इदरीश, अर्जुन साहू, गोपाल सिंह कैलाश राम, वीरेंद्र वर्मा इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### कृषक सखी और पशु सखी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के आजीविका संसाधन केंद्र में शनिवार को जेएसएलपीएस से जुड़ी कृषक सखी और पशु सखी के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीसी सुमित्रा देवी ने की, जबकि संचालन एफटीसी अनिल प्रजापति ने किया। बैठक में मासिक कार्य रिपोर्ट जमा की गई और कार्यों की प्रगति पर चर्चा की गई। एफटीसी ने निर्देश दिया कि गर्मा फसल के लिए गांव की दीदियों से डिमांड ली जाए और लाखपति किसान दीदी का डेटा जल्द से जल्द अपडेट किया जाए। इसके अलावा, जैविक खाद बनाने के लिए हर गांव में कम से कम 10 नाडेप बनाने और बकरी व मुर्गियों के लिए ईटी वैक्सीन कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अमित कुमार, विजय रजक, युगेश्वर दांगी, नीलम कुमारी, सरस्वती कुमारी, सुजा कुमारी, मालती देवी, रंजंती देवी, प्रतिमा कुमारी समेत कई महिलाएं उपस्थित थीं।

### पत्रकार की हत्या पर रोष, कैंडल मार्च निकालकर विरोध प्रदर्शन



**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक पर शुक्रवार शाम पत्रकार मुकेश चंद्राकर की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च और शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा का नेतृत्व पत्रकार घनश्याम कुमार दास ने किया। इस दौरान दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनट का मौन रखा गया। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की। उन्होंने कहा कि पत्रकारों को अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए सतर्क रहना चाहिए। सभा में मुकेश चंद्राकर की हत्या के दोषियों को फांसी देने और पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। कार्यक्रम में धर्मेंद्र पाठक, कमलापति पांडेय, संजीत मिश्रा, सत्येंद्र मित्तल समेत कई पत्रकार, राजनीतिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बलबल मेला के सफल संचालन के लिए बैठक आयोजित



**गिद्धौर।** प्रखंड के चतरा-हजारीबाग सीमा पर स्थित बलबल मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के अवसर पर लगने वाले 15 दिवसीय पशु मेले को सफल बनाने के लिए शनिवार को प्रखंड प्रशासन और बलबल प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष निर्मल गोप ने की। बैठक में पेयजल व्यवस्था, व्यापारियों की सुरक्षा और सीसीटीवी निगरानी जैसे अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। प्रखंड प्रशासन और समिति ने मिलकर मेले के सुचारू संचालन पर सहमति जताई। बैठक के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव, अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा और थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मेले के स्थल का दौरा कर तैयारियों का जायजा लिया। बैठक में पंचायत मुखिया जगदीश यादव, सचिव निर्मल गोप, बालेश्वर यादव, उमेश यादव, अर्जुन यादव, सिकेंद्र रवानी, प्रभु यादव, सुरेश यादव, मनोज गोप और अन्य ग्रामीण शामिल थे।

### कोटपा कानून उल्लंघन पर 7 दुकानों पर जुमार्ना, तंबाकू विज्ञापन हटाए गए



**चतरा।** सिमरिया थाना क्षेत्र में सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा-2003) के तहत शनिवार को छापामारी अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 35 दुकानों की जांच की गई, जिसमें 7 दुकानों/व्यक्तियों को कानून का उल्लंघन करते पाया गया। इन पर अर्थदंड लगाया गया और पोस्टर हटाए गए। जिला तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की परामर्शी रश्मि दुबे ने बताया कि कई दुकानों पर तंबाकू उत्पादों का विज्ञापन पोस्टर लगे मिले, जो कोटपा-2003 की धारा 5 के तहत प्रतिबंधित है। दुकानदारों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद न बेचे जाएं और ₹तंबाकू उत्पाद बेचना कानूनन अपराध है₹ का पोस्टर दुकानों पर लगाया जाए।साथ ही स्कूल के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पाद बेचने पर भी प्रतिबंध लागू किया गया। प्रशासन ने प्रिंट मीडिया के जरिए लोगों को जागरूक रहने और कानून का पालन करने की अपील की है।

### नगर कीर्तन में उमड़ा जनसैलाब



**हंटरगंज।** प्रखंड के केदलीकला गुरुद्वारा से सिख धर्म के दशम गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार को एक विशाल नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। सुशोभित पालकी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के स्वागत में श्रद्धालुओं की कतारें लग गईं। पंज प्यारों की अगुवाई में निशान साहिब और शबद कीर्तन के साथ शोभायात्रा जैसे-जैसे आगे बढ़ी, भक्तजन श्रद्धा से नतमस्तक होते गए। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया।

स्पीड न्यूज

## महिला कांग्रेस उपाध्यक्ष बॉबी भगत से मिले कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष

**घाघरा।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व राज्यसभा सांसद प्रदीप बालमुचु, पूर्व मंत्री गीता श्री उरांव व अन्य कांग्रेसियों ने शोकाकुल महिला कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष बॉबी भगत और उनके परिवार से घाघरा स्थित घर पर मुलाकात किया। इस क्रम में बॉबी भगत से उनके बड़े पुत्र की आत्महत्या करने की घटना की जानकारी लिया। इस क्रम में बॉबी भगत ने बताया कि किसी भी तरह की कोई भी परेशानी पुत्र को नहीं थी। इस तरह की घटना वह कैसे सोच कर कर लिया। यह कहा नहीं जा सकता है। सभी बातों को उसकी सुनी जाती थी।वही नेताओं ने बॉबी भगत और उनके परिवार को ढांढस बंधाया।

## त्रिपुरा काम करने गए हापामुनि गांव के मजदूर की ट्रेन से कटकर हुई मौत

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के हापामुनि गांव निवासी मजदूर दिलीप उरांव का त्रिपुरा ईंट भट्ठा से लौटने के क्रम में चंद्रपुरा स्टेशन में ट्रेन से कटकर मौत हो गई। परिजनों द्वारा शव को हापामुनि गांव लाकर अंतिम संस्कार किया गया। इस संबंध में पंचायत समिति सदस्य प्रधान उरांव ने बताया कि मृतक दिलीप उरांव भट्ठा में काम करने त्रिपुरा सितंबर माह में गया था। वहीं सोमवार को वह त्रिपुरा से हापामुनि गांव लौट रहा था। जहां वह चंद्रपुरा स्टेशन में उतर गया। वहीं गुरुवार को चंद्रपुरा स्टेशन में ट्रेन से कटा हुआ शव रेलवे अधिकारियों ने देखा। दिलीप के पास डायरी के आधार पर रेलवे के अधिकारियों द्वारा दूरभाष पर इसकी सूचना परिजनों को दी । इसके बाद परिजन चंद्रपुरा पहुंच शव की पहचान दिलीप के रूप में किया और पोस्टमार्टम के बाद शव लेकर हापामुनि गांव पहुंचा। जहां आज अंतिम संस्कार किया गया।

## मत्स्य कार्यशाला का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** जिला मत्स्य कार्यालय द्वारा मत्स्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी कालेन खलखो, कृष्णा सिंह, जिला गव्य विकास पदाधिकारी के साथ अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, रेवती हांसदा सहायक मत्स्य निदेशक, पुष्पा मत्स्य प्रसार पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी कालेन ने कहा कि आज की कृषि व्यवसायिक हो गई है, मत्स्य पालन भी कृषि का अंग है। समन्वित मछलीपालन कर अधिक लाभ प्राप्त करें। विभाग की योजनाओं का लाभ उठाएं। कृष्ण सिंह ने, भोजन में प्रोटीन लेने के लिए मछली पालन करने का सुझाव दिया। सभी जलकरो को मछली से आच्छादित कर लोहरदगा जिले को अग्रणी जिला बनाने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अमरेन्द्र कुमार, उप मत्स्य निदेशक, ने कहा कि कृषि मंत्री के दिशा निर्देश के आलोक में सभी जिलों में कार्यशाला आयोजित की जा रही है। जिसमें विभाग की योजनाओं तथा एनएफडीपी पोर्टल पर पंजीकरण कराना प्रमुख उद्देश्य है।

### नववर्ष व मकर संक्रांति पर एक्सलसियोर नेस्टस कंपनी ने दी जेके हैरिटेज की सौगात

# कंपनी पटना, कलकत्ता व रांची के अलावे अब गुमला के लोगों की जीतेगी विश्वास: पंकज

### शहर के दुन्दरिया में जेके हैरिटेज भवन का हो रहा है निर्माण, भवन में टू बीएचके व थ्री बीचएके के होंगे फ्लैट

**खबर मन्त्र संवाददाता**


दुन्दरिया में निर्माणाधीन जेके हैरिटेज भवन

**गुमला।** रीयल स्टेट की जानी मानी कंपनी एक्सलसियोर नेस्टस नववर्ष व मकर संक्रांति के अवसर पर झारखंड प्रदेश व गुमला जिले के सभी निवासियों को शुभकामना देते हुए गुमला में जे के हैरिटेज की सौगात लोगों को दी है। कंपनी के सीईओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि कंपनी पटना, कलकत्ता व रांची के अलावे गुमला में भी अपना विश्वास कायम रखेगी। कंपनी की लोकप्रियता व बढ़ते दायरे के कारण निवेशकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है। कंपनी परियोजनाओं के निर्माण में एक ओर जहां अंतरराष्ट्रीय मानक का ध्यान प्राथमिकता के आधार पर रखती है। वहीं दूसरी ओर निवेशकों के बजट को भी संतुलित रखती है। कंपनी की प्रोजेक्ट मैनेजर सुश्री सुषमा ने बताया कि अपने वायदे के मुताबित निर्धारित समय के अंदर परियोजनाओं को पूरा करने के कारण कंपनी भरोसे की प्रतीक बन गई है। गुमला शहर के दुन्दरिया में जे.के हैरिटेज का निर्माण 36 डिसमील भूमि पर हो रही है। जिसमें चालीस प्रतिशत हिस्सा हिस्सा एरिन ग्रीन एरिया के लिए छोड़ा गया है। जे.के हैरिटेज में कुल 92 फ्लैट टू बीएचके व थ्री बीएचके का बन रहा है। कंपनी अभी सभी फ्लैट के एक पार्किंग एवं एलकलाइन वाटर की मशीन मुफ्त में लगा रही है। जो कि ग्राहकों को पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर मिलेगा। जेके हैरिटेज का निर्माण कार्य काफी तेजी से हो रहा है और निर्धारित समय से पहले फ्लैटधारियों को सुपुर्द किया जाएगा। बीस प्रतिशत राशि पर बुकिंग एवं एक्सिस बैंक सहित अन्य बैंकों से ऋण की सुविधा के लिए कंपनी करार किया है।

खबर एक नजर में

## ई-जनशिकायत में पालकोट व कामडारा प्रखंड के लोगों की डीसी ने सुनी समस्या

**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में ई-जनशिकायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पालकोट और कामडारा प्रखंड के नागरिकों ने ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर अपनी समस्याओं को बताया। कार्यक्रम में पालकोट और कामडारा प्रखंड से लगभग 20 से अधिक आवेदकों ने अपनी समस्याओं का विवरण दिया। इन समस्याओं में पेंशन, राशन, जॉब कार्ड, और अन्य सरकारी योजनाओं से संबंधित मुद्दे शामिल थे। उपायुक्त ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारियों को ऑन द स्पॉट समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य रूप से मंईया सम्मान योजना के लाभ दिलाने के सम्बन्ध में उपायुक्त से आग्रह किया। इस दौरान कई समस्याओं जा समाधान प्रखंड स्तरों पर संबंधित इऊड के माध्यम से ऑन द स्पॉट किया गया। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को सभी समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## चेंबर चुनाव हेतु नामांकित 26 उम्मीदवारों में से पांच ने लिया नाम वापस

**गुमला।** चेम्बर ऑफ कॉमर्स गुमला के आम चुनाव को लेकर शनिवार को नाम वापसी प्रक्रिया के तहत पांच उम्मीदवारों ने मुख्य चुनाव पदाधिकारी के समक्ष अपना नाम वापस ले लिया। अब 26 उम्मीदवारों में नाम वापसी के बाद 21 उम्मीदवार मैदान में रह गये हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए मुख्य चुनाव पदाधिकारी रमेश कुमार चीनी ने बतलाया की चेंबर चुनाव हेतु 26 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा था। जिसमे कई निर्दलीय प्रत्याशी के नाम भी शामिल हैं। आज नाम वापसी प्रक्रिया के तहत 5 प्रत्याशियों ने अपना नाम वापस ले लिया। नाम वापस लेने वाले उम्मीदवारों में रितेश कुमार गुप्ता, मो. इम्तियाज, सोनी देवी,ज्योति कुमारी,व मुनी लाल साहू के नाम हैं। इस तरह चुनाव हेतु अब कुल 21 प्रत्याशी ही चुनाव में रह गए।

## मनरेगा लोकपाल ने समीक्षा बैठक की और योजनाओं का किया निरीक्षण

**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के चपका पंचायत में शनिवार को मनरेगा लोकपाल शाहबान शेख ने समीक्षात्मक बैठक किया और क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, पुराने प्लांटेशन एवं नए प्लांटेशन का योजनाओं का उन्होंने निरीक्षण किया। जिस कूप का मुंडेरा नहीं बना है उसका मुंडेरा 2 फीट ऊंचा कर व योजना बोर्ड को उसमें चिपकाने का निर्देश दिया गया। नए प्लांटेशन की योजनाओं में योजना बोर्ड व घेरा एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही अधिक से अधिक लोगों को मनरेगा में जोड़कर काम देने की बात कही ताकि पलायन को रोका जा सके। किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषी पाए जाने पर सीधे कार्रवाई किया जाएगा। इस दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी बेबी कुमारी, मुखिया अंगनी उरांव, पंकज साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

## जय किसान उच्च विद्यालय मांझाटोली शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दे रहा है: बिशप

**रायडीह।** जय किसान उच्च विद्यालय मांझाटोली के स्थापना के पचास वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में शनिवार को स्वर्ण जयंती समारोह विद्यालय में धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में बिशप डॉ लिनुस पिंगल एक्का शामिल हुए। इस अवसर पर बिशप की अगुवाई में मिस्सा पूजा संपन्न हुई। मौके पर बिशप ने कहा कि जय किसान उच्च विद्यालय मांझाटोली शिक्षा के क्षेत्र में अमूल्य योगदान दे रहा है। इस विद्यालय से पढ़कर निकले कितने ही बच्चे आज देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। मांझाटोली क्षेत्र की पहचान जय किसान विद्यालय बन गयी है। बिशप ने कहा कि विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं बच्चों को संस्कार भी दे रही है। वहीं बच्चों के द्वारा मंगला चरण नाच प्रस्तुत किया गया। उसके बाद स्वागत गान व बिशप को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि फादर एमानुएल कुजूर, फादर प्रभु प्रकाश लकड़ा, फादर सिरिल कुल्लू, फादर सामुएल कुजूर,फादर मुक्ति प्रकाश, फादर बिनलवा मिंज, फादर बीरेंद्र तिर्की, फादर जॉन डुंगडुंग,फादर एडवर्ड लकड़ा फादर अगस्टिन टोप्पो,फादर इग्नासीयूस मिंज, फादर विंसेंट बैंग, फादर प्रदीप, फादर नवीन कुल्लू, मेथडस किंडो उपस्थित थे।

## संघ की मजबूती से ही जल और जंगलों की रक्षा संभव: जोसेफ


बैठक में शामिल लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के कौशल विकास सभागार में शनिवार को ग्राम सभा और प्रखंड परिषद के सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में कुल 38 गांवों के 76 ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। बैठक का मुख्य उद्देश्य पंचायत में चल रही योजनाओं की समीक्षा करना था। इस अवसर पर ग्राम सभा संघ के अध्यक्ष शांति प्रकाश ने बताया कि अब से यह परिषद की बैठक हर महीने आयोजित की जाएगी और सभी ग्राम प्रधानों को इसमें शामिल होना अनिवार्य होगा। बैठक में गैर-हाजिर रहने वाले ग्राम प्रधानों को लिखित चेतावनी दी जाएगी और अगर वे नहीं सुनते हैं। तो इसकी सूचना सओ, एसडीओ और डीसी को दी जाएगी। संघ के सचिव जोसेफ खलखो ने कहा कि संघ की मजबूती से ही जल और जंगलों की रक्षा संभव है। उन्होंने बाहरी लोगों से छुटकारा पाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। कोषाध्यक्ष आलोक लकड़ा ने बताया कि फिया फाउंडेशन हमारे गांवों में विभिन्न योजनाओं पर काम कर रहा है और सभी को इस कार्य में सहयोग करना चाहिए। फिया फाउंडेशन के प्रखंड समन्वयक ललित कुमार महतो जी ने जानकारी दी कि झारखंड में जल्द ही पेशा कानून लागू होने वाला है, जो ग्राम सभा के स्वशासन की बात को दशार्ता है। फिया फाउंडेशन झारखंड के 6 ब्लॉकों और 59 पंचायतों में काम कर रहा है। जिसका लक्ष्य जागरूकता फैलाना और वंचित परिवारों को लाभ पहुंचाना है। बैठक में मनरेगा के तहत काम मांगो अभियान पर भी चर्चा हुई। जिसमें 57 गांवों से कुल 1246 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा राशन और पेंशन के लिए भी अभियान चलाया जाएगा।

## स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक थे: प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल

### शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया

**खबर मन्त्र संवाददाता**


कार्यक्रम में शामिल लोग

**लोहरदगा।** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम मंदिर वर्षगांठ समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल, अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद उपाध्यक्ष विनोद राय, प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास, प्रमेंद्र सिंह विवेकानंद स्वरूप भैया वरुण दास ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। आचार्या वीणा तिवारी के द्वारा हनुमान चालीसा पाठ किया।पूर्व छात्र परिषद के संयोजक मिथुन तमेड़ा ने मंच संचालन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा अतिथियों का परिचय एवं अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की भूमिका आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विद्या भारती 1952 से भारतीय मूल्य एवं संस्कृति के अनुरूप कार्य कर रही है इसका उद्देश्य मेरा विद्यालय मेरा गौरव के तहत पुरातन छात्रों को पोर्टल से जोड़ा गया। पोर्टल ग्रुप के माध्यम से जुड़े हुए हैं। 3.5 लाख छात्र-छात्राएं पोर्टल से जुड़े हुए हैं और किसी न किसी क्षेत्र में कार्यरत हैं जो शिक्षक,डॉक्टर ,इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी,बैंकर ,वकील ,न्यायाधीश ,पुलिस अधिकारी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत हैं। कार्यक्रम की अगली कड़ी में हिंदी आचार्या जामवंती मिश्रा ने राम मंदिर के वर्षगांठ के शुभ अवसर पर रामलला मंदिर की विशेषता, महत्व और उसके इतिहास को प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि

अवधपुरी शोभा बढ़ न्यारी,
मंगल सज्जित अतिशय प्यारी।
प्राण प्रतिष्ठा रामलाल की।
अद्भुत महिमा दिव्य कला की।

विवेकानंद स्वरूप धारण किए भैया वरुण दास ने अग्नि मंत्र वचन प्रस्तुत किया। पूर्व छात्रा सुप्रिया पाठक ने राष्ट्रीय युवा दिवस के उत्सव के बारे में व्यक्त करते हुए कहा कि विवेकानंद जी के जीवनी से प्रेरणा लेते हुए उठो जागो और तब तक चलो जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो। संगीत आचार्या सुप्रिया घोषाल के द्वारा स्वामी विवेकानंद पर एकल गीत प्रस्तुत किया गया। प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक के रूप में जाना जाता है उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया विवेकानंद के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और लाखों युवाओं को दिशा देते हैं। अध्यक्षीय आशीर्वचन अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि युवा दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं को युवाओं तक पहुंचाना है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाए। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र कमलकांत मौर्य, अजीत भगत, विपुल तमेड़ा, सोनू राज ,आकांक्षा पाठक, विक्रांत कुमार, भैया चंदन तथा अन्य पूर्व छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अनीता देवी ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## बिजली चोरी के खिलाफ पालकोट में चलाया गया छापामारी अभियान

**गुमला।** बिजली चोरी रोकने व राजस्व वसूली को लेकर बिजली विभाग की टीम सख्त है। बिजली चोरी करने वाले लोगों के विरुद्ध पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज किया जा रहा है। वहीं गुमला जिला के पालकोट थाना क्षेत्र अंतर्गत बिजली की चोरी करने मामले को लेकर सहायक विद्युत अभियंता हरि उरांव एवं कनीय अभियंता बैकुंठ दास के नेतृत्व में सघन जांच अभियान चलाया गया। जहां जांचोंपरांत बिजली की चोरी व मीटर बायपास कर बिजली की चोरी करते 12 जगहो पर रंगे हाथों पकड़ा गया।

## सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है कांग्रेस पार्टी: केशव

**खबर मन्त्र संवाददाता**


बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व अन्य



बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर सम्मान मार्च में शामिल कांग्रेसी

**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी गुमला द्वारा आयोजित बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर सम्मान मार्च शनिवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम स्थित बाबा साहब के आदम कद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, एआईसीसी सह प्रभारी झारखंड डॉ सिरिबेला प्रसाद व वरिष्ठ कांग्रेसी प्रदीप बलमुच सहित अन्य कांग्रेसियों ने किया।

कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्ष चैतु उरांव की अध्यक्षता में हुई। गुमला में माल्यार्पण के बाद आंजन धाम से सम्मान मार्च शुरू होकर टोटो चौक पहुंचकर समाप्त हुई। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष श्री केशव महतो कमलेश ने कहा कि जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों की रक्षा के प्रति प्रतिबद्धता है। इन मूल्यों पर हो रहे हमलों के खिलाफ हमारी मांग है कि गृह मंत्री अमित शाह तुरंत इस्तीफा दें। जैसा कि आप जानते हैं कि हमने डॉ. अंबेडकर सम्मान सप्ताह की शुरूआत की थी। ताकि बाबा साहेब अंबेडकर के योगदानों को सम्मानित किया जा सके और उनकी विरासत तथा संवैधानिक मूल्यों पर हो रहे खतरों को उजागर किया जा सके। देशभर में जिला कांग्रेस कमेटियों के द्वारा बाबा साहेब अंबेडकर सम्मान मार्च आयोजित किया जा रहा है। जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान इस आंदोलन को आगे बढ़ने के लिए, 26 दिसंबर 2024 को बेलगावी में संपन्न विस्तारित कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) ने जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान शुरू करने का निर्णय लिया। यह अभियान महात्मा गांधी, डॉ०. बी. आर. अंबेडकर, और हमारे संविधान में निहित मूल्यों की विरासत को संरक्षित और सुरक्षित करने के लिए है। झारखंड प्रदेश के सभी प्रखंडों में भीमराव अंबेडकर सम्मान मार्च किया जाएगा।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर हुई बैठक

**कैरो।** प्रखंड सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी छन्दा भट्टाचार्य एवं अंचल अधिकारी कुमारी शिला उरांव की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर विधि व्यवस्था व सांस्कृतिक कार्यक्रम को लेकर बैठक किया गया। जिसमें उपस्थित प्रखंड कर्मी व जनप्रतिनिधियों के साथ विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया की प्रखंड प्रांगण में एक जगह झंडोत्तोलन किया जाएगा और इस बार स्थानिए बच्चों व महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। साथ मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले अलग अलग लोगों को भी सम्मानित करने का काम किया जाएगा। इसके अलावे इस गणतंत्र को बेहतर ढंग से आयोजित करने के लिए जो भी आवस्यक होगी उसे पूरा किया जाएगा।

## राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर भंडरा मे निकला भव्य शोभा यात्रा, राम के नारे से माहौल हुआ राममय


भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते भक्त


शोभा यात्रा में उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ श्रद्धा भक्ति एवं उल्लासपुर वातावरण समारोह पूर्वक ठाकुरबारी प्रांगण में मनाई गई. इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत संयोजक मार्गदर्शक मंडल सदस्य कृष्ण चैतन्य स्वामी के नेतृत्व में भव्य शोभायात्रा निकाली गई .शोभायात्रा ठाकुरबारी प्रांगण से शुरू होकर नवडीहा दीपा चौक एवं प्रखंड कार्यालय तक जाकर वापस ठाकुरबाड़ी प्रांगण में पूर्ण हुई. शोभा यात्रा मे राम नाम के नारे से पूरा क्षेत्र राममय हो गया था.इस मौके पर भंडरा में दिनभर धार्मिक वातावरण का माहौल बना रहा. सुबह 9बजे से ही पूजा एवं हवन का कार्यक्रम हुआ. हनुमान चालीसा पाठ, सुंदरकांड पाठ, सामूहिक आरती, प्रसाद वितरण के बाद शोभायात्रा निकाली गई. शोभा यात्रा के समाप्ति के पश्चात ठाकुर बड़ी प्रांगण में भंडारा का आयोजन किया गया. इस आयोजन में हिंदू धर्म और लंबियों के द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया।

भंडरा में यह आयोजन प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम था। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के अन्य गांव के हिंदू धर्म लंबी भी शामिल हुए थे। मौके पर ईश्वरी मोहन शर्मा ,लाल भीमनाथ सहदेव, आनंद पांडा, अमर साहू, चंदन लहरी, बबलू पंडा, अनिल यादव, मुखिया परमेश्वर महली ,मुखिया सुमित उरांव ,अमित गुप्ता ,राजेश साहू ,सरवन गुप्ता, दिगंबर महली सहित बजरंग दल मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी एवं समस्त हिंदू संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## अवर सचिव ने किया समीक्षात्मक बैठक

**लोहरदगा।** आकांक्षी जिला का समीक्षात्मक बैठक का आयोजन भारत सरकार के वित्तीय सेवा विभाग के अवर सचिव अरविंद गौर की अध्यक्षता में परिसदन भवन लोहरदगा में किया गया। बैठक में श्री गौर ने सभी बैंक प्रबंधकों को अधिक से अधिक प्रधानमंत्री जन धन खाता, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना एवं प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में वृद्धि करने की बात कही। साथ ही साथ उन्होंने बैंक खातों में आधार अद्यतन का प्रतिशत बढ़ाने में विशेष जोर दिया। इस बैठक में जेएसएलपी के निदेशक, सभी बैंको के प्रतिनिधि, आरसेटी के निदेशक एवं अन्य सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन जिला अग्रणी प्रबंधक लोहरदगा द्वारा किया गया।

# लातेहार: ब्लड बैंक में बल्ड की घोर कमी, मरीजों को हो रही है परेशानी

**विक्रम कुमार**

**लातेहार।** लातेहार ब्लड बैंक में इन दिनों ब्लड की घोर कमी देखी जा रही है। ब्लड बैंक में कोई भी ग्रुप का ब्लड नहीं है। बाहर से ब्लड खरीदने से आर्थिक नुकसान के साथ मरीज की जान का भी खतरा बना रहता है। मामला इसी तरह कुछ दिन और रहा तो किसी भी मरीज की जान पर भारी पड़ सकता है। ज्ञात हो कि इन दिनों रक्तदान करने वालों में कमी पाई गई है। अस्पताल प्रशासन समस्या का समाधान करने में असफल प्रतीत हो रहा है। बताया जाता है कि ब्लड के कमी के कारण जागरूकता का अभाव है। लेकिन इसका जिम्मेदार कौन? शिविर का आयाजित नहीं करना अस्पताल प्रशासन की कमी को दर्शाता है। जिस कारण थैलीसीमिया समेत अन्य मरीजों को जरूरत पड़ने पर मोटी रकम खर्च कर बाहर से ब्लड लेना पड़ रहा है। इस बावत संवाददाता द्वारा लैब टैक्नसियन विनय कुमार सिंह से पुछे जाने पर बताया कि बिते चार दिसंबर के बाद कोई रक्तदान शिविर का आयोजन नहीं किया गया है। इस संबंध में सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह व अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अखिलेश्वर से दुरभाष पर संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।



ब्लड डोनेट करते उमेश अग्रवाल।

## कस्तूरबा विद्यालय के लेखापाल ने महिला के लिए किया रक्तदान

मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में लेखापाल के पद पर कार्यरत उमेश अग्रवाल ने विद्यालय का कार्य करके संध्या 6 बजे लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान करते हुए मानवता का परिचय दिया है। बता दें कि रक्त कि कमी से जूझ रही आरा, बालूमाथ निवासी प्रसूति रोगी प्रियंका कुमारी (28) पति - बिनय कुमार, सदर अस्पताल लातेहार में इलाजरत हैं। उन्हें तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता थी। सुचना पाते ही उमेश अग्रवाल ने लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया।

### जागरूकता अभियान की है जरूरत

अस्पताल प्रशासन को रक्तदान के प्रति ज्यादा से ज्यादा लोगों को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। साथ ही विभिन्न माध्यमों से लोगों को जागरूक करना चाहिए जिससे लोग प्रेरित हो। ज्ञात हो कि 18 वर्ष से अधिक उम्र के महिला व पुरूष जिनका वजन 50 किलोग्राम या अधिक हो वर्ष में तीन-चार बार रक्तदान कर सकते है। रक्तदान करने के विभिन्न फायदें है।

**स्पीड न्यूज**

## ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न


मौके पर मौजूद लोग।

**लातेहार।** प्रखंड सभागार में तीन दिवसीय कार्यक्रम सबकी योजना सबका विकास अभियान अंतर्गत ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न। प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज तिवारी ने कहा कि जो भी महत्वपूर्ण एवं जनउपयोगी योजनाएं हैं सरकार के द्वारा चलाए जा रहे हैं। इन योजनाओं के अच्छी तरह से चयनकर क्रियान्वय करने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया है। वही प्रखंड समन्वय पंचायती राज सुमन कुमारी ने बताया कि इन प्रशिक्षणों में ग्राम पंचायत विकास योजना 2024 के तहत योजना चयन और सफल क्रियान्वयन के बारे में जानकारी दी गई। इन प्रशिक्षणों में शामिल होने वाले सहजकर्ता दल के लोग अपने-अपने पंचायत में ग्रामीणों को प्रशिक्षण देते हैं। प्रशिक्षण में ग्रामीण क्षेत्रों को सशक्त बनाने के लिए नौ महत्वपूर्ण विषयों पर योजना के चयन और सफलता के उपायों पर चर्चा की गयी, जिसमें गरीब मुक्त, स्वास्थ्य, जल, स्वच्छता, हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचा, महिला और बाल हितैषी योजना आदि शामिल हैं। मौके पर कई प्रशिक्षण लेने वाले महिलाएं उपस्थित थी।

## कपूर्री ठाकुर की जयंती मनाने को लेकर नाई समाज की बैठक संपन्न


बैठक में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत अलौदीया में शनिवार को भुवन ठाकुर के घर में कपूर्री ठाकुर जयंती मनाने को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभु ठाकुर ने कि। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 25 जनवरी दिन शनिवार को चंदवा के रेलवे फाटक के समीप होटल बालाजी में 10:00 बजे से जननायक कपूर्री ठाकुर जयंती एवं मिलन समारोह का आयोजन जाएगा। इस समारोह में बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा। और उन्हें पुरुस्कृत भी किया जाएगा। बैठक में कार्यक्रम की सफलता को लेकर 25 सक्रिय सदस्य का चयन किया गया। बैठक में अरुण ठाकुर, उपेंद्र ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, नीलकंठ ठाकुर, बैजनाथ ठाकुर, भुवन ठाकुर, प्रदीप ठाकुर,द्वारिका ठाकुर, रवि पांडुरंगा, कमलेश ठाकुर, बबलू ठाकुर,विनोद ठाकुर, मनोज ठाकुर, रामचंद्र ठाकुर, अवध ठाकुर, अमर ठाकुर, अर्जुन समेत दर्जनों की संख्या में नाई समाज के लोग मौजूद थे।

## पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सदर पंचायत अंतर्गत ग्राम गाड़ी लोदमदाग व नचना सुरांगी टोला मे दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लोदमदाग मे आयोजित शिविर मे अतिथि डिप्टी डायरेक्टर पशुपालन विभाग रांची जिला पशुपालन पदाधिकारी शुशिला बागे प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी, पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी पशु सखी उपस्थित थे। जहां शिविर में कुल 50 पशुपालको के बीच 770 पशु पक्षियों का दवा व चिकित्सा सलाह दिया गया। शनिवार को सदर पंचायत के ग्राम नचना के सुरांगी टोला मे विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि प्रखण्ड पशु चिकित्सा पदाधिकारी शुशीला बागे उपस्थित रही। इस शिविर में कुल 52 पशुपालको के बीच 650 पशु पक्षियों के लिए दवा वितरण किया गया एवं उनके देखभाल व होने वाली कई बिमारियों की जानकारी और आवश्यक चिकित्सा सलाह दिया गया। मौके पर चलंत पशु चिकित्सा कर्मी उमेशवर सिंह पशु चिकित्सा कर्मी, दिलिप सिंह, विनोद बैठा मनोज उरांव, सुमन कुमार गुप्ता, पशु सखि ललिता, फुलमति देवी, सुनिता देवी, रीना उरांव सहित अन्य कर्मी व भारी संख्या में ग्रामीण पशुपालक किसान मौजूद रहे।

## मकईयाटांड़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी रामजी ठाकुर घायल


हाल-चाल लेते जगत प्रकाश।

**बालूमाथ।** जिले के मकईयाटांड़ में प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी रामजी ठाकुर शुक्रवार की रात्रि करीब 07:00 बजे हेमपुर गांव के पास तेज और असंतुलित बाईक के चपेट में आने से बुरी तरह घायल हो गये। उन्हें बालूमाथ चिकित्सा केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया है। श्री ठाकुर के जांघ की हड्डी और बांह में फ्रेक्चर हो गया है। ज्ञात हो कि वे अभियान से लौट रहे थे इसी बीच असंतुलित बाईक ने उनको अक्कर मार दिया। फिलहाल बाईक सवार पुलिस के गिरफ्त में है। मौके पर पुलिस एसोसिएशन के उपाध्यक्ष जगत प्रकाश और मेंस एसोसिएशन के दिलीप कुमार, मकईयाटांड़ पहुंच घटनाक्रम का जायजा लिया और उन्हें बालुमाथ थाना प्रभारी सहित लातेहार पुलिस परिवार की सहायता से बेहतर ईलाज हेतू रिम्स भेज दिया गया है।

### सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दुरुप पंचायत के दौना गांव में फुटबाल मैच का हुआ आयोजन

# जिला के विकास के लिए ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है: एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** महुआड़ाड प्रखंड अंतर्गत लातेहार पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दुरुप पंचायत के दौना गांव में फुटबाल मैच का आयोजन किया गया। इस दौरान उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, सीआरपीएफ कमाडेंट 11 बटालियन, यादराय बुनकर, द्वितीय कमान अधिकारी-11 बटालियन, के.रि.पु बल, लातेहार, पितबास पण्डा, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, प्रखंड प्रमुख कंचन कुजूर, मुखिया उसा खलखो द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। आमजनों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा उन्हें योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के उद्देश्य से आज जिला प्रशासन के द्वारा लातेहार जिले के सुदूरवर्ती प्रखंड महुआडांड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। विभिन्न विभागों के द्वारा लोगों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा योजनाओं के लाभ हेतु आवेदन प्राप्त करने हेतु स्टॉल लगाया गया है। उन्होंने आमजनों से कहा कि विभागों के द्वारा लगाये गए स्टॉल में जाकर योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ लें।


मौके पर मौजूद अधिकारी।

**जिला के समुचित विकास के लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है : एसपी**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पुलिस और पब्लिक के बीच रिश्ता मधुर होता है। जिला के समुचित विकास के लिए सभी ग्रामीणों का सहयोग आवश्यक है। नक्सल गतिविधियों की समाप्ति के साथ गांव में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिसमें ग्रामीणों का सहयोग व भागीदारी जरूरी है। आगे उन्होंने कहा कि पुलिस हर कदम पर आम लोगों के साथ है। कोई भी समस्या होने पर लोग अपनी समस्या पुलिस के समक्ष रख सकते हैं। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी महुआड़ाड, बिपिन कुमार दुबे, सिविल सर्जन डॉ. अवधेश कुमार सिंह, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेंब्रम अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। इसके पश्चात महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में जनता मिलन सह संवाद का आयोजन किया गया। स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजनों ने अपनी समस्याओं के समाधान के लिए उपायुक्त को आवेदन दिया। महुआडांड़ के आमजनों ने बिजली, पानी, आवास, जमीन, स्कूल, रोड से संबंधित आवेदन दिया।

## हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर दादा की मौत, पोता घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-खलारी मुख्य पथ पर शनिवार को एक अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार प्रयाग गोप 77 वर्ष पिता स्वर्गीय बंधु गोप एवं सुमित कुमार यादव पिता सुशील यादव दोनो ग्राम मनसिघा थाना बालूमाथ को टक्कर मार दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक डॉ. अमरनाथ प्रसाद ने प्रयाग गोप को मृत घोषित कर दिया। वहीं सुमित कुमार यादव को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया। रिश्ते में दोनों दादा पोता बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार दोनों दादा, पोता मोटरसाइकिल से अपने घर मनसीघा से मैक्लुस्कीगंज की ओर जा रहे थे।

# पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कार्यकर्ताओं के साथ दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन केक काटकर मनाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के सुप्रीमो और दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन आज पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम के आवास पर उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर 81 पाउंड का बैद्यनाथ राम ने शिबू सोरेन के जन्मदिन में केक काटकर मनाया। जिसे सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु के सम्मान में साझा किया। समारोह में झामुमो के प्रमुख नेता समसुल होदा, पुर्व विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, अरूण कुमार दुबे, विनोद उरांव, शित मोहन मुंडा, गोपाल सिंह, आनंद कुमार राम, वारीस अंसारी, वासुदेव प्रसाद यादव, सुशील कुमार यादव, गीता देवी, एहसान अंसारी, अशोक कुमार पांडे, रिंकू कच्छप, मोहन भुइयां, सद्दाम अंसारी, अरशद अंसारी, साबिर अंसारी, राजेश उरांव, कौशल कुमार समेत कई लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान शिबू सोरेन के झारखंड आंदोलन और राज्य के विकास में उनके योगदान को याद किया गया। पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम ने कहा दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड की आत्मा हैं। उनका संघर्ष और बलिदान आज भी हमें प्रेरित करता है। उनकी दीघार्यु और अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।


जन्मदिन मनाते पूर्व मंत्री व अन्य।

**एक नजर में**

## गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ का गठन


नवनियुक्त अध्यक्ष को सम्मानित करते शिक्षक।

**मनिका।** मनिका प्रखंड मुख्यालय स्थित नवज्योति निकेतन आवासीय विद्यालय के प्रांगण में दिन शनिवार को झारखंड गैर सरकारी स्कूल संचालक संघ के द्वारा प्रखंड स्तरीय बैठक कर विद्यालय प्रबंधक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सभी निजी विद्यालय के संचालक एवं सहयोगी शिक्षकों ने भाग लिया। वहीं बैठक में सभी के सहमति से प्रखंड अध्यक्ष का दायित्व प्रदीप प्रसाद को सौंपा गया एवं उपाध्यक्ष संतोष यादव,सचिव उपेंद्र सिंह,कोषाध्यक्ष राजेश कुमार प्रजापति,उपसचिव चंदन कुमार,उपकोषाध्यक्ष प्रमोद यादव और मीडिया प्रभारी के पद पर यशवंत यादव का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त सभी सदस्यों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं बैठक में शिक्षकों के बीच कई समस्याओं पर विशेष चर्चा किया गया। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हम सभी निजी स्कूलों के संचालकों को चट्टानी एकता के साथ खड़े होने की जरूरत है इससे हम सभी को विद्यालय संचालन में काफी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कमेटी के गठन होने से निजी विद्यालय का समन्वय और भी मजबूत होगा और एकजुटता के साथ हम सभी अपनी समस्याओं एवं अपनी बातों को सरकार के समक्ष रख सकेंगे। मौके पर जिला अध्यक्ष विनोद यादव ने बताया कि शोषण एवं सरकार की कार्य के वजह से लातेहार जिला अंतर्गत सभी नौ प्रखंडों में निजी स्कूल संचालकों का प्रखंड स्तरीय कमेटी बनाया जा रहा है। साथ ही आगामी 13 जनवरी को जिला स्तरीय निजी स्कूल संचालक संघ का भी गठन किया जाएगा। ताकि शोषण एवं सरकार के कार्य रूप से मजबूती के साथ लड़ा जा सके। वहीं बैठक का संचालन राजेश प्रजापति ने किया। मौके पर उपस्थित प्राचार्य मधुरेश कुमार ने सभी नवनियुक्त सदस्यों को बधाई दिया। वहीं बैठक में प्रखंड क्षेत्र के सभी निजी विद्यालय संचालक उपस्थित थे।

## चंदवा में मजदूर सम्मेलन का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**


सम्मेलन में उपस्थित लोग।

**चंदवा।** स्थानीय जयहिंद पुस्तकालय सभागार में शनिवार को मजदूरों के हितों की रक्षा पर चर्चा को लेकर मजदूर सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन की अध्यक्षता सुरेश बासपति एवं धनेश्वर तुरी व संचालन अनिल कुमार साहू ने किया। बैठक में बतौर पर्यवेक्षक एटक झारखंड प्रदेश के महासचिव अशोक यादव मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान मजदूरों के हक व अधिकारों को दिलाने व हितों की रक्षा को लेकर गम्भीरता से चर्चा किया गया व सभी ने सर्वसम्मति से एक मजदूर संगठन बनाने की निर्णय लिया गया। जिसमें झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन नामक संगठन बनाने एवं नाम का प्रस्ताव आया। इस यूनियन में 31 सदस्यीय कमिटी बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया। एवं जरूरत पड़ने पर कमिटी का विस्तार करने की भी बात कही गयी साथ ही सर्वसम्मति से निम्न पदों एवं उनकी संख्या निर्धारित की गई। जिसमें अध्यक्ष 01, उपाध्यक्ष 03, महासचिव 01, सचिव 03, कोषाध्यक्ष 01 एवं 22 कार्यकारिणी सदस्य बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है व सर्वसम्मति संगठन को गति देने हेतु अध्यक्ष पद हेतु प्रमोद कुमार साहू का चयन किया गया।

**➲ झारखंड दैनिक मजदूर यूनियन का हुआ गठन, अध्यक्ष बने प्रमोद साहू**

बैठक को संबोधित करते हुएअशोक यादव ने कहा कि देश में मजदूर और असंगठित मजदूरों पर अनेक तरह की मुसीबत आने वाली हैं। देश में उपस्थित पूंजीवादी सरकार मजदूरों के शोषण हेतु लगातार कानूनों में संशोधन कर रही है। असली मुद्दों स्व भटका कर महंगाई ,बेरोजगारी, शोषण आदि ज्वलंत मुद्दों से दूर रखने का प्रयास किया जा रहा है। इस परिस्थितियों में आप सभी का संगठन बनाने का निर्णय एक साहसिक कदम है। बैठक को प्रमोद साहू, इंदुभूषण पाठक, मो अलाउद्दीन, अनिल कुमार साहू, आदि ने भी संबोधित किया। इस बैठक में पपुन कुमार, गोविंद गंझू, तेजू उरांव, श्याम सुंदर उरांव, प्रकाश गंझू, भोला मिस्त्री, जीतू गंझू, फूलदेव गंझू, कलाम गंझू,अनिल उरांव, मुकेश उरांव, सावित्री देवी, करमी देवी, लीला देवी समेत सैकड़ों मजदूर साथी मौजूद थे।

## भारत के महान संत स्वामी विवेकानंद की जन्म जयंती मनाया गया

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसरे में शनिवार को स्वामी विवेकानंद जी के जन्म जयंती मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय समिति के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, रूपलाल यादव, महेंद्र प्रसाद, प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से मां शारदे, ओउम, भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। अतिथि परिचय प्रधानाचार्य ने किया एवं स्वागत गीत मधुबाला दीदी खुशबू दीदी, सोनाली दीदी द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए आचार्या वीणा देवी ने कहा कि स्वामी जी का बचपन से ही आध्यात्मिक की ओर झुकाव था। वह संगीत सहित और दर्शन में भी रुचि रखते थे। वह रामकृष्ण परमहंस को अपना आध्यात्मिक गुरु मानते थे। स्वामी जी 25 साल की उम्र में ही संन्यास ले लिया था। और उनका नाम स्वामी विवेकानंद पड़ा। स्वामी जी 1893 में शिकागो में विश्व धर्म सम्मेलन में अपने भाषणों से अमेरिका में काफी लोकप्रिय बन गए थे। अध्यक्ष प्रसाद ने अपने विचार व्यक्त हुए कहा कि स्वामी जी आत्मविश्वास ज्ञान की खोजआत्म सुधार दूसरों की सेवा और सभी के साथ भाईचारे के बातों पर जोर देते थे । उन्होंने कहा कि स्वामी जी के बताएं रास्ते पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में एकल गीत नीतीश कुमार एवं दहेज प्रथा पर गीत वंदना दीदी ने प्रस्तुत किया मंच संचालन लक्ष्मण राम द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आचार्य जी दीदी जी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बनहरदी कोल ब्लॉक के प्रभावित परिवारों के पुनर्स्थापन कालोनी निर्माण को लेकर आन में हुई ग्राम सभा

**चंदवा।** पीवीयूएनएल बनहरदी कोल परियोजना से विस्थापित हो रहे परिवारों के पुनर्वास एवं पूर्णस्थापन कॉलोनी निर्माण को लेकर शनिवार को मध्य विद्यालय आन के प्रांगण में ग्राम का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान झरी भुइया ने की। उक्त आमसभा जिला भूअर्जन पदाधिकारी लातेहार के पत्रांक के आलोक में आहूत की गई थी, जिसमे कम्पनी प्रबंधन के अधिकारी, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, अंचल निरीक्षक महेश सिंह, जिप अध्यक्ष पूनम देवी जिपस सरोज देवी एवं पूर्णव्यस्थापन कॉलोनी निर्माण से प्रभावित हो क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि व रैयत मौजूद थे। ग्राम सभा के दौरान कंपनी प्रबंधन के अधिकारियों एवं अंचलाधिकारी के द्वारा विस्थापित हो रहे रैयतों को मिलने वाले लाभ एवं हितार्थ चलाई जाने वाली योजनाओं की जानकारी साझा की गयी। ग्राम सभा के समक्ष कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि बनहरदी कोल माइंस से विस्थापित व्यक्तियों की पुनर्वास व पूर्णव्यस्थापन कॉलोनी के निर्माण हेतु ग्राम आन में कुल 58.67 एकड़ रैयती भूमि एवं 4.96 गैर मजरूवा भूमि को अर्जित किया जाना है।

# अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ पर शहर के विभिन्न मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि पर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में लातेहार शहर के विभिन्न मंदिरों में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किए गए। इस अवसर पर भक्तों ने श्रद्धा और उल्लाष के साथ पूजा-अर्चना की। थाना चौक स्थित मनोकामना सिद्ध हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ हुआ। मंदिर के मुख्य पुजारी त्रिभुवन पांडे ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और मंदिर स्थापना से देश में शांति, समृद्धि और खुशहाली का संचार होगा। बिजली ऑफिस शिव मंदिर में महिला समिति की अध्यक्ष मंजु देवी ने सुंदर पीठ की स्थापना की और विशेष पूजा का आयोजन किया। इसके अलावा श्री संकट मोचन भवानी मंदिर जुबली रोड, अम्वाटीकर, धर्मपुर, महावीर मंदिर ठाकुरबाड़ी समेत अन्य मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व शिक्षा मंत्री बैद्यनाथ राम, राजधानी प्रसाद यादव, सुनील अग्रवाल, सुनील प्रसाद, अध्यक्ष निर्मल महालका सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में शहर में एक विशाल जुलूस निकाला गया। जय श्री राम के नारों से गूंजते इस जुलूस में श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ अपनी मनोकामनाएं पूर्ण करने की कामना की। शहरवासियों ने इस आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य बताते हुए इसे श्रद्धा और समर्पण का प्रतीक माना।


कार्यक्रम में शामिल पुर्व मंत्री व अन्य।

## रामलला के प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर भंडारे का किया आयोजन

**बरवाडीह।** अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का प्रथम वर्षगांठ बरवाडीह में बड़े ही धूमधाम और भव्यता के साथ मनाया गया। इस मौके पर बरवाडीह व्यावसायिक समिति के अध्यक्ष श्री दीपक राज और उनके भाई स्टाइलन फैशन के संचालक अनुज कुमार के नेतृत्व में बस स्टेंड स्थित आदिशक्ति महावीर मंदिर के प्रांगण में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। दोपहर 3 बजे विधिवत पूजा-अर्चना और आरती के बाद महाभोग का भव्य भंडारा आरंभ हुआ। इस महाभंडारे में श्रद्धालुओं के लिए विशेष रूप से खीर, पूड़ी और सब्जी का प्रसाद तैयार किया गया था। भक्तों की अपार भीड़ ने पूरे आयोजन को अत्यंत हर्ष और श्रद्धा से परिपूर्ण कर दिया। हर कोई महाप्रसाद ग्रहण कर दिव्य अनुभूति से अभिभूत नजर आया। आयोजन समिति ने समर्पित सेवा भाव के साथ सभी श्रद्धालुओं के लिए सुचारु व्यवस्था सुनिश्चित की। शदीपक राज ने कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ हमारे लिए एक महान पर्व है और यह आयोजन रामभक्ति की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से किया गया है। इस भंडारे ने क्षेत्र में सामुदायिक एकता और भक्ति का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। भक्तजन इस आयोजन में भाग लेकर प्रसन्नता और भक्तिरस का अनुभव करते हुए महाप्रसाद का आनंद लेते रहे। इस भव्य आयोजन ने सभी को भगवान राम की कृपा और आशीर्वाद से सराबोर कर दिया। इस मौके पर दीपक राज के पिता नागेंद्र प्रसाद, प्रेम शंकर प्रसाद के साथ साथ व्यवसायिक समिति के सोनू सिंह, सोनू सरदार, विवेक सिंह, रवि भीम, हेमंत कश्यप, नरेश चौरसिया, अवनीश कुमार, रिंकू सिंह और अर्श आर्यन राज समेत कई राम भक्त मौजूद थे।


महाप्रसाद का वितरण करते दीपक राज।

# तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ शुभारंभ



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** ग्राम पंचायतों के सशक्तिकरण के उद्देश्य को लेकर कसमार प्रखंड के सभागार में ग्राम पंचायतों के सहजकताओं का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का शुभारंभ कसमार प्रमुख न्योति कुमारी दे ने किया। प्रखंड समन्वयक सुबोध कुमार प्रजापति ने बताया कि सहजकताओं के तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के पहले चरण में प्रखंड के 15 पंचायतों में से सोनपुरा दाँतू पोंडा कसमार गर्री मंजूरा बरइकला और मधुकरपुर इन 8 पंचायतों के सहजकताओं का प्रशिक्षण 11 जनवरी तक होगा बाकी के 7 पंचायतों के सहजकताओं का प्रशिक्षण द्वितीय चरण में 16 से 18 जनवरी तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले दिन के प्रशिक्षण में सहजकताओं को प्रशिक्षण के उद्देश्य के बारे में बताते हुए वार्षिक कार्य योजनाओं को लेकर विभिन्न पहलुओं पर दिशा निर्देश दी गई। उक्त प्रशिक्षण शिविर में पंचायती राज विभाग द्वारा चन्दना मिश्रा तथा सुप्रतीक बर्मन को प्रशिक्षक प्रतिनियुक्त किया गया है। इस अवसर पर मधुकरपुर मुखिया राजेंद्र महतो ने बताया कि पंचायतों के सहजकर्ता दल में पंचायत सचिव रोजगार सेवक मुखिया द्वारा एक नामित वार्ड सदस्य पंचायत के अंतर्गत आनेवाले जेएसएलपीएस का एक सदस्य एक स्वास्थ्य सहिया के अलावे एक आंगनबाड़ी की सेविका शामिल हैं जिन्हें प्रशिक्षित कर पंचायत को सशक्त बनाने का कार्य किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में बीडीओ नम्रता जोशी बीपीआरओ भुनेश्वर तुरी के अलावे शामिल पंचायतों के सहजकर्ता दल उपस्थित हुए।

## रोटरी क्लब चास ने विधायक श्वेता सिंह को किया सम्मानित

**बोकारो।** रोटरी क्लब चास द्वारा चीरा चास स्थित रोटरी भवन में 23वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक श्वेता सिंह उपस्थित रहीं। क्लब के अध्यक्ष विनोद चोपड़ा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहां कि सामाजिक एवं सेवा कार्यों से रोटरी क्लब चास ने बोकारो में एक अलग विशिष्ट पहचान बना ली है। संस्थापक अध्यक्ष संजय बैद ने इस अवसर पर क्लब की सामुदायिक सेवा एवं मानवीय कार्यों में 23 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा का संक्षिप्त में वर्णन किया। कार्यक्रम के संयोजक विपिन अग्रवाल ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा ही रोटरी का उद्देश्य है। मुख्य अतिथि श्वेता सिंह ने कहा कि सेवा क्षेत्र में रोटरी क्लब चास का समाज में प्रभावशाली योगदान रहा है।उन्होंने आशा व्यक्त की कि चास उपनगर को संवारने में रोटरी क्लब चास अपना योगदान देगा। समारोह में श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया गया। मौके पर क्लब के सभी पूर्व अध्यक्षों ने शॉल ओढ़ाकर श्वेता सिंह को सम्मानित किया। पूर्व मंडल अध्यक्ष महेश केजरीवाल ने लेपल पिन लगाकर श्वेता सिंह को रोटरी क्लब चास का मानद सदस्य बनाया।

### वेदांता ईएसएल ने एसएससी जीडी परीक्षा में

# छात्रों की उपलब्धियों का मनाया गया जश्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो।** वेदांता ईएसएल एक्सेल-30 सेंटर के तीन छात्रों ने कर्मचारी चयन आयोग सामान्य ड्यूटी परीक्षा उत्तीर्ण की है। ये युवा उपलब्धि प्राप्त करने वाले 20 जनवरी, 2025 को अपनी सरकारी सेवा शुरू करेंगे। वेदांता ईएसएल में वेल्डर के रूप में कार्यरत सौरेश महथा के पुत्र एक्सेल-30 सेंटर के छात्र सोमनाथ महथा को बीएसएफ में शामिल होने का प्रतिष्ठित अवसर मिला है। उसरडीह गाँव निवासी एक अन्य छात्र शुभम तिवारी एवं डुमरदाह गांव निवासी धर्मदास महतो की पुत्री पूनम कुमारी का चयन सीआईएसएफ में सेवा के लिए हुआ है। इसके अलावा छह अन्य छात्रों ने लिखित परीक्षा में सफलता प्राप्त की है जो एक्सेल-30 सेंटर की उत्कृष्टता को और उजागर करता है। सोमनाथ शुभम और पूनम की उपलब्धियां प्रतिभा को निखारने और युवाओं को बहुमूल्य अवसर प्रदान करने में




मदद करने के लिए वेदांता ईएसएल के समर्पण का प्रमाण हैं। इस अवसर पर ईएसएल स्टील के सीएसआर प्रमुख कुणाल दरिपा ने कहा कि इन तीन छात्रों की उपलब्धियों पर पुरे कंपनी को गर्व है जिनकी कड़ी मेहनत और समर्पण ने उन्हें सफलता दिलाई है। उनके परिवारों के साथ वेदांता ईएसएल इस गर्व को साझा करता है क्योंकि ये छात्र एक उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं। वेदांता ईएसएल में हम ग्रामीण युवाओं को ऐसे अवसर प्रदान करके सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो न केवल उनके जीवन को बदलते हैं बल्कि पूरे समुदाय का उत्थान भी करते हैं।

## खबर एक नजर में

### शिक्षकेत्तर कर्मी की तालाबंदी की ताला तोड़ समाप्त कराना दुर्भाग्यपूर्णः महासचिव

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आंदोलनरत कर्मचारियों द्वारा तालाबंदी में लगाए गए तालों को तोड़ने की घटना से सभी कर्मचारी आहत है। इस सच का उजागर अबतक नहीं हो पाया कि आखिर किसके कहने पर रात में दुमका प्रशासन द्वारा तालाबंदी हटाया गया। जिला प्रशासन, राज्य सरकार या विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा इस घटना को अंजाम दिया गया यह जांच का विषय है। जबरन तालाबंदी समाप्त करने से कर्मचारियों में काफी आक्रोश है। बहरहाल आनन-फानन में की गई इस घटना पर महासंघ महासचिव नेतलाल मिर्धा ने विश्वविद्यालय प्रशासन के रवैया को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। इसी बीच आज कर्मचारियों की एक बैठक आहूत हुई। बैठक कर आंदोलन को उग्र करने का निर्णय लिया गया। शिक्षकेत्तर कर्मी महासंघ संग आज विश्वविद्यालय प्रशासन संग की आहूत बैठक में अनुरोध किया कि उच्च शिक्षा निदेशालय के सचिव के साथ हुई वार्ता के क्रम में वेतन निर्धारण को लेकर पुनः सभी कागजातों को लेकर निदेशालय आये।

### तसर कल्चर को पर्यटन की दिशा में गति प्रदान कर जनमानस तक बढ़ावा देने की है आवश्कताः डीएफओ

**दुमका।** तसर रेशम उद्योग आधारित पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्यशाला आयोजन किया गया। केंद्रीय रेशम बोर्ड केंद्रीय तसर अनुसंधान प्रशिक्षण संस्थान रांची के निदेशक डा एनबी चौधरी के उपस्थिति में डीएफओ सात्विक व्यास के नेतृत्व में हुई। इस चर्चा के तहत खेल पदाधिकारी सह पर्यटन नोडल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार के देखरेख में विकसित किए जा रहे पर्यटन स्थल मसानजोर दुमका का तसर संस्थान के टीम ने दौरा किया। तसर रेशमकीट के प्रमुख खाद्य पौधे अर्जुन का मसानजोर में पौधरोपण किया गया। संथाल परगना तसर रेशम उत्पादन का प्रमुख क्षेत्र है। जहां राज्य का लगभग 30 प्रतिशत उत्पादन होता है। इस उद्योग से हजारों लोग जुड़े हैं। मसानजोर दुमका में तसर रेशम उद्योग की गतिविधियों को भी और बढ़ावा देने के लिए डीएफओ ने प्रतिबद्धता व्यक्त किया। इस दौरान पर्यटन को गति देते हुए तसर धगाकरण एवं वस्त्र निर्माण को बढ़ावा देने की दिशा में सामूहिक प्रयास करने की इच्छा व्यक्त किया। तसर कोशों का लाखों की संख्या में उत्पादन होता है। पर्यटन की दृष्टि से तसर धागाकरण एवं वस्त्र निर्माण को मसानजोर परिक्षेत्र बेहतर स्थान है। मौके पर संस्थान के वैज्ञानिक डा जयप्रकाश पांडेय एवं डा शांताकार गिरी ने भी इस चर्चा में सहभागिता निभाया।

### झामुमो कार्यालय में मना गुरु जी का जन्मोत्सव

**बेरमो।** निर्मल महतो करगली गेट के कार्यालय मे झामुमो फुसरो नगर समिति द्वारा दीपक महतो के नेतृत्व में बड़े धुम धाम से माननीय शिबू सोरेन उर्फ गुरूजी को जन्मदिन मनाया गया। बोकारो जिला सचिव जयनरायन महतो, जिला संयुक्त सचिव एकबाल अहमद जिसमें मुख्य रूप से बोकारो जिला,युवा नेता भोलू खान, संयुक्त सचिव पान बाबू केवट, फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो, गोविंद रजक आदि उपस्थित थे।

### गोमिया विधायक सह मंत्री ने लिपिक संघ को दिया आश्वासन

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** गोमिया विधायक सह झारखंड पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और उत्पाद एवं मध निषेध विभाग मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के सदस्यों को आश्वासन दिया कि अतिशीघ्र अधिवक्ता लिपिक संघ का भवन तेनुघाट में बनेगा। मालूम हो कि तेनुघाट अधिवक्ता लिपिक संघ के द्वारा वर्ष 2019 में तत्कालीन गोमिया विधायक बबीता देवी को एक आवेदन देकर लिपिक संघ भवन निर्माण की मांग की थी। तब माननीय विधायक महोदया के अनुशंसा पर जल संसाधन विभाग के द्वारा जमीन की अनापत्ति प्रमाण पत्र के लिए अग्रतर करवाई के लिए समर्पित किया गया था।

### एसडीओ और तेनुघाट मुखिया पति ने संयुक्त रूप से किया कम्बल वितरण

**बेरमो /तेनुघाट कोर्ट।** तेनुघाट अनुमंडल मुख्यालय स्थित तेनुघाट पंचायत में अनुमंडल पदाधिकारी मुकेश कुमार मछुआ और पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि संतोष कुमार श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से तेनुघाट राजा मुहल्ला में ठण्ड को देखते हुए असहाय और दिव्यांग लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं अनुमंडल पदाधिकारी ने लोगो से अपील की अभी शीतल लहरी चल रहा है घर में ही रहे ठण्ड से बचे यदि काम न हो तो घर में ही रहे। वहीं इस मौके पर पंचायत के कई गन्यमान्य लोग मौजूद थे।

### वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन

**बेरमो।** रैयत विस्थापित मोर्चा के जारंगडीह शाखा अध्यक्ष मो इस्लाम अंसारी ने शनिवार को एक भेंट के दौरान जानकारी देते हुए बताया कि नव वर्ष के शुभ अवसर पर मोर्चा द्वारा कथारा स्थित स्टाफ क्लब में वनभोज सह मिलन समारोह का आयोजन किया जायेगा। जिसमें मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा जी के अलावे मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू, उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन तथा जारंगडीह शाखा सचिव फिनीराम सोरेन आदि शामिल होगे।

### कुदुस अंसारी के घर पर आयोजित उनके पिता जी के चेहल्लुम कार्यक्रम में शामिल हुए मंत्री

**बेरमो/ललपनिया।** शनिवार को माननीय मंत्री, पेयजल एवं स्वच्छता, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग झारखंड के योगेंद्र प्रसाद महतो ने गोमिया प्रखंडके लोधी में झामुमो के वरीय कार्यकर्ता कुदुस अंसारी के घर पर आयोजित उनके पिता जी के चेहल्लुम कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने दिवंगत आत्मा को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सुख हो या दुःख हर घड़ी में झामुमो परिवार आपके साथहमेशा खड़ा है।

### नशेड़ियो ने सर्विसिंग सेंटर कर्मी को बुरी तरह पिटा

**बेरमो।** बोकारो जिला के बेरमो अनुमंडल अंतर्गत कथारा से खेतको असनापानी जाने वाली मुख्य चौक पर स्थित स्वच्छता सर्विसिंग सेंटर में कार्यरत गोमिया निवासी कर्मी अशफाक अंसारी को बीते रात्रि कुछ अज्ञात नशेड़ियो ने बुरी तरह पिट कर घायल कर दिया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सर्विसिंग सेंटर कर्मी हर दिन की तरह रात में वहीं रुका हुआ था। इसी बीच हो हल्ला सुन कर वह कमरे से बाहर निकला तो देखा कि कुछ लोग वहां जमा हो गाली गलौज कर रहे थे और पास के दुकानदार से कुछ मांग कर रहे थे।

### सीआइडी ने गोमिया में सहारा इंडिया शाखा को किया सील, निवेशकों की बढ़ी परेशानी

**बेरमो।** शुक्रवार को अपराध अनुसंधान विभाग ने गोमिया बैंक मोड़ स्थित सहारा इंडिया ब्रांच ऑफिस को सील कर दिया। इस कार्रवाई के दौरान गोमिया के अंचल अधिकारी अफताब आलम भी मौजूद थे। सीआइडी के इंस्पेक्टर बासुदेव कुमार आर्या ने बताया कि यह कार्रवाई डीजीपी के आदेश पर की गई है। गुप्त सूचना पर कार्रवाई-इंस्पेक्टर आर्या ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि इस ब्रांच में अब भी पैसा जमा किया जा रहा है। इसी आधार पर कार्यालय को सील किया गया। हालांकि, जांच के दौरान ऐसी कोई गतिविधि सामने नहीं आई। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह कदम केवल उच्च अधिकारियों के आदेश पर उठाया गया है।

## बीएसएल में एक 'नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम संपन्न

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट से जनवरी' 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 90 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## भारी मोटर वाहनों में रेट्रो रिफ्लेक्टिव टेप की हुई जांच

**दुमका।** जिले में सड़क सुरक्षा माह 2025 के तहत जागरूकता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियाच चला बड़ी और छोटी गाड़ियों पर रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का कार्य किया गया। जिससे रात में गाड़ियां स्पष्ट रूप से दिखाई दें और सड़क दुर्घटनाओं में कमी आये। डीटीओ जयप्रकाश करमाली ने वाहन चालकों को ओवरलोडिंग और ड्रंक एंड ड्राइव से होने वाले खतरों के प्रति जागरूक किया। मौके पर मोटरयान निरीक्षक अभय किशोर देव, अरविंद तिरु, अभय टेटे, समिति सदस्य मनोज कुमार घोष, अमरेन्द्र सुमन, मनोज उरांव, अमित कुमार ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में भाग लिया।

## होमगार्ड जवान की आसामयिक निधन से विभाग में फैली शोक की लहर



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** भारतीय स्टेट बैंक मुख्य शाखा गोड्डा में प्रतिनियुक्त होमगार्ड जवान 1138 आनंद कुमार ओस्ता सुबह करीब 4:50 वजे दिल का दौरा बढ़ने से आनन फानन में गार्ड प्रभारी महिकान्त पासवान एवं वहां प्रतिनियुक्त जवानों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। गार्ड प्रभारी ने तुरंत एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा को इसकी जानकारी दी श्री कुशवाहा तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे और सारी बातों से अवगत हुए। वहीं एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह एवं निरीक्षक अकिलयस तिर्की को फोन कर जानकारी दी।इस खबर को सुनते ही जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह एवं निरीक्षक अकिलयस तिर्की तुरंत सदर अस्पताल पहुंचे वहीं मौके पर विधायक हेमलाल मुर्मू एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता प्रेम नंदन भी सदर अस्पताल पहुंच कर इसकी जानकारी लिया साथ ही कहा सरकार द्वारा जो भी देय होगा जल्द ही करवाने का भरोसा दिया। मृतक आनंद को जिला समादेष्टा कार्यालय में शोक सलामी दी गई साथ ही जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा तिरंगा झंडा एवं अकियस तिर्की द्वारा फूल गुच्छ देकर होमगार्ड कार्यालय से नमन आंखों से विदाई दी। साथ ही तत्काल दाह संस्कार के लिए विभाग द्वारा 5000/की राशि जिला समादेष्टा जितेंद्र कुमार सिंह द्वारा दी गई। मौके पर एसोसिएशन के प्रदेश संरक्षक मनोज कुमार कुशवाहा, कार्यकारी अध्यक्ष अनुज कुमार यादव, महिकान्त पासवान, कैलाश यादव, मणिकांत झा,कन्हय लाल यादव, इम्तियाज आलम, बाबूजी मरंण्डी आदि दर्जनों एसोसिएशन के साथियों ने गहरी दुःख व्यक्त किया। प्रदेश संरक्षक सह अध्यक्ष मनोज कुमार कुशवाहा ने कहा आनन्द बहुत ही सरल स्वभाव के व्यक्ति थे अचानक ऐसे दुसरी घटना है पहले सावन डियुटी में विजय मंडल का भी इस तरह का घटना हुई। जिले में ऐसी घटना से पूरा विभाग में शोक मग्न है।

## डालमिया सीमेंट ने अपनी 'आरसीएफ एक्सपर्ट' सीमेंट रेंज का किया अनावरण

**बोकारो।** भारत की प्रमुख सीमेंट कंपनी डालमिया सीमेंट (भारत) लिमिटेड ने भारतीय बाजारों में 'रूफ कॉलम फाउंडेशन (आरसीएफ) एक्सपर्ट' ब्रांड के तहत अपने नए सीमेंट पोर्टफोलियो का अनावरण किया। इसके प्रमुख उत्पाद डालमिया डीएसपी आरसीएफ एक्सपर्ट++ और डीसी आरसीएफ एक्सपर्ट उन्नत फॉर्मूलेशन और अत्याधुनिक नैनो बॉन्डिंग टेक्नोलॉजी से लैस हैं जो आधुनिक निर्माण की बदलती जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किए गए हैं।

## एसकेएमयू में 46 दिन बाद प्रशासनिक व शैक्षणिक कार्य सुचारू रूप से पुनः हुआ शुरू

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में करीब डेढ़ माह बाद शनिवार से प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्य पुनः सुचारू रूप से शुरू हो गया। विदित हो कि शुक्रवार की शाम राज्य सरकार के निर्देश पर दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की मौजूदगी में आंदोलनकारी कर्मचारियों ने परिसर के सभी भवनों पर लगाए गए ताले हटा दिए गए थे। विशेष परिस्थिति में कुलपति प्रो बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर कुलसचिव डॉ राजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकारियों की बैठक आहूत की। बैठक में आंदोलनकारी शिक्षकेतर कर्मचारियों को भी बुलाया गया था।

### बाबा दिशोम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिवस पर


## गोड्डा अस्पताल में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर जन्मदिन मनाया



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** आज जिला झारखंड मुक्ति मोर्चा गोड्डा समिति के द्वारा बाबा दिसोंम गुरु शिबू सोरेन जी का 81 वाँ जन्मदिन सदर अस्पताल गोड्डा में मरीजों के बीच केक काटकर एवं कंबल वितरण कर मनाया गया। कार्यक्रम जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन की अध्यक्षता में किया गया। सर्वप्रथम गुरु जी के तैल चित्र के सामने केंडिल जलाकर केक काटा गया। फिर स्ट्रेचर पर कम्बल रखकर अस्पताल के सभी वार्डो में घूम घूम मरीजों को इस ठिठुरती ठंड में बेड पर झामुमो कार्यकताओं के द्वारा कम्बल मुहैया कराया गया। अंत में मीडिया को संबोधित करते हुए केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रवक्ता राजेश मंडल ने कहा आज हम सभी गोड्डा जिला झामुमो कार्यकर्ता गुरु जी के 81 वाँ जन्मदिन बड़े गौरव के साथ मनाया।उनके संघर्षो के इतिहास के साथ साथ गरीब असहाय लोगों के जनसेवा को ध्यान में रखते हुए मरीजों को कम्बल मुहैया कराया है।साथ ही उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प उठाया है। वहीं जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन ने कहा कि आज तक जिस तरह से गुरु जी का आशीर्वाद हम लोगों को मिलते आया है आगे भी लंबे समय तक आशीर्वाद मिलता रहे ,ईश्वर से कामना करते है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष बासुदेव सोरेन, केंद्रीय समिति सदस्य सह प्रवक्ता सह पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश मंडल, जिला सचिव मो अजीमुद्दीन, जिला उपाध्यक्ष घनश्याम यादव, शमशाद अंसारी, राज कुमार दास आदि दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## अज्ञात चोरों द्वारा घर से सोने व चांदी के आभूषण की चोरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**गोड्डा।** एक जनवरी 2025 को बलबड्डा थाना क्षेत्र के कुमरडीहा ग्राम में अज्ञात चोरों द्वारा घर से सोने व चांदी के आभूषण की चोरी की गई थी। जिसके संदर्भ में बलबड्डा थाना कांड संख्या 03/25 अंकित त्वरित कार्रवाई करते हुए एसडीपीओ महागामा के नेतृत्व में एक टीम का गठन कर कांड में संलिप्त दो आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। दोनो युवक मेहरमा थाना क्षेत्र का निवासी है। एस डी पी ओ महगामा चंद्र शेखर आजाद के नेतृत्व में बलबड्डा थाना प्रभारी और कुछ पदाधिकारी के सहयोग से चोरी गई सारा सामान बरामद कर चोरो को न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया।

## तालाब में नहाने के दौरान किशोर के डूबने से मौत, शव की तलाश जारी

**दुमका।** जिले के रानेश्वर प्रखंड के सालतोला पंचायत के भोड़ाबाली गांव में भूमि संरक्षण विभाग के तहत बने तालाब में शनिवार की दोपहर नहाने के क्रम में एक नाबालिग युवक का डूबकर मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। नाबालिग 17 वर्षीय युवक रसिक सोरेन उम्र लागभग 17 वर्ष बताया जा रहा है। मामले में रानेश्वर थाना प्रभारी बलराम कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर मृतक के शव को खोजने में जुट गये। बताया जा रहा है कि तालाब में काफी गहराई है। तालाब में लागभग आठ फीट पानी है। स्थानीय लोगो के मदद से तालाब में नेट (मछली पकड़ने वाला जाल) चलाया। लेकिन बच्चे का शव नही मिला।

# स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस सह पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** शनिवार को अनपति देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर फुसरो में स्वामी विवेकानंद जयंती मनाई गई। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्या भारती झारखंड के प्रदेश सचिव अजय तिवारी, धनबाद विभाग के प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय उपस्थित रहे। अपने विद्यालय के सचिव अमित कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार अग्रवाल, कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन के सचिव धीरज कुमार पाण्डेय, स्टाफ क्वार्टर विद्या मंदिर के अध्यक्ष ओम शंकर सिंह, सचिव सुमित बंसल एवं प्रधानाचार्य परमानंद सिंह, पूर्व आचार्य के रूप में सुनील चंद्र झा, प्रभुनाथ मिश्र,उपेंद्र कुमार सिंह,आचार्या सविता सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। जिनका स्वागत अंग वस्त्र एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना सभा में मुख्य अतिथि अजय तिवारी धनबाद विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय,अमित कुमार सिंह, दीपक कुमार अग्रवाल, धीरज कुमार पाण्डेय, प्रधानाचार्य पंकज कुमार मिश्रा के द्वारा सामूहिक रूप से विवेकानंद जी के प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया गया।प्रधानाचार्य के द्वारा अतिथियों का परिचय सह स्वागत अंग वस्त्र देकर किया गया। अतिथियों का स्वागत बहनों ने स्वागत गीत के साथ किया।कार्यक्रम की प्रस्तावना विभाग प्रमुख विवेक नयन पाण्डेय के द्वारा दिया गया। जिसमें उन्होंने आए हुए पूर्व भैया बहनों का स्वागत करते हुए कहा कि पूर्व छात्र भैया बहन विद्या भारती रूपी वृक्ष की शाखाएं है,जो आज विश्व के अलग अलग देशों में भारत का परचम लहरा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व भैया बहन ही विद्या भारती की मूल पूंजी है।



## कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में मनाया गया स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती

**बेरमो।** कथारा डीएवी पब्लिक स्कूल में स्वामी विवेकानंद जी की 162वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। विशेष प्रार्थना सभा में प्राचार्य सह निदेशक डीएवी स्कूल झारखंड जोन बिपिन राय एवं सभी शिक्षकों ने विवेकानंद जी के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। प्राचार्य श्री राय ने आज के दिन की सभी को शुभकामना देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानंद जैसे महापुरुष सदियों में एक बार ही जन्म लेते हैं, जो अपने जीवन के बाद भी लोगो को निरंतर प्रेरित करने का कार्य करते हैं।

## स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस मना

**बेरमो।** शनिवार की पूर्व संध्या पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य लक्ष्मी नारायण की अध्यक्षता में जंतु शास्त्र सभागार में राष्ट्रीय युवा दिवस दीप प्रज्वलित करके मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्वामी विवेकानंद जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरू किया गया।

## पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन

**बेरमो।** कस्तूरबा श्री विद्या निकेतन में स्वामी विवेकानंद जयंती की पूर्व संध्या पर स्वामी विवेकानंद जयंती और पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय सचिव धीरज कुमार पांडे, प्राचार्य रणसुमन सिंह व पूर्व छात्र परिषद शैलबाला कुमारी, कुमार गौरव, प्रदीप महतो एवं पूर्व छात्राओं द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की मूर्ति पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन किया गया।

स्पीड न्यूज

## अक्षरा सिंह की फिल्म अक्षरा हुयी रिलीज



मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार अभिनेत्री अक्षरा सिंह की देशभक्ति से परिपूर्ण भोजपुरी फिल्म 'अक्षरा' रिलीज हो गयी है। फिल्म अक्षरा को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स भोजपुरी के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। फौजी तथा शिक्षिका के फर्ज और जिम्मेदारी पर आधारित फिल्म 'अक्षरा' में केंद्रीय भूमिका में जहां शिक्षिका के रूप में अक्षरा सिंह साक्षरता अभियान को बढ़ावा देती है।

## सुकमा में 11 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

सुकमा। छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में नक्सलियों को शनिवार को उस समय गहरा झटका लगा जब 46 लाख रुपये की इनामी में दो महिला समेत नौ हार्डकोर नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया।
पुलिस अधीक्षक किरण चौहान ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले दो नक्सलियों पर आठ-आठ और चार नक्सलियों पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम घोषित था। नक्सलियों पर कुल 46 लाख का इनाम घोषित था।

## आप विधायक गोगी की गोली लगने से मौत

लुधियाना । पंजाब में सत्तारूढ़ आप के लुधियाना (पश्चिम) से विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी (58) की शुक्रवार देर रात उनके आवास पर रहस्यमय परिस्थितियों में गोली लगने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उनके सिर में गोली लगी थी। उन्हें डीएमसी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।

## हवाई हमले से गाजा में 22 लोगों की मौत

गाजा। इजरायली हवाई हमलों में शुक्रवार को एक पत्रकार सहित कम से कम 22 फिलिस्तीनियों की जान चली गई। ईंधन की कमी से जूझ रहे गाजा में संचार ब्लैकआउट होने का खतरा है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। गाजा शहर के शुजैय्या पड़ोस में लोगों के एक समूह को निशाना बनाकर किए गए हवाई हमले में आठ लोगों की मौत और कई लोगों के घायल हो गये।

# महाकुंभ में कल्पवास करेंगी एप्पल के सह-संस्थापक की पत्नी पॉवेल

## दुनिया की सबसे धनी महिला ने बाबा बिश्वनाथ से लिया आशीर्वाद

एजेंसी




वाराणसी। दुनिया की सबसे धनी महिलाओं में से एक एप्पल के सह-संस्थापक दिवंगत स्टीव जॉब्स की पत्नी लारेन पॉवेल जॉब्स आध्यात्मिकता और भारतीय संस्कृति की खोज में भारत यात्रा पर हैं। वह प्रयागराज में महाकुंभ के दौरान संगम में पवित्र डुबकी लगाकर सनातन परंपराओं का अनुभव करेंगी। इसके साथ ही, पॉवेल महाकुंभ में साधुओं और संतों की संगति में समय बिताते हुए भारतीय संस्कृति को नजदीक से समझने की कोशिश करेंगी।

गंगा आरती में हुईं शामिल : 61 वर्षीय लारेन पॉवेल भारत आने के बाद सबसे पहले काशी पहुंचीं। यहां वह कैंटोनमेंट क्षेत्र के एक होटल में ठहरीं और काशी के प्रमुख स्थलों का भ्रमण किया। शनिवार को उन्होंने गंगा में नौकायन किया, बाबा विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किए, और काशी की विश्व प्रसिद्ध सायंकालीन गंगा आरती में भी हिस्सा लिया। प्रयागराज में 13 जनवरी से शुरू हो रहा महाकुंभ 45 दिनों तक चलेगा, यहां पॉवेल लगभग 10 दिनों तक कल्पवास करेंगी। इस दौरान वह श्रीनिरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में ठहरेंगी। आध्यात्मिक गुरु कैलाशानंद जी महाराज ने बताया कि पॉवेल महाकुंभ में अपने गुरु से मिलने आ रही हैं। यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है और वह साधना, ध्यान, और तप के माध्यम से आत्मिक शांति और ज्ञान प्राप्त करने की इच्छा रखती हैं। स्टीव जॉब्स और भारत के बीच का आध्यात्मिक रिश्ता गहराई से जुड़ा हुआ है। स्टीव जॉब्स को बचपन से ही भारतीय दर्शन और अध्यात्म में गहरी रुचि थी। 1970 के दशक में, जॉब्स नैनीताल के कैंची धाम गए थे, जहां बाबा नीम करौली के प्रति उनकी अगाध श्रद्धा थी। अपने जीवन में उन्होंने भारतीय संतों और साधुओं से प्रेरणा ली। स्टीव जॉब्स की तरह उनकी पत्नी लारेन पॉवेल भी हिंदू और बौद्ध धर्म से प्रभावित हैं और इन परंपराओं को समझने के लिए गहराई से प्रयासरत हैं। महाकुंभ में पॉवेल का कार्यक्रम बेहद खास होगा। वह संगम में स्नान, साधुओं के सान्निध्य में ध्यान, और पूजन में हिस्सा लेंगी। कैलाशानंद जी ने कहा कि पॉवेल का यह निजी कार्यक्रम है, जहां वह आत्मिक शांति और आध्यात्मिक ज्ञान की तलाश में आई हैं।

▸▸ स्टीव जॉब्स और भारत के बीच का आध्यात्मिक संबंध गहराई से जुड़ा हुआ है

### नाम मिला कमला और गोत्र में दी गयी जगह

स्वामी कैलाशानंद जी ने पत्रकारों से बातचीत में बताया कि पॉवेल का नया नाम 'कमला' रखा गया है। उन्हें बेटी की तरह अपनाया गया है और उनके लिए गोत्र भी निर्धारित किया गया है। स्वामी जी ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि वह हमारी परंपराओं और संस्कृति के बारे में जानने की उत्सुकता रखती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि पॉवेल संभवतः अखाड़े की पेशवाई (शाही स्नान से पहले होने वाला भव्य जुलूस) में भी शामिल हो सकती हैं।

## मोदी आज 3 हजार युवा नेताओं से करेंगे संवाद

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में भाग लेंगे और देशभर से आए तीन हजार सक्रिय युवा नेताओं से बातचीत करेंगे। यह आयोजन स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को पोस्ट किया कि भारत की युवा शक्ति को श्रद्धांजलि। 12 जनवरी, एक बहुत ही खास दिन है क्योंकि यह स्वामी विवेकानंद की जयंती है।मैं पूरा दिन अपने युवा मित्रों के साथ विकसित भारत युवा नेता संवाद-2025 में बिताऊंगा। बातचीत और दोपहर के भोजन के दौरान हम विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे।

# लॉस एंजिल्स में आग का तांडव जारी, 12000 से इमारतें स्वाहा

## मृतकों की संख्या हुयी 11, हजारों लोग हुये पलायन

एजेंसी



वॉशिंगटन। अमेरिका के कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में जंगल की आग ने एक बड़े इलाके को तबाह कर दिया है, जिससे हजारों लोगों को पलायन करने पर मजबूर होना पड़ा है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, अधिकारियों ने बताया कि इस बीच 11 लोगों ने जान गंवा दी। वहीं, आग से 12 हजार से ज्यादा इमारतें नष्ट हो गए। आग ने 58 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र को जला दिया है। इसके अलावा, जोखिम अभी बना हुआ है, क्योंकि शनिवार रात को फिर से हवाएं तेज होने का अनुमान है, जो आग को भड़का सकती हैं। रविवार को भी हवाओं के तेज होने का पूर्वानुमान है। पैलिसेड्स में सबसे बड़े इलाके में फैली आग शुक्रवार रात को भी धधकती रही। उत्तरी लॉस एंजिल्स काउंटी में अल्टाडेना के ऊपर ईटन इलाके की आग के कारण कम से छह लोगों की जान चली गई। आग ने 21 वर्ग मील से ज्यादा क्षेत्र को जला दिया है, जिससे विनाश के भयावह तस्वीरें सामने आई हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स के एनकिनो और ब्रेंटवुड क्षेत्रों के लिए और ज्यादा निकासी आदेश और चेतावनियां साझा की हैं। राष्ट्रीय मौसम सेवा अब भी लॉस एंजिल्स और वेंचुरा काउंटियों में बुधवार तक आग लगने के गंभीर खतरे की चेतावनी दे रही है। फायफाइटर्स आग पर पूरी तरह से काबू पाने की कोशिश कर रहे हैं। कर्मचारियों ने लॉस एंजिल्स में घातक आग को बुझाने के दिनभर के प्रयासों में कुछ प्रगति की सूचना दी है, लेकिन अब भी निकासी के आदेश के तहत 100,000 से ज्यादा निवासी हैं। कोस्टल पैलिसेड्स की आग पर कम से कम आठ फीसदी काबू पा लिया गया है लेकिन यह मेंडविल कैन्यन क्षेत्र में पूर्व की ओर बढ़ रही है।

**पोप फ्रांसिस ने जताया शोक** : पोप फ्रांसिस ने कहा कि वह लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग से हुई जान-माल की हानि और व्यापक विनाश से दुखी हैं और प्रभावित लोगों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं। कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय ने शुक्रवार देर रात छात्रों से संभावित निकासी के लिए तैयार रहने को कहा क्योंकि पैलिसेड्स की आग के कारण निकासी चेतावनियां परिसर के करीब बढ़ा दी गई थीं।

## अयोध्या में रामलला के भव्य मंदिर देख रही है देश-दुनिया : योगी



अयोध्या। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्य को अधिक दिनों तक धुंधला करके कोई नहीं रख सकता है। सत्य एक दिन उजागर होगा। देश-दुनिया सत्य के रूप में अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु रामलला के भव्य मंदिर देख रही है। प्रभु राम के भव्य मंदिर का निर्माण दुनिया में दबी-कुचली सभ्यता एवं संस्कृति के लिए संदेश भी है कि लोकतांत्रिक, संविधान सम्मत तरीके से अधिकार लिए जा सकते हैं। अयोध्या में रामजन्मभूमि के लिए हुए अनगिनत बलिदान एवं उन सब मूल्यों के साथ अग्निपरीक्षा के दौर से बार-बार गुजरने के बाद भी धैर्य न खोना इस अभियान का हिस्सा रहा है। विश्वास है कि हम सब इस पथ के अनुगामी बनेंगे। मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन की पहली वर्षगांठ पर शनिवार को आयोजित प्रतिष्ठा द्वादशी कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

# विकसित भारत यात्रा के साथ जुड़ें युवा : राजनाथ

एजेंसी

▸▸ भारत को दुनिया में नयी पहचान दिलायेगी युवाओं के सपने और प्रतिबद्धता



नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने युवाओं से अपनी क्षमता और आकांक्षाओं को 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा के साथ जोड़ने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में आईआईएमटी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए जोर देकर कहा कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के राष्ट्रीय संकल्प को साकार करने में देश के युवा उत्साही मस्तिष्क निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं के सपने, प्रतिबद्धता और सोच भारत को दुनिया में नई पहचान दिलाएगी। उन्होंने कहा कि किसी भी देश की ताकत उसके युवा मस्तिष्क के ज्ञान, कौशल और दृढ़ संकल्प में निहित होती है। रक्षा मंत्री ने हर युग के अपने नायक होते हैं कहावत का हवाला देते हुए युवाओं को देश के भविष्य का नायक बताया। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित छात्रों से कहा कि युवाओं की सबसे बड़ी ताकत उनका आशावाद है, जो उन्हें हर कठिनाई में अवसर देखने की शक्ति प्रदान करता है। श्री सिंह ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में वैश्विक मंच पर देश के बढ़ते कद पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जब भारत बोलता है, तो पूरी दुनिया सुनती है। उन्होंने कहा कि भारत ने मजबूत, सुरक्षित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनने की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है, जो अपनी धरती पर अत्याधुनिक रक्षा उपकरण बना रहा है।

# कोलंबिया में विमान क्रैश, 10 लोगों की मौत

बोगोटा । दक्षिण अमेरिकी देश कोलंबिया में एक छोटे विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने से 10 लोगों की मौत हो गई है। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना उत्तर-पश्चिमी कोलंबिया के एक ग्रामीण इलाके में हुई। अधिकारियों ने बताया कि यह विमान पैसिफिका ट्रैवल द्वारा संचालित किया जा रहा था। विमान बुधवार को जुराडो से मेडेलिन के लिए उड़ान भरने के बाद लापता हो गया था। विमान का मलबा एंटिओक्विया विभाग के उराओ नगरपालिका के एक दूरदराज के इलाके में मिला। विमान में चालक दल के दो सदस्य और आठ यात्री सवार थे। एंटिओक्विया के जोखिम प्रबंधन विभाग के निदेशक कार्लोस रियोस पुएर्ता ने कहा कि इस हादसे में दुर्भाग्यवश, कोई भी जीवित नहीं बचा। शवों की बरामदगी के लिए 37 कर्मचारी राहत एवं बचाव कार्य कर रहे हैं, लेकिन खराब मौसम के कारण इस कार्य में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि इस कार्य को जमीन पर किया जा रहा है क्योंकि खराब मौसम के कारण हेलीकॉप्टरों की मदद नहीं मिल पा रही है।




### प्रधानमंत्री कल जेड-मोड़ सुरंग का करेंगे उद्घाटन



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को को श्रीनगर-लेह राजमार्ग पर एक महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजना, बहुप्रतीक्षित जेड-मोड़ सुरंग का उद्घाटन करने के लिए जम्मू और कश्मीर का दौरा करेंगे। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शनिवार को तैयारियों की समीक्षा की। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री अब्दुल्ला की पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए लिखा कि मैं सुरंग के उद्घाटन के लिए जम्मू-कश्मीर के सोनमर्ग की अपनी यात्रा का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। पीएमओ के अनुसार लगभग 12 किलोमीटर लंबी सोनमर्ग सुरंग परियोजना का निर्माण 2,700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से किया गया है। इसमें सोनमर्ग मुख्य सुरंग, निकास सुरंग और पहुंच मार्ग शामिल हैं। समुद्र तल से 8,650 फीट की ऊंचाई पर स्थित यह परियोजना भूस्खलन और हिमस्खलन मार्गों को दरकिनार करते हुए लेह के रास्ते श्रीनगर और सोनमर्ग के बीच सभी मौसम में संपर्क को बढ़ाएगी और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण लद्दाख क्षेत्र में सुरक्षित और निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करेगी। यह सोनमर्ग को साल भर घूमने लायक जगह में बदलकर पर्यटन को भी बढ़ावा देगी।

